खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

अधिकतम : 37°C
न्यूनतम : 22°C

मुरादाबाद, रविवार 24 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 278 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2083 | 6 जिलहिज्जा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

तीन बार ईंधन मूल्य में वृद्धि, सरकार में नेतृत्व संकट का संकेत : खड़गे पेज 2



एसआरएच के खिलाफ मैच के बाद कोहली ने हेड से नहीं मिलाया हाथ खेल टाइम्स

ट्रम्प की धमकियों पर ईरान का पलटवार पेज 11

'पेड्डी' दे सकती है रामचरण के करियर को नई पहचान बॉलीवुड

संक्षिप्त समाचार

ऐश्वर्या राय बच्चन फ्रांस के कान्स में आयोजित 79वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में फिल्म द बर्थडे पार्टी के प्रीमियर के दौरान।

सुप्रीम कोर्ट ने मामलों की लिस्टिंग को लेकर नया आदेश किया जारी

नई दिल्ली। ईद- उल-अज़हा (बकरीद) की छुट्टी में बदलाव के कारण सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने मामलों की लिस्टिंग को लेकर नया आदेश जारी किया है। सीजेआई के निर्देशानुसार, अब 28 मई को अदालत में छुट्टी रहेगी और 27 मई को नियमित कामकाज होगा। अधिवक्ता और वादकारी ध्यान दें कि 28 मई के सूचीबद्ध मामले अब एक दिन पहले यानी 27 मई को ही सुनवाई के लिए टेक-अप किए जाएंगे।

नीट पेपर लीक की आरोपी फिजिक्स टीचर सस्पेंड

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के स्कूल सेठ हीरालाल सरस्वती प्रशाला ने सीनियर फिजिक्स लेक्चरर मनीषा संजय हवलदार को नीट पेपर लीक में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तारी के बाद तुरंत सस्पेंड कर दिया है। स्कूल सेक्रेटरी डा. सतीश गावड़े ने बताया कि मनीषा, 1992 से संस्थान में फिजिक्स की लेक्चरर हैं। उनके पास एमएससी, बीएड की डिग्री है। वह 30 जून को रिटायर होने वाली हैं। गावड़े ने मनीषा के इस काम को छात्रों, संस्थान और देश के साथ विश्वासघात बताया।

अमरनाथ से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीरें आई

श्रीनगर। अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले शनिवार को बाबा बर्फानी की पहली तस्वीरें सामने आ गई हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि 6 से 7 फीट का शिवलिंग अपना आकार ले चुका है। इस दौरान सुरक्षा के लिए तैनात जवानों ने सबसे पहले शिवलिंग के दर्शन भी किए। अमरनाथ यात्रा इस साल 3 जुलाई 2026 से शुरू होकर 9 अगस्त 2026 तक चलेगी। इन दिनों रास्ते में सामान्य जगहों पर 6 से 8 फीट और हिमस्खलन वाले इलाकों में 10 से 12 फीट तक बर्फ जमी है।

राघव चड्ढा रास की याचिका समिति के अध्यक्ष बने

नई दिल्ली। 'आप' छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राघव चड्ढा को उच्च सदन की याचिका समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने हाल ही में राज्यसभा की याचिका समिति का पुनर्गठन किया था। उन्होंने इस समिति के लिए सदन के दस सदस्यों को मनोनीत किया है और श्री चड्ढा को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

ट्रम्प ने पीएम मोदी को दिया अमेरिका आने का न्योता

अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो दिल्ली में प्रधानमंत्री से मिले, अमेरिकी मीडिया बोली: यह डैमेज कंट्रोल की कोशिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सेवा तीर्थ में मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से पीएम मोदी को अमेरिका आने का न्योता दिया। दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, रणनीतिक तकनीक और इंडो-पैसिफिक सहयोग समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में पश्चिम एशिया की स्थिति और ईरान संकट पर भी बातचीत हुई। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और अमेरिकी अंडर सेक्रेटरी एलिसन हूकर भी मौजूद थीं। रुबियो की यह यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के चीन दौरे के सिर्फ 7 दिन बाद हो रही है। ऐसे में अमेरिकी मीडिया का कहना है कि रुबियो की यह यात्रा सिर्फ कूटनीतिक नहीं बल्कि डैमेज कंट्रोल मिशन भी है। ट्रम्प की हालिया चीन यात्रा ने एशिया की राजनीति में नई बेचैनी पैदा कर दी है। बीजिंग में ट्रम्प ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की खुलकर तारीफ की। उन्होंने शी को महान नेता और खास दोस्त बताया। रिपोर्ट के मुताबिक, रुबियो का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है।



■ दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, रणनीतिक तकनीक और इंडो- पैसिफिक सहयोग आदि मुद्दों पर चर्चा की

भारत का तीसरा सबसे बड़ा तेल सप्लायर बना वेनेजुएला

नई दिल्ली। होर्मुज स्ट्रेट बंद होने के बाद वैश्विक तेल बाजार में उथल-पुथल मच गई है। ऐसे वक्त में जब मिडिल ईस्ट के देशों की तेल सप्लाई पर असर पड़ा, तब वेनेजुएला अचानक भारत का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल सप्लायर बनकर उभरा है। एनर्जी ट्रैक करने वाली एजेंसी केप्लर के डेटा के मुताबिक, वेनेजुएला ने मई 2026 में सऊदी अरब और अमेरिका दोनों को पीछे छोड़ दिया है। अभी केवल रूस और यूएई ने ही वेनेजुएला से ज्यादा तेल सप्लाई किया है। रिपोर्ट के मुताबिक इस महीने भारत को वेनेजुएला से होने वाली तेल सप्लाई अप्रैल के मुकाबले करीब 50 फीसदी बढ़ गई है।

19वें रोजगार मेले में 51000 युवाओं को जॉब लेटर मिले

नई दिल्ली। पीएम मोदी ने 51 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी के लिए अपाइंटमेंट लेटर दिए। इसमें चुने गए युवाओं को रेलवे, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य विभाग, वित्तीय सेवा और उच्च शिक्षा समेत कई सरकारी विभागों में नौकरी मिली। देश के 47 शहरों में हुए 19वें रोजगार मेले में पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये शामिल हुए। उन्होंने युवाओं से बातचीत भी की। इससे पहले देशभर में 18 रोजगार मेले हो चुके हैं, जिनमें करीब 12 लाख युवाओं को अपाइंटमेंट लेटर दिए जा चुके हैं। पीएम मोदी ने कहा मैंने कई देशों की बड़ी कंपनियों के नेताओं के साथ बातचीत की।

लश्कर की करतूत था पहलगाम हमला

NIA की चार्जशीट में खुलासा, पाकिस्तान के कसूर में रहता है मास्टरमाइंड साजिद जट्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। कश्मीर के पहलगाम में पिछले साल 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ था। यह खुलासा नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की चार्जशीट में हुआ है। हमले का मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा आतंकी सैफुल्लाह उर्फ सैफुल्लाह साजिद जट्ट उर्फ लंगड़ा था। साजिद, पाकिस्तान के लाहौर में कसूर में रहता है।

साजिद जट्ट ही आतंकियों का मेन हैंडलर था। हमले के दौरान उसने तीनों आतंकियों से लगातार संपर्क बनाए रखा। वह उन्हें रियल टाइम डायरेक्शन दे रहा था। उसने ही हमले वाली जगह बैसरन वैली की लोकेशन भेजी थी। हमले के दौरान भी वह लगातार आतंकियों से बात कर रहा था। 15 दिसम्बर 2025 को दाखिल चार्जशीट की डिटेल्स अब सामने आई हैं। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम से 6 किमी दूर बैसरन घाटी में आतंकी हमले में 26 टूरिस्ट्स की मौत हुई थी। 16 लोग घायल हुए थे। लोगों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर निशाना बनाया गया था। एनआईए चार्जशीट के मुताबिक टूरिस्ट गाइड परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार वक्त रहते जानकारी देते, तो हमला को टाला जा सकता था। दोनों गाइड ने आतंकियों को बैसरन में देखा था, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों को नहीं बताया। दोनों गाइड्स गिरफ्तार हो चुके हैं। हमले से एक दिन पहले तीनों आतंकियों ने गाइड परवेज की झोपड़ी में खुदा के नाम पर मदद मांग कर खाना खाया। जाते वक्त रोटी-सब्जी भी साथ ले गए थे। तीनों आतंकियों ने फायरिंग से पहले बैसरन घाटी में एक पेड़ के नीचे खाना खाया। वारदात के बाद तीनों ने धार्मिक नारे लगाते हुए हर्ष फायरिंग भी की थी। चार्जशीट के मुताबिक यह हमला धर्म के आधार पर टारगेटेड मर्डर का है, जिसमें 25 टूरिस्ट और एक लोकल की मौत हुई। 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव में मारे गए तीन पाकिस्तानी आतंकियों को भी आरोपी बनाया है। साजिद, 2005 में बॉर्डर क्रॉस करके दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में घुसा था। पैर में गोली लगने के कारण साजिद नकली पैर लगाता है। इसलिए उसे लंगड़ा कहा जाता है। उस पर भर्ती, फंडिंग, घुसपैठ और आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट देने के आरोप हैं। 2019 में साजिद जट्ट लंगड़ा ने ही लश्कर के प्रॉक्सी द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को खड़ा किया था। उसे जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों का हैंडलर और ऑपरेशनल कमांडर माना जाता है। एनआईए ने उसे कई हमलों की साजिश से जोड़ा है, जिनमें पहलगाम हमला, डांगरी हमला, पुंछ एयरफोर्स काफिले पर हमला और रियासी बस हमला शामिल हैं। आतंकी लंगड़ा और उसके तीनों गुर्गे 20 अक्टूबर 2024 को श्रीनगर की जेड मोड़ टनल फायरिंग में भी शामिल थे।

■ 2019 में द रेजिस्टेंस फ्रंट बनाया था साजिद जट्ट ही आतंकियों का मैन हैंडलर था

भारत ने हमले के विरोध में पाक पर की थी एयरस्ट्राइक

भारत ने पहलगाम हमले का बदला लेते हुए 6-7 मई की रात 1:05 बजे पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक की। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। भारत ने 24 मिसाइलें दागीं थीं। इसमें 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे।एनआईए के मुताबिक पहलगाम आतंकी हमले में शामिल पाक आतंकी फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान भाई और हमजा अफगानी को सुरक्षा बलों ने 28 जुलाई, 2025 को ढेर कर दिया था। भारत के टॉप वांटेड में शामिल आतंकी लंगड़ा पर 10 लाख का इनाम है।

तीसरी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल व CNG के दाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में पेट्रोल 87 पैसे महंगा होकर 99.51 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ है। इसके दाम 92.49 रुपये पर पहुंच गए हैं।

इसके अलावा दिल्ली- एनसीआर में सीएनजी की कीमतें 1 रुपये किलो बढ़ गई हैं। इस बदलाव के बाद दिल्ली में सीएनजी अब 81.09 प्रति किलो मिलेगी। पिछले 10 दिन में यह तीसरी बढ़ोतरी है। इससे पहले सरकार ने 15 मई को सीएनजी के दाम 2 रुपये और फिर 18 मई को 1 रुपये बढ़ाए थे। नई कीमतें 23 मई से लागू हो गई हैं। ईंधन की कीमतों में 9 दिन में यह तीसरी बढ़ोतरी है। 4 दिन पहले 19 मई को पेट्रोल और डीजल के दामों में एवरेज 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। जबकि, 15 मई को भी कीमतों में 3 प्रति लीटर का इजाफा किया गया था। में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि से ट्रक और टेम्पो का किराया बढ़ जाएगा, जिससे दूसरे राज्यों से आने वाली सब्जियां, फल और राशन महंगे हो जाएंगे। ट्रैक्टर और पंपिंग सेट चलाने के लिए किसानों को ज्यादा खर्च करना होगा, जिससे अनाज की लागत बढ़ेगी। सार्वजनिक परिवहन और स्कूल बसों के किराए में भी इजाफा देखने को मिल सकता है। इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे, जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। क्रूड की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं। इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अगर कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय तक तेजी बनी रहती है, तो पेट्रोल-डीजल की कीमतें और भी बढ़ाई जा सकती हैं।

■ पेट्रोल 87 पैसे, डीजल 91 पैसे और सीएनजी एक रुपये किलो तक हुई महंगी

लेह के पास सेना का चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

नई दिल्ली। लेह के पास पूर्वी लद्दाख के ऊंचे इलाके वाले तांगत्से सेक्टर में एक चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, लेकिन एक वरिष्ठ कमांडर समेत भारतीय सेना के तीन जवान सुरक्षित बच गए।

उन्हें मामूली चोटें आई हैं। यह घटना 20 मई को लद्दाख के ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाके में एक ऑपरेशनल उड़ान के दौरान हुई थी। इस दुर्घटना की जानकारी शुक्रवार को ही सामने आई। लद्दाख दुनिया के सबसे मुश्किल उड़ान वाले इलाकों में से एक है। अधिकारियों के मुताबिक, हेलीकॉप्टर में सेना की तीसरी इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) मेजर जनरल सचिन मेहता सवार थे।

■ तीन अधिकारियों को आईं मामूली चोटें

तेलंगाना में हीटवेव से 16 मौतें

नई दिल्ली। देश का अधिकांश हिस्सा तेज गर्मी और लू की चपेट में है। तेलंगाना में अब तक गर्मी और हीटवेव की वजह से 16 मौतें हो चुकी हैं।

राज्य के राजस्व मंत्री श्रीनिवास रेड्डी ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत के 11 राज्यों में तापमान 40 डिग्री से 47 डिग्री के बीच रहा। इन 11 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। सबसे ज्यादा तापमान यूपी के बांदा में 47 डिग्री और एमपी के नौगांव में 46.8 डिग्री रहा। अगले 2 दिन तक गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। शुक्रवार को दुनिया के 50 सबसे गर्म शहरों की लिस्ट में सभी शहर भारत के रहे। उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा के कई शहर दोपहर से पहले ही 42 से 44 डिग्री तक पहुंच गए। अकेले उत्तर प्रदेश के 22 शहर गर्म शहरों की लिस्ट में थे। सुबह 10:50 बजे ओडिशा का बलांगीर 45 डिग्री के साथ सबसे गर्म शहर रहा। दोपहर होते-होते विदर्भ के ब्रह्मपुरी में देश का सबसे ज्यादा 47.2 डिग्री तापमान रहा।

■ यूपी के बांदा में पारा 47 डिग्री रहा

कॉकरोच जनता पार्टी का दावा: वेबसाइट बंद, इंस्टाग्राम हैक

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने शनिवार को सरकार पर इंस्टाग्राम अकाउंट हैक करने और वेबसाइट बंद करने का आरोप लगाया।

पार्टी ने सुबह 8.25 बजे एक्स पोस्ट में बताया कि सीजेपी का इंस्टाग्राम अकाउंट एक्सेस नहीं कर पा रहे हैं। इसके बाद पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने दोपहर 1.14 बजे एक्स पर कहा कि सरकार ने हमारी वेबसाइट बंद कर दी है। उस पर 10 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। 6 लाख लोगों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग वाली याचिका पर साइन किए थे। अभिजीत ने लिखा कि सरकार कॉकरोच से इतनी डरी हुई क्यों है? लेकिन यह तानाशाही रवैया भारत के युवाओं की आंखें खोल रहा है। आप अकाउंट को हैक करके उन पर रोक लगा सकते हैं, लेकिन आप इस आंदोलन को हैक नहीं कर सकते। इधर, पर्यावरणविद और शिक्षाविद सोनम वांगचुक ने 'कॉकरोच मूवमेंट' का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मैं न बेरोजगार हूं, न आलसी, इसलिए पार्टी का सदस्य नहीं बन सकता। लेकिन मैं खुद को ऑनरेरी कॉकरोच मानता हूं। सोशल मीडिया पर सीजेपी के अकाउंट बनने के बाद 8 दिनों के दौरान इंस्टाग्राम पर दोपहर 2 बजे तक 2 करोड़ 20 लाख फॉलोअर्स हो चुके हैं। एक्स पर पहला अकाउंट ब्लॉक हो गया था। 21 मई को नया अकाउंट बना और उस पर भी फॉलोअर्स की संख्या 2 लाख पार हो चुकी है। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने शुक्रवार को दावा किया था कि उन्हें व्हाट्सएप पर जान से मारने की धमकियां मिली हैं।

■ फाउंडर बोले- सरकार तानाशाह, आंदोलन नहीं रोक सकती, सोनम वांगचुक ने कहा: मैं भी कॉकरोच

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.E.A., M.I.P.S,
Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन,गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997892556, 9997411423

एबीवीपी का जोरदार प्रदर्शन

सड़क पर पुतला दहन करने से लगा जाम, राहगीरों को परेशानी

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। परीक्षा केंद्रों पर कथित अनियमितताओं और नकल माफिया के सक्रिय होने के आरोपों को लेकर शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए सड़क पर पुतला दहन किया, जिससे मुख्य मार्ग पर लंबा जाम लग गया और भीषण गर्मी में राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

एबीवीपी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि कॉलेज के द्वितीय वर्ष के छात्र अनुज शर्मा का परीक्षा केंद्र बाबू ईश्वरी प्रसाद रावल डिग्री कॉलेज, शहजादपुर शेरकोट में पड़ा था।

छात्र संगठन का कहना है कि परीक्षा देने पहुंचे छात्र से कथित रूप से नकल कराने के नाम पर एक हजार रुपये की मांग की गई। आरोप है कि रकम देने से इंकार करने पर छात्र को एक कक्ष से दूसरे कक्ष में भेजा गया और विरोध करने पर उसके साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट की गई। इसके विरोध में छात्र संगठन से जुड़े दर्जनों छात्रों ने नगीना चौराहा पहुंचकर जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया तथा कॉलेज मैनेजमेंट से जुड़ी रश्मि रावल का पुतला दहन किया।

उधर मामले को लेकर शिक्षा विभाग और प्रशासन की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं छात्र संगठन ने पूरे प्रकरण को लेकर आंदोलन तेज करने के संकेत दिए हैं। इस दौरान करीब आधा घंटे तक भीषण गर्मी मे जाम की स्थिति बनी रही।

रोडवेज बस में आग लगने से मची अफरा-तफरी

शाह टाइम्स संवाददाता

हल्दौर। धामपुर से बिजनौर जा रही रोडवेज बस में बीती शाम अचानक आग लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। बस में धुआं भरते ही यात्रियों ने जान बचाने के लिए खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए। चालक की सतर्कता और सूझबूझ से करीब 30 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार धामपुर डिपो की रोडवेज बस शनिवार शाम बिजनौर की ओर जा रही थी। रास्ते में नहटौर क्षेत्र से एक यात्री बस में सवार हुआ, जिसने अपने साथ रखा सामान कंडक्टर सीट के पीछे रख दिया। बताया जा रहा है कि सामान में लोहे की पाइपनुमा वस्तु के साथ गंधक और पोटाश का मिश्रण भी मौजूद था। शाम करीब तीन बजे बस जैसे ही हल्दौर रेलवे फाटक के निकट पहुंची, तभी बस के अंदर

खिड़कियों के शीशे तोड़कर निकले यात्री

अचानक धुआं उठने लगा। घबराए यात्रियों ने बाहर निकलने के लिए बस की खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्थिति बिगड़ती देख चालक हरमेंद्र सिंह ने तुरंत बस रोक दी और आपातकालीन रास्ता खोलकर यात्रियों को तेजी से बाहर निकाला। चालक और स्थानीय लोगों की मदद से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटना के दौरान किसी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण बस में रखा गंधक-पोटाश का मिश्रण माना जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर धामपुर डिपो के एआरएम भी मौके पर पहुंचे और बस को कब्जे में लेकर जांच शुरू करा दी गई है।

एक नजर

चांदपुर में प्राकुल अरेस्ट

चांदपुर। पुलिस ने एक नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। महिला ने 13 मई को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा था कि प्राकुल पुत्र आजाद निवासी मौहल्ला पतियापाड़ा, थाना चांदपुर उसकी नाबालिग पुत्री को अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ गलत काम किया तथा किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने वादिया के प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 275/26 धारा 137 (2), 65 (1), 351 (3) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट में पंजीकृत कर आरोपी की खोज शुरू कर दी थी।

विशाल त्यागी को पीएचडी की उपाधि

स्योहारा। किवाड़ गांव निवासी एवं मधुर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्योहारा में वाणिज्य विषय के प्रवक्ता विशाल त्यागी ने कॉमर्स विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर अपने गांव क्षेत्र तथा शिक्षण संस्थान का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा शिक्षाविदों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है। विशाल त्यागी ने मुरादाबाद क्षेत्र में भारतीय स्टेट बैंक एवं एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के गृह ऋणों का तुलनात्मक विश्लेषण विषय पर शोधकार्य पूर्ण किया। अपने शोध में उन्होंने देश के दो प्रमुख बैंकिंग संस्थानों द्वारा दिए जाने वाले गृह ऋणों का गहन अध्ययन एवं तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया है। उनका यह शोधकार्य साहू जैन पीजी कॉलेज नजीबाबाद के प्रख्यात शिक्षाविद एवं शोध निर्देशक प्रोफेसर डॉ. परमिल कुमार के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। उन्होंने कहा कि किसी भी शोधार्थी की सफलता में गुरु का मार्गदर्शन सबसे बड़ी शक्ति होती है। विशाल त्यागी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने स्व. पिता डॉ. करणवीर सिंह त्यागी, माता श्रीमती रेखा त्यागी, परिवारजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों को दिया। उन्होंने कहा कि परिवार से मिले संस्कार, सहयोग और प्रोत्साहन ने उन्हें हर चुनौती का सामना करने और अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। एक सामान्य परिवार से संबंध रखने वाले विशाल त्यागी ने सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन परिश्रम और समर्पण के बल पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनकी सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत मानी जा रही है। उनकी इस उपलब्धि पर मधुर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्योहारा के प्रबंधक आलोक अग्रवाल, निदेशक सार्थक अग्रवाल, प्रधानाचार्य मेराजुद्दीन सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। वहीं क्षेत्र के शिक्षाविदों, सामाजिक संगठनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने भी इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया।

नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी

चांदपुर। ग्राम शिवाला कलां निवासी राजेन्द्र सिंह पुत्र बलराम सिंह ने पुलिस को 12 फरवरी 2025 को दिए प्रार्थना पत्र में कहा था कि अजय कुमार व प्रीतम सिंह पुत्रगण मुन्ने सिंह निवासीगण ग्राम सैंद्वार, थाना चांदपुर ने डाक विभाग में सिक्योरिटी में नौकरी लगवाने के नाम पर उससे दो लाख अट्ठानवे हजार रुपए की धोखाधड़ी करते हुए कूटरचित नियुक्ति पत्र तैयार कर वादी को दे दिया था। वादी फर्जी नियुक्ति पत्र की शिकायत करने एवं अपनी रकम वापस मांगने लगा, तो आरोपियों ने वादी के व उसके परिजनों के साथ गाली-गलौच व मारपीट तक की तथा जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर चांदपुर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 702/2025 धारा 115 (2), 318(4), 338, 336(3), 340 (2), 316 (2), 352, 351 (2) बीएनएस पंजीकृत कर आरोपी की खोज शुरू कर दी थी। पुलिस ने वांछित चल रहे आरोपी अजय पुत्र मुन्ने सिंह निवासी ग्राम सैंद्वार थाना चांदपुर को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया।

ट्रांसफार्मर खराब होने से 34 गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप

शाह टाइम्स संवाददाता

हल्दौर। पैजनियां बिजलीघर परिसर में स्थापित पांच एमवीए ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आने से करीब 34 गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। भीषण गर्मी में घंटों बिजली बाधित रहने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। नाराज ग्रामीणों ने बिजलीघर पहुंचकर प्रदर्शन किया। स्थिति तनावपूर्ण होती देख कर्मचारी मौके से हट गए।

बताया गया कि शुक्रवार रात ट्रांसफार्मर में अचानक खराबी आ गई, जिससे धनौरी फीडर से जुड़े करीब 25 गांव और करनपुर गांवड़ी फीडर से जुड़े नौ गांव अंधेरे में डूब गए। पूरी रात बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को पेयजल संकट और उमस भरी गर्मी से जूझना पड़ा। ग्रामीणों ने बिजली व्यवस्था में लगातार हो

नाराज ग्रामीणों का बिजलीघर पर प्रदर्शन

रही ट्रिपिंग और अघोषित कटौती पर नाराजगी जताई। सूचना पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश महासचिव कैलाश लांबा, मुख्य मंडल महासचिव वेदप्रकाश चौधरी और राकेश चौधरी समेत कई कार्यकर्ता बिजलीघर पहुंचे। संगठन पदाधिकारियों ने एसडीओ अभयपाल से फोन पर वार्ता कर जल्द आपूर्ति बहाल कराने की मांग की। चेतावनी दी कि जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा। एसडीओ के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए।

थाना परिसर में अमन कमेटी की बैठक

ईद-उल-अजहा को सौहादपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील

शाह टाइम्स संवाददाता

स्योहारा। ईद-उल-अजहा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, सामाजिक लोगों तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने भाग लेते हुए अपने-अपने सुझाव रखे।

बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने शासन के दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि कुर्बानी का पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न की जाए तथा जिन स्थानों पर कुर्बानी की जाए, उन्हें पूरी तरह से ढककर रखा जाए। साथ ही कुर्बानी के अवशेष इधर-उधर न फेंके जाएं और नगर पालिका द्वारा लगाए जाने वाले कर्मचारियों को समय से सौंप दिए जाएं। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा लगातार तीन दिन तक अलग-अलग स्थानों पर गड्ढे खोदकर अवशेषों को दफनाने की व्यवस्था की जाएगी। कुर्बानी से संबंधित सामग्री खुले में लेकर न जाने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि सभी नागरिक एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें और त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। पुलिस प्रशासन नगर एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क रहेगा। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी, अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल एवं प्रधान लिपिक देवेंद्र कुमार ने भी भरोसा दिलाया कि पूर्व की भांति इस बार भी नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका की ओर से पानी की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ कुर्बानी के अवशेषों को समय से उठवा कर दफनाने का कार्य लगातार कराया जाएगा। इस अवसर पर आए हुए लोगों ने पुलिस प्रशासन एवं नगरवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि स्योहारा नगर में हमेशा आपसी भाईचारे और सौहार्द का माहौल रहा है। सभी की भावनाओं का सम्मान करते हुए ही कुर्बानी की जाती है और इस बार भी पूरी जिम्मेदारी एवं शांति के साथ पर्व मनाया जाएगा। बैठक में अनेक गणमान्य नागरिकों के साथ पुलिस विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

थाने के बाहर दो पक्षों में मारपीट महिला समेत कई घायल

स्योहारा। नगर के थाना क्षेत्र में बच्चों के विवाद को लेकर शुरू हुआ मामूली झगड़ा उस समय बड़ा विवाद बन गया। जब दोनों पक्ष शिकायत लेकर थाने पहुंच गए। थाना गेट पर ही दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। इस दौरान दोनों ओर से जमकर लात-घूंसे चले, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि थाना परिसर के बाहर मौजूद पुलिसकर्मियों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। लेकिन कुछ देर बाद थाने के सामने स्थित एक टाइपिंग की दुकान के पास दोनों पक्ष फिर भिड़ गए। वहां दोबारा हुई मारपीट में एक महिला सहित कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। सूत्रों के अनुसार सीएचसी में भी दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई, जिसके बाद पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

पालिका ने सड़कों पर कराया पानी का छिड़काव

शाह टाइम्स संवाददाता

स्योहारा। भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए नगर पालिका द्वारा नगर की प्रमुख सड़कों और बाजार क्षेत्रों में पानी का छिड़काव कराया गया। पालिका की इस व्यवस्था से राहगीरों, दुकानदारों और आम नागरिकों को गर्मी तथा उड़ती धूल से काफी राहत मिली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी के निर्देशन में नगर के मुख्य बाजार, व्यस्त मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर वाटर स्प्रे वाहन के माध्यम से पानी का छिड़काव कराया गया। पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने कहा कि गर्मी के मौसम में नगर वासियों को राहत पहुंचाना पालिका की प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से नियमित रूप से सफाई एवं पानी के छिड़काव का कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए पालिका लगातार कार्य कर रही है। वहीं अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि बढ़ती गर्मी और धूल भरे वातावरण को देखते हुए नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जहां एक ओर सड़कों पर पानी का छिड़काव कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पालिका कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि नगर में साफ-सफाई एवं जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। पालिका प्रशासन ने नगरवासियों से भी स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

मदरसा बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित अरबी व फारसी की मुंशी-मौलवी और आलिम बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 का परिणाम शुक्रवार को दोपहर 3 बजे घोषित कर दिया गया।

परिणाम की घोषणा अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ने ओम प्रकाश राजभर और दानिश अंसारी ने की। मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2026 की मदरसा बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 80,933 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें से 63,211 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 17,722 अनुपस्थित रहे। परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया। राजभर ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिसकी निगरानी सीधे मदरसा बोर्ड मुख्यालय से की गई। इस तरह पूरी परीक्षा नकल-विहीन और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई है। उन्होंने बताया कि सेकेंडरी यानी मुंशी-मौलवी परीक्षा में कुल 62,232 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 47,036 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 15,196 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस स्तर पर दीनियात, फारसी, उर्दू साहित्य, सामान्य अंग्रेजी और सामान्य हिंदी जैसे विषय अनिवार्य थे। राजभर ने बताया कि सीनियर सेकेंडरी यानी आलिम परीक्षा में कुल 18,701 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 16,175 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 2,526 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस स्तर पर दीनियात, फारसी, उर्दू साहित्य और सामान्य अंग्रेजी जैसे विषय अनिवार्य थे।

वहीं गृह विज्ञान, सामान्य हिंदी, तर्कशास्त्र एवं दर्शनशास्त्र, सामाजिक विज्ञान, सामान्य विज्ञान, तिब और टंकण जैसे विषय वैकल्पिक के तौर पर थे। छात्रों के लिए किसी एक वैकल्पिक विषय का चयन अनिवार्य रखा गया था। मदरसा बोर्ड परीक्षा में अरबी और फारसी दोनों भाषाएं शामिल हैं, जिससे पारंपरिक इस्लामिक शिक्षा के साथ भाषाई अध्ययन को भी बढ़ावा मिल रहा है। गौरतलब है कि मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं 9 फरवरी से 14 फरवरी के मध्य आयोजित की गई थीं। परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई। प्रथम पाली सुबह 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें मुंशी और मौलवी की परीक्षाएं कराई गईं। वहीं दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चली, जिसमें आलिम अरबी और फारसी की परीक्षाएं आयोजित की गईं। प्रदेशभर में कुल 277 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा केंद्रों का निर्धारण जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया गया था, जिसे अंतिम रूप से निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण के स्तर पर गठित राज्य स्तरीय समिति द्वारा प्रदान किया गया।

तीन बार ईंधन मूल्य वृद्धि, सरकार में संकट का संकेत

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेट्रोल के दाम में आठ दिन के भीतर तीसरी बार वृद्धि को लेकर सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मौजूदा स्थिति को देखकर लगता है कि सरकार में नेतृत्व का संकट पैदा हो गया है जिसके कारण बार-बार ईंधन के दाम बढ़ाए जा रहे हैं।

■ कच्चे तेल की कीमतें कम रहने के दौरान कोई राहत नहीं दी : खड़गे

खड़गे ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम रहने के दौरान सरकार ने जनता को राहत नहीं दी, बल्कि पेट्रोलियम उत्पादों पर भारी कर लगाकर लोगों पर बोझ डाला और अब संकट की स्थिति में भी सरकार आम लोगों को राहत देने के बजाय बार-बार और लगातार ईंधन की कीमतों में वृद्धि कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोल-डीजल पर रोजाना लगभग 1000 करोड़ रुपये का केंद्रीय कर लगाया गया है, लेकिन जब अंतर्राष्ट्रीय दाम कम थे तब जनता को उसका लाभ नहीं पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के दौरान इटली, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, ब्रिटेन और आयरलैंड जैसे देशों ने अपनी जनता को राहत देने के लिए ईंधन पर करों में कटौती अथवा राहत पैकेज दिए, लेकिन भारत में इसके विपरीत कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि इटली ने ईंधन पर एक्साइज कटौती की, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी ने करों में कमी कर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राहत दी, ब्रिटेन ने घरों को ऑयल सहायता तथा ईंधन एवं बिजली पर करों में राहत दी, जबकि आयरलैंड ने राहत पैकेज के जिरए ईंधन कीमतों में कमी की। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल किया कि वह बताएं 'इस लूट की किश्त किस-किस को जा रही है' और आरोप लगाया कि सरकार में 'लीडरशिप क्राइसिस' वास्तविक है, जिसे अब देश की जनता समझ रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 के पुराने बयानों का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय श्री मोदी पेट्रोल को 30 रुपये प्रति लीटर करने की बात करते थे लेकिन आज कीमतें 100 रुपये प्रति लीटर के करीब पहुंच चुकी हैं। तिवारी ने कहा कि वादा 30 का किया था, लेकिन जनता को 100 रुपये का पेट्रोल मिल रहा है।

कांग्रेस आलाकमान से मिले सतीशन

नई दिल्ली। केरल के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने शनिवार को यहां कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ ही पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार सतीशन ने श्रीमती गांधी तथा खड़गे के अलावा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा केरल के वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा सहित कई अन्य नेताओं से भी मुलाकात की। श्रीमती गांधी से उन्होंने उनके आवास 10 जनपथ में मुलाकात की जबकि खड़गे से मिलने वह उनके 10, राजा जी मार्ग स्थित आवास पर पहुंचे। सतीशन ने कहा कि मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद वह पहली बार दिल्ली आए हैं और इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से शिष्टाचार भेंट की है।

सिंगरौली खनन मामले में संवेदनशीलता से विचार करे सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश के सिगरौली के घने जंगल क्षेत्र में कोयला खनन परियोजना के खिलाफ कानूनी चुनौती का विकल्प अभी खुला है और सरकार को पर्यावरण तथा जनहित से जुड़े इस मामले में संवेदनशीलता के साथ विचार करना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया एक पर लिखा कि पिछले वर्ष मई में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने मध्य प्रदेश के सिगरौली जिले के घने जंगल क्षेत्र में कोयला खनन के एक प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि लगभग 7000 एकड़ का यह क्षेत्र वर्ष 2011 में जंगलों की समृद्धि और हाथी कॉरिडोर की मौजूदगी के कारण खनन के लिए 'नो-गो एरिया' के रूप में चिह्नित किया गया था।

कशिश हत्याकांड में अंजुम गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। शहर कोतवाली पुलिस ने (रामलीला ग्राउंड) के चर्चित कशिश हत्याकांड में अंजुम को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चर्चित कांशीराम कॉलोनी में इक्कीस अप्रैल को कशिश (18 वर्ष) पुत्री जाकिर की चाकू से वार कर उसके कथित प्रेमी राहुल ने हत्या कर दी थी। वारदात के दौरान कशिश घर में अकेली थी। कशिश के साथ अपराध करने में पूर्व में राहुल जेल भी गया था। उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत हुआ था। जेल से आने के बाद भी अभियुक्त राहुल उसे परेशान करते हुए शादी के लिए दबाव बना रहा था। मगर कशिश के परिजन उसकी दूसरी जगह शादी कर रहे थे। मौका पा कर उसने कशिश की जान ले ली थी। अभियुक्त राहुल को सटीक

मुख्य अभियुक्त राहुल को पूर्व में जेल भेजा

सूचना मिली थी कि घर में कशिश अकेली है। इस अभियोग के संबंध में शहर कोतवाली में 21 अप्रैल 26 को मृतका की मां ने अभियुक्त राहुल पुत्र घनश्याम निवासी ग्राम गोकुलपुर के विरूद्ध नामजद तहरीर दी थी। पुलिस ने धारा 103 (1) बीएनएस में मुकदमा अपराध संख्या 306/2026 पंजीकृत किया था। घायल अभियुक्त राहुल को मौके से ही पकड़ लिया गया था। पुलिस ने ही उसका उपचार कराया था। सही होने पर दो मई को राहुल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। विवेचना के दौरान अभियुक्ता अंजुम पत्नी कैदर निवासी ब्लॉक नम्बर 55 और कमरा नम्बर 659 कांशीराम कॉलोनी रामलीला ग्राउंड का भी नाम प्रकाश में आया था। शहर कोतवाली पुलिस ने आज अभियुक्ता अंजुम को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोप है कि अंजुम ने ही अभियुक्त राहुल की मदद की थी। वैसे इस कॉलोनी का माहौल काफी ज्यादा खराब हो गया है। इस कॉलोनी की सख्त निगरानी की जरूरत है।

बुआ और मासूम भतीजे की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

चंदक। मंडावर थाना क्षेत्र में हरिद्वार रोड पर बीती देर शाम तेज रफ्तार कार और बाइक की जोरदार टक्कर में बुआ और तीन वर्षीय भतीजे की मौत हो गई। हादसे में दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद लोगों को शांत कराया।

प्राप्त समाचार के अनुसार चंदक क्षेत्र के खुड़ाहेड़ी ग्राम निवासी राहुल सिंह अपनी पत्नी काजल, तीन वर्षीय बेटे अनुष और बहन काजल (26 वर्ष) पत्नी अतुल के साथ बाइक से बच्चे की दवाई लेने जा रहे थे। बताया गया कि चंदक के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक दुकान के बाहर जाकर रुकी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान तीन वर्षीय अनुष की मौत हो गई, जबकि

उसकी बुआ काजल ने भी दम तोड़ दिया। राहुल और उनकी पत्नी काजल गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। गुस्साएं लोगों ने सड़क पर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण काफी देर तक आक्रोशित रहे। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एक ही हादसे में मासूम बच्चे और उसकी बुआ की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

मजदूर ऑनलाइन ठगी का शिकार

शाह टाइम्स संवाददाता

अफजलगढ़। थाना क्षेत्र के ग्राम मेघपुर निवासी एक मजदूर ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया। पीड़ित ने एक युवक पर अस्पताल के खाते में रुपये जमा कराने के बहाने अपने खाते में रकम ट्रांसफर कराने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मेघपुर निवासी मौहम्मद सलीम पुत्र मौहम्मद यामीन बीती 19 मई को नगर के बस स्टैंड तिराहे पर खड़ा था। इसी दौरान उसकी पत्नी ने कोटद्वार स्थित एक अस्पताल का क्यूआर कोड भेजा, जहां उनके बच्चे का उपचार चल रहा है। पत्नी ने अस्पताल के खाते में 4,580 रुपये जमा कराने के लिए कहा।

सलीम के अनुसार उसने बस स्टैंड पर खड़े एक युवक से क्यूआर कोड स्कैन कर उक्त राशि ट्रांसफर कराने का अनुरोध किया। आरोप है कि युवक ने चालाकी से दूसरा क्यूआर कोड दिखाकर 4,580 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए और भुगतान सफल होने की बात कहकर वहां से चला गया।

कुछ देर बाद पत्नी से बात. चीत होने पर पता चला कि अस्पताल के खाते में कोई रकम प्राप्त नहीं हुई है। इसके बाद

ट्रांजैक्शन हिस्ट्री की जांच करने पर राशि किसी अन्य खाते में जाने की जानकारी मिली। पीड़ित का आरोप है कि लेन-देन के रिकॉर्ड के आधार पर आरोपी की पहचान सनीरूद्दीन पुत्र शमशुद्दीन निवासी थाना चांदपुर क्षेत्र के रूप में हुई है। पीड़ित ने अफजलगढ़ थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। सलीम का आरोप है कि शिकायत दिए जाने के पांच दिन बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है और न ही उसे शिकायत प्राप्त होने की प्राप्ती रसीद दी गई है। उसने बताया कि वह लगातार थाने के चक्कर लगा रहा है, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है।

मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करने वाले सलीम ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर उसकी रकम वापस दिलाने तथा आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

शेख जाकिर को अखिलेश ने दी बड़ी जिम्मेदारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पूर्व सपा जिलाध्यक्ष एवं अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव शेख जाकिर हुसैन को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए बरेली-मुरादाबाद शिक्षक खंड के एमएलसी चुनाव का प्रभारी बनाया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शेख जाकिर हुसैन को राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने यह जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें फार्म 19 को भरवा कर वोट बनवाने एवं चुनाव को गति प्रदान करने के निर्देश दिए गए है। वह सभी पार्टी नेताओं एवं जनप्रति. निधियों के बीच आपसी तालमेल बना कर पार्टी के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने का काम करेंगे।

गौरतलब है कि पूर्व जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन

एमएलसी चुनाव के बनाए गए प्रभारी

सपा के मजबूत नेता है। उनका कार्यकाल एक सफल जिलाध्यक्ष में न तो उन्होंने किसी से चंदा लिया था और न ही गुटबाजी को हवा दी थी। मगर वह पार्टी में मौजूद आरएसएस के एजेंटों की साजिश का शिकार हो गए थे। उनके साथ सभी की सहानुभूति है।

सत्ता परिवर्तन यात्रा को लेकर मंथन

गौहर इकबाल ने कार्यकर्ताओं में भरा नया जोश

शाह टाइम्स संवाददाता

नूरपुर। आजाद समाज पार्टी की सत्ता परिवर्तन यात्रा को लेकर आज महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें पार्टी के प्रदेश महासचिव गौहर इकबाल एडवोकेट ने कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा। यात्रा की सफलता के लिए मंथन किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मुरादाबाद रोड स्थित एक फार्म हाउस में आजाद समाज पार्टी की सत्ता परिवर्तन यात्रा की सफलता के लिए महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह यात्रा चार जून से शुरू होगी। इसको लेकर एक मंडल स्तरीय बैठक आयोजित हुई। राष्ट्रीय महासचिव रविन्द्र भाटी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश जोन प्रभारी गौहर इकबाल एड. ने संयुक्त रूप से कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर एकजुट होकर कमर कस लेनी चाहिए। सभी कार्यकर्ता आने वाली चार जून को राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर की पद यात्रा का

प्रचार प्रसार शुरू कर दे। यह यात्रा पूरे प्रदेश में गांव गांव जाकर पार्टी का प्रचार प्रसार करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता सपा, बसपा और भाजपा की नीतियों से परेशान होकर आजाद समाज पार्टी की और देख रही है। आजाद समाज पार्टी की नीतियों को देखकर भारी संख्या में लोग पार्टी का दामन थाम रहे हैं। केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार में देश भुखमरी कगार पर पहुंच चुका है। हालात बद से बदत्तर हो चुके हैं। मंहगाई चरम सीमा पर है। देश में हाहाकार मचा हुआ है। भाजपा सरकार नफरत फैला कर देश में राज करना चाहती है। देश की जनता भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। गौहर इकबाल एड. ने कहा कि जनपद की आठों सीटों पर पार्टी के प्रत्याशियों की जीत होगी। बैठक को सतपाल चौधरी राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य, डीपी सिंह जोन प्रभारी, महक सिंह राष्ट्रीय कोर कमिटी सदस्य, सरदार जोगेन्द्र सिंह राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य, पुष्पेंद्र राणा मुख्य मंडल प्रभारी, अच्छन अंसारी राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य, सलीम अंसारी, जिला अध्यक्ष सत्येंद्र, भीम सेन हल्दिया, रमेश गंधर्व, जिला महासचिव शहजाद अहमद आदि ने संबोधित किया। संचालन भीम आर्मी जिला अध्यक्ष प्रशांत सागर एवं रागिब सैफी ने किया।

होटल के बाहर युवक युवतियों को लेकर हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

हल्दौर। नगर के बालकिशनपुर चौराहा मार्ग स्थित एक होटल के बाहर शनिवार को युवक-युवतियों को लेकर हंगामा खड़ा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए दोनों पक्षों को थाने ले जाकर पूछताछ की। बाद में समझौता होने पर मामला शांत करा दिया गया।

जानकारी के अनुसार दो युवतियां अपने परिचित युवकों के साथ होटल के बाहर खड़ी थीं। इसी दौरान युवतियों के परिजन मौके पर पहुंच गए। युवकों को युवतियों के साथ देखकर परिजनों ने नाराजगी जताई, जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और माहौल तनावपूर्ण हो गया।

होटल के बाहर हंगामे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए, जिससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक-युवतियों समेत उनके परिजनों को थाने ले गई।

थाने में पुलिस ने सभी पक्षों से पूछताछ की। बाद में आपसी सहमति बनने पर मामला शांत करा दिया गया तथा युवक-युवतियों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस के अनुसार मामले में किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है।

भीषण गर्मी के बीच बिजली आपूर्ति बाधित

शाह टाइम्स संवाददाता

अफजलगढ़। भिक्कावाला क्षेत्र स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र मानियावाला से जुड़े दो दर्जन से अधिक गांवों में लगातार बिजली कटौती, बार-बार ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या से ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। भीषण गर्मी के बीच बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं विद्युत उपकरण भी सुचारू रूप से कार्य नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन 18 घंटे विद्युत आपूर्ति का निर्धारित शेड्यूल होने के बावजूद क्षेत्र में मात्र 8 से 10 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। ग्रामीण उस्मान सैफी, युसूफ कुरैशी, वलायत उल्लाह, मोहम्मद अनस, अनीस अहमद, मिस्त्री रियासत हुसैन, शकील अहमद कुरैशी, रईस अहमद और मतीन अहमद समेत अनेक ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। कई बार पूरी-पूरी रात बिजली गुल रहने से बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से ईद-उल-अजहा के आसपास बिजली आपूर्ति की समस्या अधिक बढ़ जाती है। ग्रामीणों के अनुसार बढ़ते विद्युत भार के कारण ट्रांसफार्मरों के फुंकने और बिजली की तारें टूटने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं, जिससे आपूर्ति व्यवस्था और अधिक प्रभावित हो रही है। इस संबंध में उपखंड अधिकारी भिक्कावाला अमित कुमार ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते बिजली की मांग और लोड में काफी वृद्धि हुई है, जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है।

नर्सिंग होम में ऑक्सीजन सिलेंडर गिरने से बच्चे की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

नजीबाबाद। सराय चौकी क्षेत्र स्थित कृष्णा नर्सिंग होम में स्टाफ की लापरवाही ने एक मासूम की जान ले ली। आरोप है कि अस्पताल परिसर में सुरक्षा इंतजामों की भारी कमी के चलते वहां पर खेल रहे मासूम मौहम्मद अजान पुत्र फैजान निवासी मौहल्ला पठानपुरा चारबाग के ऊपर ऑक्सीजन सिलेंडर गिर गया। गंभीर चोट लगने के बाद उपचार के दौरान बच्चे की मौत हो गई।

घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि अस्पताल में सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही थी। अस्पताल परिसर में ऑक्सीजन सिलेंडर असुरक्षित तरीके से रखे गए थे, जबकि बिजली के तार और विद्युत बॉक्स भी खुले व नीचे लटके हुए बताए जा रहे हैं, जिससे

अस्पताल में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर हंगामा

कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का कहना है कि यदि अस्पताल में सुरक्षा के उचित इंतजाम होते तो मासूम की जान बच सकती थी। घटना के बाद अस्पताल के बाहर हंगामा जारी है और लोग अस्पताल को सील करने की मांग कर रहे हैं।

मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। पुलिस अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय नेता भी मौके पर पहुंच गए हैं। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

अफजलगढ़ पालिका चुनाव

सियासी गलियारों में नए युवा चेहरे की चर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

अफजलगढ़। स्थानीय नगर पालिका परिषद के चुनाव में अभी लगभग दो वर्ष का समय शेष है, लेकिन नगर की राजनीति में अभी से हलचल तेज होती दिखाई दे रही है। विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों से जुड़े संभावित दावेदारों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। वहीं नगर के सियासी गलियारों में एक ऐसे युवा चेहरे की चर्चा जोरों पर है, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि उसके राजनीति में औपचारिक रूप से उतरते ही चुनावी समीकरण बदल सकते हैं।

गुप्त सूत्रों के अनुसार नगर में एक ऐसे युवा का नाम तेजी से चर्चा में है, जो एक प्रतिष्ठित राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखता है और जिसे राजनीति विरासत में मिली है। हालांकि अभी तक उस युवा ने सार्वजनिक रूप से किसी प्रकार की चुनावी दावेदारी या राजनीतिक घोषणा नहीं की है, लेकिन उसके समर्थकों और शुभचिंतकों के

दो साल पहले शुरू हुई राजनीतिक सरगर्मियां

बीच उसे लेकर उत्साह लगातार बढ़ रहा है।

नगर के सामाजिक और राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि उक्त युवा की सबसे बड़ी पहचान उसकी सादगी, शालीनता और सभी वर्गों के लोगों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार है। लोगों का कहना है कि वह बिना किसी भेदभाव के हर समुदाय, हर वर्ग और हर आयु वर्ग के लोगों से आत्मीयता के साथ मिलता-जुलता है। उसकी बातचीत का अंदाज और लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने की प्रवृत्ति उसे अन्य संभावित उम्मीदवारों से अलग पहचान दिलाती है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि वर्तमान समय में मतदाता केवल राजनीतिक नारों के आधार पर नहीं बल्कि उम्मीदवार के व्यक्तित्व, व्यवहार और सामाजिक स्वीकार्यता को भी महत्व दे रहे हैं। ऐसे में यदि यह युवा आगामी पालिका चुनाव में मैदान में उतरता है तो नगर की राजनीति में एक नया अध्याय शुरू हो सकता है। नगर के बुजुर्गों और राजनीतिक विश्लेषकों के बीच यह चर्चा भी सुनने को मिल रही है कि यदि उक्त युवा चुनावी राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाता है तो वर्ष 1965 के राजनीतिक इतिहास की यादें फिर ताजा हो सकती हैं। उनका मानना है कि जिस प्रकार उस दौर में एक युवा नेतृत्व ने लोगों का व्यापक समर्थन हासिल कर नगर की राजनीति को नई दिशा दी थी, उसी प्रकार का माहौल एक बार फिर बनता दिखाई दे सकता है।

हालांकि अभी तक संभावित उम्मीदवार के नाम को लेकर आधिकारिक रूप से कोई पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन नगर में चाय की दुकानों, चौपालों, बाजारों और सामाजिक कार्यक्रमों में इस युवा चेहरे को लेकर चर्चाओं का दौर लगातार जारी है। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि अफजलगढ़ की राजनीति में यह चर्चित युवा चेहरा वास्तव में चुनावी मैदान में उतरता है या नहीं, लेकिन इतना तय है कि उसकी बढ़ती लोकप्रियता ने अभी से राजनीतिक हलकों में उत्सुकता और हलचल पैदा कर दी है।

एक नजर

बाइक सवार की हादसे में मौत

धामपुर। शुगर मिल से ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे एक कर्मचारी की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे देवराज पुत्र सोमपाल सिंह (38 वर्ष) निवासी ग्राम हर्रा शुगर मिल धामपुर से ड्यूटी समाप्त कर अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह विराट मंडप के सामने पहुंचे, तभी अचानक सड़क पर आए एक आवारा पशु को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में देवराज गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और आसपास मौजूद लोगों ने घायल को तत्काल सीएचसी धामपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उनकी जान नहीं बच सकी। उपचार के दौरान देवराज ने दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी देते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र में बढ़ती आवारा पशुओं की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों में भी नाराजगी देखने को मिली। लोगों का कहना है कि सड़कों पर घूम रहे आवारा पशु लगातार हादसों का कारण बन रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा।

नगीना में कृषि विश्वविद्यालय की मांग

नगीना। क्षेत्र के बहुआयामी विकास और युवाओं को स्थानीय स्तर पर आधुनिक शिक्षा व रोजगार से जोड़ने के लिए क्षेत्रवासियों ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया। भाजपा प्रांतीय पार्षद व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एड. रोहित कुमार रवि, ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा और पूर्व विधायक सतीश कुमार गौतम के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं, युवाओं और ग्राम प्रधानों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री को संबोधित 8-सूत्रीय मांगपत्र एसडीएम के प्रतिनिधि को सौंपा। मांग पत्र में दशकों से बंद पड़ी सहकारी कताई मिल की करीब 280 बीघा भूमि और खाली भवनों पर कृषि विश्वविद्यालय स्थापित करने की मांग की गई है। वक्ताओं ने कहा कि इस अनुपयोगी बुनियादी ढांचे का उपयोग होने से भवन निर्माण का 75 प्रतिशत खर्च बच जाएगा। नगीना में पहले से ही धान व गन्ना अनुसंधान केंद्र (200 बीघा फार्म) मौजूद है और जिला बिजनौर में 8 चीनी मिलें संचालित हैं। यहां विश्वविद्यालय बनने से पश्चिम यूपी के 15 और उत्तराखंड के 6 सीमावर्ती जिलों के छात्रों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही नगीना रेलवे स्टेशन की सीधी रेल कनेक्टिविटी से दूर-दराज के छात्रों को सुविधा होगी। प्रदर्शन में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित भारी संख्या में मातृशक्ति व ग्रामीण जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। नगीना सहकारी कताई मिल की 280 बीघा जमीन लंबे समय से विभिन्न सरकारी योजनाओं और जन-आंदोलनों के कारण चर्चा में है, जहां 2017 में हवाई पट्टी और बाद में पीएसी बटालियन का प्रस्ताव रद्द होने के बाद, अब जनता द्वारा एम्स अस्पताल और वर्तमान हैंडीक्राफ्ट व बुनकर इंडस्ट्रियल एरिया के प्रस्ताव का कड़ा विरोध करते हुए कृषि विश्वविद्यालय बनाने की जोरदार मांग उठाई जा रही है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

गैंगस्टर राजकुमार को दस वर्ष की कैद

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। विशेष अपर सत्र न्यायाधीश (गैंग्स्टर एक्ट) अल्का चौधरी ने गैंग बनाकर फिरौती के लिए बालक का अपहरण करने जैसे गंभीर अपराध करने वाले राजकुमार को गैंग्स्टर एक्ट के तहत दस वर्ष की कठोर कारावास और 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक सलीम अख्तर के अनुसार थाना नजीबाबाद में तैनात तत्कालीन थाना अध्यक्ष वीरपाल सिरोही ने थाने में राजकुमार पुत्र रामफूल निवासी गांव मानकपुरी थाना हीमपुर दीपा और एक किशोर के खिलाफ गैंग्स्टर एक्ट के तहत नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि राजकुमार ने अपने साथी किशोर के साथ मिलकर गैंग बना रखा है, जिसका लीडर स्वयं राजकुमार है। यह लोग अपने आर्थिक और भौतिक लाभ के लिए बच्चें का अपहरण कर फिरौती मांगते हैं।

इन दोनों के खिलाफ एक नवंबर 2007 को एक बच्चे का अपहरण कर 17 लाख रुपए फिरौती मांगने का मुकदमा भी दर्ज किया गया था। इन अभियुक्तों की निशानदेही से बालक को बरामद किया गया और 15 लाख रुपए फिरौती के भी बरामद किए थे।

इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश अल्का चौधरी ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध गैंग्स्टर एक्ट के तहत भी रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इस मामले में दूसरे अभियुक्त के नाबालिग होने कारण उसकी पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड सुनवाई के लिए भेज दी गई थी। इस मामले में न्यायाधीश अल्का चौधरी ने राजकुमार को गैंगस्टर एक्ट के तहत दस वर्ष कठोर कारावास एवं पचास हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

एक नजर

पैदल कोर्ट पहुंचे जिला जज

बिजनौर। जिला जज संजय कुमार के साथ कई अन्य न्यायिक अधिकारी शनिवार को अपने आवासों से पैदल जिला कोर्ट पहुंचे। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईंधन बचाने के आह्वान के बाद की गई है। सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने और ईंधन बचत का संदेश देने के उद्देश्य से सभी जज सुबह 10 बजे अपने आवास से पैदल ही कोर्ट पहुंचे। इस दौरान जिला जज संजय कुमार के साथ कई अन्य जज भी मौजूद थे।

दोषी को 25 वर्ष का कठोर कारावास

नगीना। स्पेशल पॉक्सो एक्ट न्यायालय, बिजनौर ने नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के एक मामले में त्वरित सुनवाई करते हुए आरोपी को 25 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोषी पर 55,000/- रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह मामला थाना नगीना क्षेत्र का है। 14 नवंबर 2025 को पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, नगीना कस्बे के मौहल्ला लुहारी सराय के रहने वाले आरोपी मौहम्मद शाहिद पुत्र स्व. वाहिद ने उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने घर ले जाकर उसके साथ गलत काम किया था। जब वादिनी ने इस बात का विरोध किया और शिकायत करनी चाही, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट करने का भी प्रयास किया था।

समाधान दिवस में सुनी शिकायतें

दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण

शाह टाइम्स संवाददाता

अफजलगढ़। जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर प्रशासन गंभीर नजर आया। कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल पांच शिकायतें दर्ज की गईं। जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं लेखपालों को

मौके पर भेजा गया।

समाधान दिवस को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह ने कहा कि पीड़ित को न्याय दिलाना प्रत्येक अधिकारी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी विवाद के कारण शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका हो तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

उन्होंने बताया कि प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वहीं थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी ने कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा और प्रत्येक पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष समाधान कराया जाएगा।

इस अवसर पर कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार, एसआई मनवीर सिंह, एसआई चंद्रप्रकाश गंगवार, एसआई जयवीर सिंह, पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एड., सदस्य कलवा कुरैशी, कानूनगो योगेंद्र कुमार, कानूनगो नरेश कुमार सहित बड़ी संख्या में लेखपाल एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति चरमराई

बिल ज्यादा आने के बावजूद नहीं मिल पा रही बिजली

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। भीषण गर्मी में पूरे जनपद की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। जिससे भाजपा सरकार की छवि पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। विद्युत विभाग के द्वारा पूर्व की तुलना में ज्यादा बिल वसूला जा रहा है और घटिया विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद में विद्युत आपूर्ति की स्थिति हर रोज खराब होती जा रही है। कई-कई घंटे की कटौती की जा रही है और रात को सोने के समय सप्लाई ठप कर दी जाती है। भीषण गर्मी में बढ़ रहा लोड ट्रांसफार्मर बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। जगह-जगह तार टूट रहे हैं और उन्हें सही करने के नाम पर कई घंटे विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाती है। कहीं से लो वोल्टेज की शिकायतें आ रही हैं और कहीं से कई घंटे विद्युत आपूर्ति न मिलने की शिकायतें आ रही हैं। हालात इतने ज्यादा खराब हो चुके हैं कि कभी भी जनता सड़कों पर उतरकर आंदोलन शुरू कर सकती है। प्रशासनिक अधिकारी और विद्युत विभाग के अभियंता हालत को सुधारने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। जब पता था कि भीषण गर्मी में लाइनों पर लोड बढ़ेगा, तो पूर्व से इसका इंतजाम क्यों नहीं किया गया था। उपभोक्ताओं की संख्या और लोड में लगातार इजाफा हो रहा है, लेकिन इसकी तुलना में ट्रांसफार्मर की क्षमताएं नहीं बढ़ाई जा रही हैं। तारों की हालत भी खराब है। खुद विद्युत कर्मचारी भी इससे परेशान है। लेकिन बड़े अभियंताओं की सेहत पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ रहा है। सरकार के द्वारा उनकी जिम्मेदारी तय करते हुए बर्खास्त व सस्पेंड करने की कार्रवाई नहीं की जा रही है। सबसे ज्यादा परेशानी रात को विद्युत कटौती होने की वजह से उपभोक्ताओं को होती है। आधी रात को विद्युत कटौती की जा रही है। जिसकी वजह से नींद खराब हो जाती है और दिन में काम करने पर असर पड़ता है। कई जगह तो इसकी वजह से जलापूर्ति प्रभावित हो रही है। जनपद मुख्यालय के साथ-साथ तहसील मुख्यालयों की हालत खराब है।

गांव और कस्बों की हालत तो सबसे ज्यादा खराब है। उपभोक्ता चिल्ला रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। भाजपा का कोई भी जनप्रतिनिधि और नेता जनता की सुनवाई नहीं कर रहा है। अगर यही हाल रहा, तो आने वाले दिनों में समस्या खड़ी हो सकती है।

किरतपुर में दो दिन सुबह चार घंटे विद्युतापूर्ति रहेगी बाधित

शाह टाइम्स संवाददाता

किरतपुर। नगर के सभी सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि टाउन-1 फीडर पर अत्यधिक लोड (ओवरलोड) होने के कारण विद्युत विभाग द्वारा नया टाउन-4 फीडर तैयार करने का कार्य किया जा रहा है।

विभाग के अनुसार यह कार्य 24 मई से 25 मई तक प्रगति पर रहेगा। इस दौरान प्रतिदिन सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक पूरे शहर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग एवं धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा है कि कार्य पूर्ण होने के बाद विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार होगा तथा ओवरलोड की समस्या से राहत मिलेगी। विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

भीषण गर्मी में विद्युत कटौती से हाहाकार

राजा का ताजपुर। भीषण गर्मी में विद्युत ओवरलोड व ट्रांसफॉर्मर हीट होने के कारण पूरे प्रदेश में विद्युत आपूर्ति के दौरान ट्रिपिंग, कटौती को देखते हुए हाहाकार मचा हुआ। व्यापारियों के नेतृत्व में एक ज्ञापन विद्युत विभाग के अधिकारियों को सौंप गया। ज्ञापन देने वालों में मनोज अग्रवाल, प्रदीप कुमार, डॉ. नौशाद अहमद, डॉ. अजीम फरीदी, शहजाद अहमद, इन्तजार अहमद, डॉ. अरुण अग्रवाल, वीरेंद्र शर्मा महबूब आलम, कमलजीत सिंह नूर, शुभम वालिया आदि ने बिजलीघर पहुंचकर जेई अरुण कुमार धीमान से वार्ताकर एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि दिन में कटोति न हो इसका प्रयास किया जाये। रात्रि में ओवरलोड की वजह से कटौती हो रही हैं। जिसकी वजह से आम जनता बहुत परेशान हैं छोटे छोटे बच्चों में बीमारियां फैल रही है भयंकर गर्मी से लोग परेशान हैं।

भगवान वराह अवतार का वर्णन सुनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

बढ़ापुर। श्रीरामलीला मैदान में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में तीसरे दिन वृंदावन धाम से आए कथावाचक पंडित परमेश्वर भारद्वाज ने श्रद्धालुओं को भगवान वराह अवतार का वर्णन सुनाया और गौ सेवा व सत्य के मार्ग पर चलने के प्रेरित किया।

श्री शिव चुन्नीवाला मंदिर के रामलीला मैदान में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। तीसरे दिन पंडित परमेश्वर भारद्वाज ने सुनाया कि ध्रुव जी महाराज की कथा से हमें यमुना महारानी के किनारे जाना, भगवान का घोर तप कर भगवान को प्रसन्न करके उनसे वरदान प्राप्त करना, गौ माता की सेवा करना और 36000 वर्ष तक भूमंडल पर राज करके शरीर सहित ध्रुव लोक को जाने का ज्ञान प्राप्त होता है। व्यक्ति को सत्य बोलना चाहिए। सत्य से बड़ा कोई धर्म नहीं है। गाय विश्व की जननी है। गौ सेवा करनी चाहिए। जो व्यक्ति गौ माता की सेवा करते हैं, उनके घर में अकाल मृत्यु नहीं हो सकती है। धन का अभाव नहीं रहेगा। उनके घर में सुंदर संतान उत्पन्न होगी। इस दौरान श्री राम सेना संगठन एवं समस्त सनातनियों के सानिध्य में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में जिला अध्यक्ष राजूपाल एवं मातृशक्ति बबीता गुप्ता, बृजेश सैनी, लक्ष्मण सैनी, पवन सैनी, पंडित शशिकांत शर्मा एवं योगेश आचार्य, केशव सनातनी आदि लोग उपस्थित रहे।

एक नजर

गैंग के चार सदस्य गिरफ्तार

नजीबाबाद। थाना नजीबाबाद पुलिस ने होटलों में चेकिंग के नाम पर डरा-धमकाकर अवैध वसूली करने वाले गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 15,000 रुपये नकद, तीन मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर गाड़ी बरामद की है। बाइस मई को वादी सतेंद्र कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी सुभाष नगर डबल खजूरी के पास, नजीबाबाद ने तहरीर दी कि अभियुक्त जगजीत सिंह पुत्र सुखदेव सिंह, प्रियंका पत्नी जगजीत निवासीगण मौहल्ला भारत विहार, थाना कोतवाली शहर, विवेक पुत्र कमल निवासी ग्राम तिमरपुर काशीराम कॉलोनी, अक्षय ठाकुर पुत्र सहदेव निवासी मौहल्ला जेके कॉलोनी, थाना कोतवाली शहर द्वारा उनके होटल में आकर डरा-धमकाकर अवैध रूप से पैसे की मांग करते हुए मारपीट की गई। वादी द्वारा अन्य व्यक्तियों की सहायता से उपरोक्त चारों अभियुक्तों को पकड़कर उनकी गाड़ी स्विफ्ट डिजायर सहित थाने लाया गया। इस पर थाना नजीबाबाद पर मुकदमा अपराध संख्या 237/2026 धारा 308(5)/115(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि 27 को

बिजनौर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उ.प्र. के संस्थापक स्व. बाबू बालेश्वर लाल की 39 वीं पुण्यतिथि पर 27 मई को दोपहर 1 बजे विकास भवन बिजनौर के सभागार में ग्रामीण पत्रकारिता के रूप में ग्रामीण पत्रकारिता में पत्रकारों का दायित्व विषय पर संगोष्ठी आयोजित की जायेगी। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल जी द्वारा स्थापित यह संगठन आज पूरे भारत में ग्रामीण पत्रकारों के अधिकारों की आवाज उठाने वाला एक प्रमुख संगठन बन चुका है। 27 मई को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल जी की 39 वीं पुण्य तिथि पूरे देश में ग्रामीण पत्रकारिता के रूप में मनाई जाएगी। जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी जसजीत कौर बिजनौर, मुख्य वक्ता डॉ. पंकज भारद्वाज, मुख्य संपादक सांध्य दैनिक पब्लिक इमोशन बिजनौर, विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, एसडीएम सदर रितु चौधरी बिजनौर, ग्रापए उ.प्र.के प्रदेश महामंत्री संगठन डा. नरेशपाल सिंह, मुरादाबाद मंडल के नव मनोनीत मंडल अध्यक्ष डा. भानु प्रकाश वर्मा शामिल होंगे। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

साइबर अपराध को लेकर जागरूकता बैठक

झालू। नगर में उत्तर प्रदेश सरकार एवं पुलिस प्रशासन के निर्देश पर चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत मौहल्ला जोशियान में चौकी प्रभारी कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य लोगों को ऑनलाइन ठगी, साइबर अपराध और डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। चौकी प्रभारी कुलदीप सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ठग मोबाइल कॉल, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया, ऑनलाइन लॉटरी, केवाईसी अपडेट, बैंक खाते बंद होने तथा नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी अनजान व्यक्ति को बैंक खाता, एटीएम कार्ड, ओटीपी, यूपीआई पिन या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें। उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक को डिजिटल रूप से सुरक्षित बनाया जाए और साइबर अपराधियों के खिलाफ जनजागरूकता के माध्यम से प्रभावी कार्रवाई की जाए। इसी उद्देश्य से गांव-गांव और मौहल्लों में बैठकें आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी बरतकर साइबर ठगी से बचा जा सकता है। बैठक में लोगों को बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ ऑनलाइन ठगी हो जाती है, तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं अथवा राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर धनराशि को रोका जा सके। इसके अलावा सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से बचने तथा बच्चों और युवाओं को इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस अवसर पर रमाकांत जोशी, अनुराग जोशी, बिट्टू जोशी, कपिल जोशी, अमर सिंह, भीम सिंह, सुरेश कुमार वर्मा, समर, नीरज जोशी सहित मौहल्ले के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, (जनपद बिजनौर)
संख्या: 29/न.पा.परि.बि./2026-27, दिनांक:- 23.05.2026
संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-CA/441 मौहल्ला आदमपुर, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्रीमती राजकली पत्नी स्व. रामचरन सिंह के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अंकित स्वामी के द्वारा वसीयतनामा श्री अभिषेक राना पुत्र श्री अजय कुमार को किया गया है, वसीयतनामा एवं शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी श्री अभिषेक राना पुत्र श्री अजय कुमार का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी

कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, (जनपद बिजनौर)
संख्या: 27/न.पा.परि.बि./2026-27, दिनांक:- 23.05.2026
संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-180 मौहल्ला जाटान बी-3, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्रीमती पुष्पा रानी पत्नी स्व. रमेश चन्द्र के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अंकित स्वामी के द्वारा वसीयतनामा श्री संजय कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. रमेश चन्द्र को किया गया है, वसीयतनामा व मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी श्री संजय कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. रमेश चन्द्र का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी

कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, (जनपद बिजनौर)
संख्या: 24/न.पा.परि.बि./2026-27, दिनांक:- 23.05.2026
संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-369 मौहल्ला जाटान बी-3, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री रशीद पुत्र श्री मुन्नू के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में आवेदिका द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र व पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र तथा शपथ पत्र के आधार पर आवेदिका श्रीमती इरफाना पत्नी स्व. तौफीक ने आवेदन किया है, मृत्यु प्रमाण पत्र व पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र तथा शपथ पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थिनी श्रीमती इरफाना पत्नी स्व. तौफीक का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी

कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, (जनपद बिजनौर)
संख्या: 28/न.पा.परि.बि./2026-27, दिनांक:- 23.05.2026
संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-1197 मौहल्ला नई बस्ती बी-14, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री त्रिभुवन देव पुत्र श्री रामकिशन के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अंकित स्वामी के द्वारा दान-पत्र श्री अभिषेक धीमान पुत्र श्री त्रिभुवन देव को किया गया है, दान-पत्र एवं शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी श्री अभिषेक धीमान पुत्र श्री त्रिभुवन देव का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू.डि.) बिजनौर
मूलवाद सं.-164/2025
रूपचन्द आर्य बनाम योगेन्द सिंह आदि

रूपचन्द आर्य आयु 65 वर्ष पुत्र चोब सिंह निवासी नया ज्ञान विहार निकट न्यायमशाला रशीदपुर गढ़ी, परगना तहसील व जिला बिजनौर।

बनाम

योगेन्द सिंह आयु 65 वर्ष पुत्र उमराव सिंह निवासी ग्राम ज्ञान विहार रशीदपुर गढ़ी, परगना, तहसील व जिला बिजनौर।

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 17.07.2026 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक-17-07-2026
प्रबंधक
सिविल जज जू.डि.
बिजनौर।

संबंध विच्छेद सूचना

मैंने अपनी नाबालिग पौत्रियों करूण आर्य व प्रेरणा आर्य जो कि मेरी पूर्व पुत्र वधु से उत्पन्न है। मैंने व मेरी स्व. पत्नी सुक्खी ने अपनी आराजी काश्त व रिहायशी की वसीयत कर दी थी। इस बात से नाराज हो कर मेरा पुत्र सत्यवीर सिंह इसकी पत्नी रूबी मेरे साथ मारपीट व गाली-गलौच करते है। जान से मारने की धमकी देते है। मारपीट कर घर से निकाल देते है। मैंने इन्हें बहुत समझाया। परन्तु यह अपनी आदतों में सुधार नहीं लाये। मैंने इनसे तंग आकर अपने सामाजिक व पारिवारिक संबंध समाप्त कर लिए है। मैंने अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इन दोनों से मेरा कोई संबंध वास्ता नहीं रहा, न ही मेरी किसी चल व अचल सम्पत्ति में इनका कोई हक रहेगा। क्योंकि मैंने अपनी अचल सम्पत्ति की वसीयत अपनी उपरोक्त दोनों पौत्रियों के नाम कर दी है। **हरि सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम औरंगशाहपुर गंगाधर, थाना नहटौर, जिला बिजनौर।**

संबंध विच्छेद सूचना

मेरा छोटा भाई बहारे आलम व उसकी पत्नी जैनब मुख्तार में शादी के बाद से ही विवाद चल रहा है। दोनों एक-दूसरे पर मुकदमे करने की धमकी देते रहते है। मैंने कई बार इन लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन ये लोग सुनवा नहीं हुए। इस कारण मैंने अपने भाई बहारे आलम व उसकी पत्नी जैनब मुख्तार से अपने सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिए है, उनके किसी भी अच्छे बुरे कार्यों के लिए मैं तथा मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

फखरे आलम पुत्र अफजाल अहमद, निवासी मौहल्ला जोशियान, जिगर कॉलोनी, कस्बा व थाना नहटौर, जनपद बिजनौर।

जन सामान्य सूचना

प्रमोद कुमार पुत्र स्व. प्रीतम शर्मा निवासी ग्राम सुनपता, परगना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर जो दिनांक 10.06.2004 को किसी को बिना बताये कही चला गया। काफी तलाश कराने पर प्रमोद कुमार का कहीं कुछ पता नहीं चला। प्रमोद कुमार की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना कोतवाली देहात में दिनांक 02.04.2004 को दर्ज कराई गई। अगर किसी को प्रमोद कुमार पुत्र स्व. प्रीतम शर्मा कही दिखाई दे, तो वह न्यायालय सिविल जज (सी.डि.) बिजनौर में दिनांक 26.05.2026 तक अवगत कराने का कष्ट करें।

श्रीमती मनोज देवी आयु 48 वर्ष पत्नी स्व. प्रमोद कुमार, निवासी ग्राम सुनपता, परगना नहटौर, तह. चांदपुर, जिला बिजनौर।

जन सामान्य सूचना

राहुल पुत्र विजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम हसनपुर बिल्लौच, परगना बूढ़पुर, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर जो दिनांक 04.10.2017 को सुबह लगभग 9 बजे घर से मुरादाबाद गया था। जो वापस लौट कर घर नहीं आया है। राहुल की गुमशदगी की रिपोर्ट दिनांक 20.10.2017 को थाना नूरपुर में दर्ज कराई गयी। अगर किसी को राहुल पुत्र विजेन्द्र सिंह दिखाई दे, तो वह न्यायालय सिविल जज (सी.डि.) बिजनौर में नियत दिनांक 02.07.2026 तक अवगत कराने का कष्ट करे।

1. विजेन्द्र पुत्र गेंदा सिंह, 2. श्रीमती बीना पत्नी विजेन्द्र सिंह निवासीगण ग्राम हसनपुर बिल्लौच, परगना बूढ़पुर, तह. चांदपुर, जिला बिजनौर

कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री मुजीब उर रहमान** द्वारा **संस्था शाही मस्जिद मुस्लिम चौधरियान इन्तेजामिया कमेटी, मौहल्ला मुस्लिम चौधरियान, स्योहारा, कस्बा व पो. स्योहारा, तह. धामपुर, जिला बिजनौर** का **मोहतमिम/प्रबन्धक** दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. मौ. आरिफ- सदर/अध्यक्ष, अब्दुल मतीन- नायब सदर/ उपाध्यक्ष, 3. मुजीब उर रहमान-मोहतमिम/ प्रबन्धक, 4. हैदर अली- नायब मोहतमिम/ उपप्रबन्धक, 5. मंसूर अहमद- खजान्ची/ कोषाध्यक्ष, 6. मौहम्मद ईकान, 7. सलीम अहमद-मेम्बर/ सदस्य दर्शाये गये है।

अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से
(आनन्द विक्रम सिंह)
सहायक निबन्धक

आवश्यकता है
श्रीराम इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशनल एंड प्रोफेशनल स्टडीज
एनएच-74, नगौना रोड, पीपलसाना, धामपुर-246761, बिजनौर, (उ.प्र.) के
बी.बी.ए एवं बी.कॉम (ऑनर्स) पाठ्यक्रम हेतु प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, एसोसिएट प्रोफेसर एवं असिस्टेंट प्रोफेसर की आवश्यकता है।
वेतन एवं शिक्षक योग्यता यूजीसी, वि. विद्यालय एवं शासन के मानक अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र फोटोग्राफ एवं शैक्षणिक तथा अनुभव प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति के साथ अथवा ईमेल द्वारा 1 सप्ताह के भीतर आवेदन कर सकते हैं। साक्षात्कार हेतु तिथि, समय एवं स्थान की सूचना व्यक्तिगत रूप से दी जाएगी।
संपर्क सूत्र - 9412346047,
ई मेल - shriraminstitutedhampur@gmail.com

विद्युत उपकेंद्र पर तालाबंदी

अघोषित कटौती के विरोध में नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में शनिवार को ग्रामीणों और युवाओं ने सरकड़ा चकरा. जमल स्थित विद्युत उपकेंद्र पर जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उपकेंद्र पर तालाबंदी कर दी और जल्द विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग उठाई।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पूर्व प्रधान विनीत कुमार ने कहा कि पिछले कई दिनों से अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण किसानों को सिंचाई में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। उनका आरोप था कि शिकायत के बावजूद विभागीय अधिकारी समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नहीं हैं और फोन तक रिसीव नहीं कर रहे।

ग्रामीणों ने पहले उपकेंद्र पर धरना देकर अधिकारियों से वार्ता की, लेकिन कोई ठोस आश्वासन न मिलने पर गुस्साए युवाओं ने उपकेंद्र के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। प्रदर्शन के चलते कुछ देर तक क्षेत्र में हलचल का माहौल बना रहा।

बाद में अधिशासी अभियंता द्वारा जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार का भरोसा दिए जाने के बाद प्रदर्शनकारियों ने धरना समाप्त कर दिया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

प्रदर्शन में शोभित कुमार, शुभम कुमार, राजा कुमार, पीयूष कुमार, नितिन अंग्रेज समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

दिशा इन्स्टीट्यूशन्स में कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। दिशा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स में कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन मेनेजमेंट विभाग द्वारा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य एवं रोजगार के अवसर प्रदान करने के उददेश्य से शुक्रवार को एक भव्य कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्थान के रजिस्ट्रार राजीव कुमार, अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई, प्राचार्य (फार्मेसी) डा. विमल कुमार भारती, डा. दुष्यन्त जैन, विभागाध्यक्ष ब्रजनेश सिसौदिया, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट हैड डा. समीर अहमद, जितेन्द्र सिंह एवं समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। विद्यार्थियों में इस कैंपस ड्राइव को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

एक नजर

शाहिद सिद्दीकी के भाई का इंतकाल

नजीबाबाद। उत्तर प्रदेश व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी के मौहल्ला पठानपुरा निकट जामा मस्जिद निवासी बड़े भाई मोईनुद्दीन उर्फ बन्नू का निधन हो गया। जिससे उनके परिवार में कोहराम मच गया। मोईनुद्दीन एक मिलनसार व एक नेक इंसान थे। व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ, नवाब नजीबुद्दौला शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा सहित काफी संख्या में व्यापारियों ने शोक जताया।

पेयजल शिविर का उद्घाटन

नजीबाबाद। नगर पालिका परिषद की ओर से स्थानीय रेलवे स्टेशन के बाहर जायरीनों व यात्रियों के लिए ठंडे पानी के शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का सांसद चंद्रशेखर आजाद ने फीता काटकर शुभारंभ किया। पिछले कई वर्षों से पालिका के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम की ओर से जोगीपुरा दरगाह पर सालाना मजलिजों में शामिल होने के लिए ट्रेनों से रेलवे स्टेशन पर आने वाले जायरीनों के लिए ठंडे पानी का यह शिविर लगाया जा रहा है।

प्रगणकों व पर्यवेक्षकों के कार्यों का निरीक्षण

बिजनौर। भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य जिले के पांच तहसील एवं 18 नगर निकाय में प्रारंभ की गई। जिला प्रभारी जेपी यादव द्वारा विभिन्न चार्ज में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। सही तरीके से नंबरिंग करने और डाटा कलेक्शन के समय किन बिंदुओं पर सावधानी रखना है। उससे संबंधित निर्देश दिए गए। इसी प्रकार विभिन्न चार्ज में चार्ज अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के कार्यों का निरीक्षण करते हुए उन्हें महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

राहगीरों को शरबत पिलाया

कोतवाली देहात। मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के द्वारा भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने के लिए विद्यालय की अध्यक्ष श्रीमती मीना सिंह के निर्देशन में राहगीरों को शरबत पिलाया गया। स्कूल के गेट पर स्टॉल लगाकर आते-जाते राहगीरों, रिक्शा चालकों, व्यापारियों व मजदूरों को ठंडा शरबत पिलाया। शरबत पिलाने वालों में प्रधानाचार्य अजय कुमार उप प्रधानाचार्य शालिनी चौहान, एडमिनिस्ट्रेटर, अबुल कलाम, सत्येंद्र कुमार, मंतोष कुमार, कुशलपाल सिंह, रोहिताश सिंह, गजेय सिंह, बालेश कुमार, कृष कुमार, मुनीद अहमद, विकास कुमार, याकूब, वीरेश कुमार आदि शामिल रहे।

'रसेल वाइपर' सांप घर में घुसने से हड़कंप

नहटौर। जरीफपुर चतर ग्राम में एक घर में विषैला 'रसेल वाइपर' सांप घुसने से हड़कंप मच गया। परिवार ने तुरंत सर्प मित्र बी. भास्कर को इसकी सूचना दी। बी. भास्कर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित रूप से रेस्क्यू किया। पहचान करने पर पता चला कि यह 'रसेल वाइपर' प्रजाति का सांप था, जो अत्यधिक विषैला और खतरनाक होता है। रेस्क्यू के बाद बी. भास्कर ने ग्रामीणों को सांपों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि सांप पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इन्हें मारना नहीं चाहिए। बी. भास्कर ने लोगों से आग्रह किया कि सांप के काटने की स्थिति में तंत्र-मंत्र के चक्कर में न पड़कर तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में उचित चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए। रेस्क्यू किए गए सांप को टीम ने सुरक्षित रूप से जंगल में एक उपयुक्त स्थान पर छोड़ दिया।

भाजपा मंडल की बैठक

नहटौर। भाजपा मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक ब्लॉक परिसर में संपन्न हुई। जिसमें कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में नवनियुक्त मंडल प्रभारी एवं जिला कोषाध्यक्ष देशबंधु चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल ने बैठक की अध्यक्षता की, जबकि कपिल ने इसका संचालन किया। मंडल प्रभारी देशबंधु चौहान का बैठक की शुरुआत में स्वागत किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की और कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। देशबंधु चौहान ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके तहत 24 मई (आज) सभी शक्ति केंद्रों पर बैठकें आयोजित की जाएंगी। साथ ही 31 मई को बूथ स्तर पर 'मन की बात' कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया। इस बैठक में पार्टी के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें वैभव गोयल, देश. बंधु चौहान, उर्मिला पाल, अनूप अग्रवाल, अर्पित गुप्ता, कपिल शर्मा, सुधा देवी, आकाश, समीर कुमार त्यागी, संगम त्यागी, हेमंत सिंह, प्रशांत वर्मा, मंजीत सिंह, कुलवीर चौधरी, गजेंद्र शर्मा, प्रदीप त्यागी, अमित सूद, विनीत गोयल, अनमोल त्यागी, सुभाष शर्मा, अनुपाल सिंह, रामगोपाल सैनी, नरेंद्र चैनपुर और अंजी त्यागी जैसे प्रमुख सदस्य शामिल थे।

संयम और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी: डा. दिव्यांशु

शाह टाइम्स संवाददाता

किरतपुर। संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 को लेकर अभ्यर्थियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश देते हुए मौहल्ला चौहानान निवासी एवं करियरविल आईएएस के डायरेक्टर एकेडमिक्स डा. दिव्यांशु वार्ष्णेय ने कहा कि परीक्षा के अंतिम समय में घबराहट नहीं, बल्कि शांत मन, संतुलित तैयारी और आत्मविश्वास ही सफलता दिलाता है।

उन्होंने कहा कि अब नए विषयों को पढ़ने से बचना चाहिए और केवल उन्हीं नोट्स व तथ्यों का पुनरावलोकन करना चाहिए, जिन्हें पहले से तैयार किया गया है। अंतिम समय में नई सामग्री देखने से मानसिक दबाव बढ़ता है और आत्मविश्वास कमजोर होता है। डा. वार्ष्णेय ने अभ्यर्थियों को पर्याप्त नींद लेने, समय पर भोजन करने तथा परीक्षा से एक दिन पहले मानसिक शांति बनाए रखने की सलाह दी। उनका कहना है कि स्वस्थ शरीर और शांत मन ही परीक्षा कक्ष में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा हॉल में प्रश्नपत्र देखकर घबराना नहीं चाहिए। पहले उन प्रश्नों को हल करें जिन पर अच्छी पकड़ हो तथा कठिन प्रश्नों पर अधिक समय व्यर्थ न करें। निगेटिव मार्किंग को ध्यान में रखते हुए सोच-समझकर उत्तर देना चाहिए। डा. वार्ष्णेय ने अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर समय से पहले पहुंचने, प्रवेश पत्र, पहचान पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज पहले से तैयार रखने के लिए भी कहा। साथ ही सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और तथाकथित पेपर प्रेडिक्शन से दूर रहने की अपील की।

करियरविल आईएएस के संस्थापक राकेश यादव तथा पवन कुमार ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं।

कर करेत्तर राजस्व प्राप्ति की समीक्षा बैठक

मंडी विभाग व पीएम आवास योजना (शहरी) की रैंकिंग 'सी' आने पर डीएम नाराज

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। डीएम की अध्यक्षता में आज शाम कलेक्ट्रेट में स्टाफ समीक्षा बैठक एवं कर करेत्तर राजस्व प्राप्ति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

डीएम जसजीत कौर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा पुराने एवं विवादित प्रकरणों में विशेष रुचि लेकर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में अनावश्यक रूप से लंबित मामलों को कम करने के लिए नियमित सुनवाई एवं प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम एवं तहसील स्तरीय अधिकारी अपने न्यायालयों में लंबित वादों की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रकरणों के निस्तारण के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि 05 एवं 03 वर्ष से अधिक पुराने वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें तथा अनावश्यक रूप से कोई भी वाद लंबित न रहने पाए।

उन्होंने सभी पीठासीन अधिकारियों को वादों के निस्तारण में विशेष ध्यान देकर दायरे के सापेक्ष वादों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व कार्यों के निस्तारण में अपेक्षित तेजी लाएं और कोई भी कार्य अनावश्यक रूप से लम्बित न रखें तथा प्राथमिकता के आधार पर सभी कार्यों एवं प्रकरणों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के आधार पर करना सुरक्षित करें।

वसूली कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान मंडी विभाग व प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की रैंकिंग 'सी' श्रेणी में आने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को रैंकिंग सुधारने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विभागों की प्रगति लगातार खराब है और जिनकी रैंकिंग 'डी' श्रेणी में है, उनके विरुद्ध रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यों में लापरवाही एवं उदासीनता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बैंकों की सहायता से जनपद के बड़े बकायादारों की सूची तैयार करते हुए वसूली का कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने लंबित ऑडिट प्रकरणों, विभागीय कार्रवाई सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को मानक के अनुसार तत्परता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विभागों की आरसी लंबित हैं, विभागीय अधिकारी जिला मुख्यालय स्थित राजस्व संग्रह विभाग से अपने देयकों का मिलान कर वसूली कार्य में अपना सहयोग दें।

उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभागीय अधिकारी वसूली लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए टाइम लाइन के साथ कार्य योजना बनाएं, ताकि उसके आधार पर उनके विभाग की प्रगति की समीक्षा की जा सके। इस मौके पर एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य राजस्व विभाग से संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

जनगणना कार्य का तहसीलदार ने किया निरीक्षण

कार्य की प्रगति का जायजा लिया

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। जनगणना-2027 अभियान के अंतर्गत जिला जनगणना प्रभारी अधिकारी जे.पी. यादव एवं तहसीलदार धामपुर धनराज सिंह ने ग्राम साहनपुर नवादा और पृथ्वीपुर बनवारी पहुंचकर जनगणना कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मौके पर चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित कर्मचारियों को जनगणना कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला जनगणना प्रभारी अधिकारी ने जनगणना से जुड़े अभिलेखों और प्रपत्रों की जांच की तथा कार्य की गुणवत्ता और प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जनगणना कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय स्तर का महत्वपूर्ण अभियान है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सही और सटीक जानकारी दर्ज होना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

तहसीलदार धामपुर धनराज सिंह ने भी जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े भविष्य की सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों की आधारशिला होते हैं, इसलिए इसमें शत-प्रतिशत शुद्धता बनाए रखना बेहद जरूरी है। इस दौरान जनगणना सुप. रवाइजर आशीष त्यागी तथा प्रगणक श्रुति, सूर्यकांत और गीत कपूर मौके पर उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उनसे जनगणना कार्य की प्रगति और आ रही समस्याओं के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय स्तर पर चल रहे कार्यों को संतोषजनक पाया गया। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि जनगणना अभियान का कार्य तय समय सीमा के भीतर सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया जाएगा।

बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

पानी की आपूर्ति भी प्रभावित

शाह टाइम्स संवाददाता

नजीबाबाद। मौहल्ला मकबरा में पिछले दो दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण स्थानीय निवासियों ने सड़क पर जाम लगा दिया। विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए लोगों ने जल्द बिजली बहाल करने की मांग की।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला मकबरा में पिछले दो दिनों से बिजली नहीं आ रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों को कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। बिजली कटौती के कारण घरों में पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है, जिससे छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान, स्थानीय निवासी मुजीब अहमद और वार्ड सभासद इंदु देवी ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि दो दिनों से बिजली न होने के कारण लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। जाम की सूचना मिलने पर विद्युत विभाग के लाइनमैन मौके पर पहुंचे। लाइनमैन दिलशाद ने प्रदर्शनकारियों को जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया। इसके बाद विद्युत विभाग ने बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया है।

हालांकि, क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर लोगों में असंतोष बना हुआ है।

आसपा की सत्ता परिवर्तन यात्रा चार जून से : मौहम्मद ताहिर

शाह टाइम्स संवाददाता

चांदपुर। उत्तर प्रदेश में चार जून से आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के तत्वावधान में सत्ता परिवर्तन यात्रा आगामी चार जून से प्रारंभ होगी।

यह जानकारी पार्टी जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने पार्टी हाई कमान के हवाले से देते हुए बताया कि सत्ता परिवर्तन यात्रा का निर्णय मेरठ में भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की हुई एक बैठक में लिया गया। बैठक में शीर्ष नेतृत्व द्वारा यात्रा को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही जिला बिजनौर की टीम को भी पूरी तैयारी रखने हेतु कहा गया है कि सभी साथी तैयार रहे, क्योंकि सत्ता परिवर्तन यात्रा का प्रथम चरण जिला बिजनौर से चार जून को शुरू होगा। उन्होंने कहा कि यात्रा की शुरुआत ऐतिहासिक रहेगी। उन्होंने कहा कि हमें अपने पार्टी मुखिया सांसद एड. चंद्रशेखर आजाद के संघर्ष और उनकी विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने के लिए कमर कस लेनी है। साथ ही आगामी चार जून से प्रारम्भ होने वाली सत्ता परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिए अभी से तैयारी में जुट जाने की भी पार्टी कार्यकर्ताओं और हर आमजन से अपील की है।

कार्यकर्ताओं से तैयारी में जुटने की अपील

बिजली की समस्याओं के समाधान की मांग

बिजनौर। पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह के साथ विद्युत उपकेंद्र उलेढ़ा से जुड़े ग्राम वासियों ने जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर से मिल कर विद्युत आपूर्ति में आ रही समस्याओं को रखा। ग्रामीणों ने बताया कि विगत दिनों आये तूफान से विद्युत पोल एवं लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। 15 दिन बाद भी विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं हो पाई, जिससे किसानों के सामने फसलों की सिंचाई की समस्या खड़ी हो गई है। साथ ही किसानों ने यह भी मांग की किसानों को आठ घंटे विद्युत आपूर्ति को कुछ दिनों के लिए 24 घंटे की जाए, जिससे फसलों की सिंचाई की पूर्ति हो सके। ग्राम फतेहपुर कला, चक फतेहपुर कलां, चक फतेहपुर, कुतुबपुर गढ़ी, सैदाबाद, मानिकपुरी, मुकरपुर गुर्जर के किसान रवि देशवाल, अभिषेक राठी, कामेन्द्र सिंह, रामेन्द्र सिंह, विनित चौधरी, शक्ति सिंह, देवेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

कृष्णा कॉलेज में विदाई समारोह

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। कृष्णा कॉलेज में आज गृह विज्ञान विभाग द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह का शुभारम्भ महाविद्यालय के संस्थापक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ कॉलेज प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खां, साइंस कॉलेज प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। निर्णायक मण्डल के रूप में डॉ. दीपशिखा अग्रवाल व डॉ. ज्योत्सना सिंह उपस्थित रहीं। छात्राओं ने सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में बीएससी होम साइंस की छात्राओं ने अपना डांस प्रस्तुत किया तथा एमएससी होम साइंस फाइनल ईयर तथा बीएससी होम साइंस फाइनल ईयर की छात्राओं ने रैम्प वॉक प्रस्तुत किया। विदाई समारोह में छात्राओं ने मनमोहक नृत्य किया। मिस फेयरवेल प्रतियोगिता में बीएससी होम साइंस तृतीय वर्ष की छात्रा इरफा, एमएससी होम साइंस फूड एण्ड न्यूट्रीशियन में द्वितीय वर्ष की छात्रा स्वाति विजयी रहीं व बीएससी होम साइंस प्रथम वर्ष की छात्रा काकुल मिस पेशर बनीं। मिस पर्सनेलिटी प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा प्राशुन चौधरी व एमएससी होम साइंस फूड एण्ड न्यूट्रीशियन द्वितीय वर्ष की छात्रा उपासना विजयी रहीं। कार्यक्रम के अन्तर्गत टाइटल गेम व चिट गेम भी खिलाये गये।

छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

कार्यक्रम को सफल बनाने में गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. शालिनी शर्मा व अन्य प्रवक्ताओं ज्योति चौहान, प्रीति चौहान, साइमा खानम तथा मुक्ता चौधरी का विशेष योगदान रहा।

सभी सम्मानित अतिथियों व प्रवक्ताओं ने छात्राओं को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन छात्रा सुहानी व शेहला ने किया।

मकानों की गणना कार्य में रूचि न लेने वाले प्रगणकों पर एफआईआर के नोटिस जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत संचालित मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य में नियुक्त प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों द्वारा कार्य में अपेक्षित रूचि न लेने तथा बार-बार निर्देशित किये जाने के बावजूद कार्य में सुधार न किये जाने पर जिला प्रशासन द्वारा कठोर कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है।

प्रमुख जनगणना अधिकारी/जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशानुसार कार्य में लापरवाही बरतने एवं अनुपस्थित रहने वाले कुल 60 प्रगणकों एवं 11 सुपरवाइजरों के विरुद्ध जनगणना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज किये जाने की कार्यवाही हेतु चार्ज अधिकारियों द्वारा नोटिस जारी किये गये हैं। साथ ही ऐसे कार्मिक, जो वर्तमान में भी जनगणना कार्य से बचने अथवा ड्यूटी कटाने का प्रयास कर रहे हैं, उनके प्रकरण को भी जिला प्रशासन द्वारा अत्यन्त गंभीरता से लिया गया है। संबंधित कार्मिकों को निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल अपने आवंटित क्षेत्र में कार्यभार ग्रहण करते हुए जनगणना कार्य में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करें, अन्यथा उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में किसी भी प्रकार की उदासीनता, लापरवाही अथवा कार्य में अनावश्यक विलम्ब को गंभीरता से लिया जायेगा। समस्त संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने आवंटित क्षेत्र में निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं शत-प्रतिशत कार्य सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि जिन प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों की प्रगति शून्य अथवा अत्यन्त कम पायी जा रही है।

मज़ार पर गरजा बुल्डोजर जस्टिस

शाह टाइम्स संवाददाता

सिरसी। तहसील क्षेत्र में तीर्थ और कुंआ खोजो अभियान के साथ सरकारी भूमि अवैध कब्जा मुक्त कराने के अभियान में राजस्व प्रशासन ने सरकारी भूमि पर मज़ार बने होने के आरोप में बुल्डोजर जस्टिस से ध्वस्त कर दिया।

थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र में राजस्व प्रशासन ने ग्राम मिलक सिरसी के रकबे में कस्बे के उत्तर दिशा में लगभग दौ सौ बीघा भूमि हैं जिसे झील कहा जाता है। लम्बे समय तक इस भूमि को मस्जिद की सम्पत्ति बताया जाता रहा,लेकिन

O सरकारी भूमि पर बने होने के आरोप तहसीलदार के नेतृत्व में हुई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

एक वर्ष पहले राजस्व विभाग की टीम ने इसकी पैमाइश कर सरकारी भूमि बताते हुए कब्जा कर लिया था। तहसीलदार धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर मज़ार को जे सी बी से ध्वस्त करा दिया। तहसीलदार का कहना है कि मज़ार सरकारी भूमि पर बना है। इसका न्यायालय में वाद भी चलां धारा 67 के तहत बेदखली के नोटिस के बाद ध्वसतीकरण की कार्रवाई की गई है। उन्होने इस क्षेत्र का सौन्दर्यकरण कराने की भी बात कही।

सिरसी। ग्राम मिलक सिरसी में मज़ार को ध्वसत करता बुलडोजर जस्टिस।

बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था जनता की जान पर भारी: आतिर

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता आतिर हुसैन ने कहा कि बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था अब जनता की जान पर भारी पड़ रही है। हार्ट, न्यूरोलॉजी, कैंसर, एमआरआई, डायलिसिस, आईसीयू, वेंटिलेटर और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में अधिकांश गंभीर मरीजों को केवल रेफर कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले सोशल मीडिया के माध्यम से सम्भल की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी की ओर से सम्भल में आंदोलन की बात कही गई थी, जिसे जनता का व्यापक समर्थन और सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। जनता अब रेफर नहीं, इलाज चाहिए की आवाज बुलंद कर रही है। आतिर हुसैन ने कहा कि मीडिया के माध्यम से सूचना मिली है कि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक 25 मई को सम्भल आ रहे हैं। सम्भल की जनता को उनसे बड़ी उम्मीदें हैं कि वह जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था का गंभीरता से संज्ञान लेंगे और जनता की समस्याओं को सुनेंगे। उन्होंने मांग की कि सम्भल तहसील में सरकारी अस्पताल में पूरी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ विशेषज्ञ डाक्टरों और पर्याप्त मेडिकल स्टाफ के साथ के साथ आईसीयू, ट्रॉमा सेंटर, एमआरआई सुविधा, डायलिसिस यूनिट, वेंटिलेटर सुविधा, हार्ट, न्यूरोलॉजी और ऑन्कोलॉजी विभाग की स्थापना की जाए। साथ ही जो विभाग पहले से कार्यरत हैं, उनकी समीक्षा कर यह सार्वजनिक किया जाए कि पिछले वर्षों में कितने मरीजों का इलाज हुआ, कितने बड़े ऑपरेशन किए गए, कितने आईसीयू मरीज भर्ती हुए और कितने मरीजों को केवल रेफर किया गया।उन्होने आरोप लगाया कि कुछ सरकारी कर्मचारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान देने के बजाय प्रशासनिक अधिकारियों के आसपास रहकर केवल राजनीति करने में लगे रहते हैं। ऐसे डाक्टरों और कर्मचारियों का तत्काल स्थानांतरण किया जाना चाहिए, ताकि अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कि उन्हें उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मिलकर जनता की ओर से ज्ञापन सौंपने का अवसर दिया जाए, ताकि सम्भल की वास्तविक स्थिति और आम जनता की पीड़ा सीधो उनके सामने रखी जा सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जनता के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आम आदमी पार्टी जनता के साथ सड़क पर उतरकर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करेगी।

जनगणना की तैयारियां तेज़

घरों की गणना त्रुटिरहित कराने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स,संवाददाता

बबराला। जनगणना-2027 के तहत घरों की गणना कार्य को प्रभावी और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के लिए उपजिलाधिकारी गुन्नौर विकास चंद्र ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि फील्ड कार्य के शुरुआती तीन दिन बेहद महत्वपूर्ण होंगे, क्योंकि इसी अवधि में कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि मास्टर ट्रेनर, फील्ड ट्रेनर, लेखपाल, इंजीनियर और टैक्स सुपरिटेंडेंट द्वारा पहले ही हाउस लिस्टिंग ब्लॉकों का सीमांकन कर लिया गया है। ऐसे में उन्हें शुरुआती दिनों में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के साथ क्षेत्र में अनिवार्य रूप से भेजा जाए, ताकि कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। इसके साथ ही उन्होंने मोबाइल एप से जुड़ी तकनीकी समस्याओं के त्वरित समाधान सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया, जिससे फील्ड कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए और डेटा संग्रहण समय पर पूरा किया जा सके।

डीएम एसपी ने थानों में सुनी समस्याएं

O फरियादियों की शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। शासन की शीर्ष प्रामिकताओं में शामिल फरियादियों की समस्या का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने थानों में पहुंचकर फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनका निस्तारण किया जबकि कुछ समस्याओं का समय बद्व तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

शनिवार को जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में थाना धनारी एवं थाना बहजोई में समाधान दिवस का आयोजन किया। थाना धनारी में जनसामान्य की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस में चकबंदी, ठियावंदी, कब्जा मुक्त कराने, भूमि की पैमाइश, प्लॉट से अवैध कब्जा हटवाने आदि से संबंधित मामले आए। जिलाधिकारी ने तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर भूमि संबंधी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त मामलों में संबंधित लेखपाल का नाम एवं मोबाइल नंबर संबंधित को उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा थाने में स्थापित बाल कक्ष एवं मातृ कक्ष का निरीक्षण भी किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जबकि कोतवाली बहजोई में समाधान दिवस में भूमि में धोखाधाड़ी एवं जालसाजी कर अभिलेखों में गलत नाम दर्ज कराने, विरासत, पटटा, अवैध कब्जा हटवाने, ग्राम खग्गूपुरा में मध्य गंगा नहर पर पुलिया निर्माण, अंश निधरिण, अंश संशोधन तथा भूमि पर अवैधा कब्जे से संबंधित मामले आए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्व, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत, तहसीलदार सतेन्द्र कुमार सिंह, संबंधित थाना प्रभारी एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सम्भल-थाना समाधान दिवस पर समस्याओं को सुनते डीएम व एसपी।

जवाब नहीं देने वालों को जिला कृषि अधिकारी ने दिया दो दिन का समय

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट की अध्यक्षता में उर्वरक की समीक्षा, जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति और उर्वरक विक्रेताओं के द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। बैठक में जिला कृषि अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में 23800 मेट्रिक टन यूरिया , 4800 मेट्रिक टन डी ए पी , 19200 मेट्रिक टन एन पी के , कुल 42583 मेट्रिक टन कुल उर्वरक उपलब्ध है जनपद में उर्वरक की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है।जिला कृषि अधिकारी ने पूर्व में की गई कार्यवाही से अवगत कराया की 22 विक्रेताओं के विरुद्व नोटिस जारी की गई है 33 सहकारिता के विरुद्व नोटिस जारी की गई है अब तक सहकारिता के द्वारा कोई जवाब नहीं दिए जाने पर जिला कृषि अधिकारी ने उन्हें दो दिन का अतिरिक्त समय दिया है कि साक्ष्य सहित अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करे

पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाने पर बौखलाए हुए हैं पीठाधीश्वर: उठवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता डा. अमित कुमार उठवाल ने प्रेस कांफ्रेंस करहा कि जब से कांग्रेस पार्टी के प्रमोद त्यागी (कल्किपीठाधीश्वर) को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया है तब से बौखलाये हुए है और पार्टी एवं जननायक राहुल गांधी को लगातार निशाना बना कर अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। उन्होने कहा कि अभी हाल ही मैं प्रमोद त्यागी ने राहुल गांधी को मक्कार कहा है। इस पर डा. अमित कुमार उठवाल ने प्रमोद त्यागी पर ढोंगी व भूमाफिया होने के आरोप लगाये। उन्होने कहा कि जिस पार्टी ने नाम और पहचान दी उसी पार्टी को गालियां देने मैं शर्म नहीं आती। सरकारी संपति पर कब्जा करने की नियत से सरकारी दस्तावेजों से छेड़छाड़ करने का प्रयास किया। जिसे न्यायालय के द्वारा निरस्त किया गया। जिसके समस्त साक्ष्य मोजूद हैं प्रमोद त्यागी जी का कोई राजनैतिक बावजूद नहीं है। सम्भल लोकसभा चुनाव मैं 15 हजार वोटों भी नहीं ले पाए और जननायक राहुल गांधी से मुकाबला करने की बात करते है। उन्होने पत्रकारों से कहा कि प्रमोद त्यागी जी मोदी एवं भाजपा की चापलूसी इस लिए कर रहे हैं कि ई.डी .और अन्य जांच एजेंसियों से बचे रहें और कांग्रेस को गालियां देने से खुश होकर भाजपा एवं मोदी जी राज्यसभा भेज दें, लेकिन प्रमोद त्यागी जी को कुछ नहीं मिलना है क्योंकि भाजपा एवं मोदी जी जानते हैं कि जो व्यकित उसका नहीं हुआ जिसने उसे सब कुछ दिया तो वह भाजपा का कैसै वफादार हो सकता है।

एक नज़र इधर भी

चौकी प्रभारी का हुआ स्थानांतरण

शाह टाइम्स ब्यूरो

सिरसी। थाना हजरत नगर गढ़ी की सिरसी पुलिस चौकी के प्रभारी मौ. शाह फैसल का स्थानांतरण हो गया। उनका कार्यकाल लगभग 11 माह रहा। उनके स्थान पर उप निरीक्षक फिरोज खान को चौकी प्रभारी बनाया गया है।

गौरतलब है कि थाना हजरत नगर गढ़ी से सम्बद्व कस्बे की चौकी को पांच वर्ष की अवधि में चौकी प्रभारियों का कार्यकाल एक वर्ष से भी कम रहा है। इस तरह नवागत चौकी प्रभारी पाँच वर्ष में नौंवे प्रभारी होंगे। उधर हैड कांस्टेबिल रूचिन को बहजोई थाने की बहापुर पटटी की चौकी का प्रभारी बनाया गया। उनके स्थान पर अभी किसी की तैनाती नहीं हुई है।

योजना में प्रगति लाने के निर्देश

बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में डिप्टी कलेक्टर/प्रभारी पीओ नेडा रामानुज द्वारा विभिन्न विभागों पूर्ति विभाग, पंचायती राज विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा विभाग, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों तथा समस्त खंड विकास अधिकारियों के पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत निर्धारित मासिक लक्ष्यों की समीक्षा की गई। साथ ही संबंधित अधिकारियों को योजना की प्रगति में तेजी लाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान वेंडर स्तर पर लंबित आवेदनों की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। लक्ष्य के सापेक्ष कार्य प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायती राज अधिकारी तथा समस्त अधिशासी अधिकारियों नगर पालिका/नगर पंचायत को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने डिस्कॉम अधिकारियों को चंदौसी क्षेत्र में सोलर इंस्टॉलेशन से संबंधित एक्सपोर्ट यूनिट से संबंधित मामलों में उत्तरदायित्व निर्धारित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



बबराला। गुन्नौर में लेबर रूम का निरीक्षण करते टीम के सदस्य।

टीम ने गुन्नौर लेबर रूम का किया निरीक्षण

बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर का राज्य स्तर अधिकारी हीरालाल नियोजन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा लेबर रूम मच विंग गुन्नौर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने लेबर रूम पोस्ट लब एनबीएसयू, एमएनसीयू, ऑपरेशन थिएटर का निरीक्षण किया और गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं का आंकलन किया। इसके साथ ही उन्होंने निजी हॉस्पिटल सेवा हॉस्पिटल का भी निरीक्षण किया। निजी अस्पताल के निरीक्षण का उद्देश्य था कि क्या वह उचित सुविधाएं मौजूद हैं। जिससे मृत्यु दर को कम किया जा सके। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर प्रभारी डा. राजकिशोर ने बताया कि टीम ने अस्पताल का निरीक्षण किया।अस्पताल के वार्ड व व्यवस्था का को देखा। हमें आवश्यक दिशा निर्देश दिये।इस दौरान स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

दोना मेकिंग मशीन को करें आवेदन 10 जून तक

बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)। खादी नीति के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जनपद सम्भल को 08 दोना मेकिंग मशीन हेतु लक्ष्य मिला है। जनपद में निवास करने वाले युवक एवं युवती इस उद्योग में रूची रखने वाले बेरोजगार, स्वरोजगार हेतु अपना आवेदन कर सकते है। उक्त योजना में कोई भी कारीगर/ बेरोजगार (महिला/पुरुष) व्यक्ति अपना आवेदन पत्र ऑनलाइन कर सकता है। आवेदक की आयु 18 से 50 वर्ष, साक्षर होना एवं ग्रामीण क्षेत्र का निवासी होना अनिवार्य है। ऑनलाइन हेतु विभागीय पोर्टल 10 जून तक अपना आवेदन कर सकते है।

10 जून तक लें उपभोक्ता खाद्यान्न सामग्री

सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत तक अन्त्योदय कार्डधारकों को 21 किग्रा. गेहूँ, 09 किग्रा0 चावल, 04 किग्रा0 बाजरा एवं 01 किग्रा. मक्का कुल 35 किग्रा उपलब्धता के आधार पर प्रति राशनकार्ड एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारको को उनके कार्ड से सम्बद्व प्रत्येक यूनिट पर 02 किग्रा. गेहूँ 01 किग्रा. चावल, 01 किग्रा. बाजरा एवं 01 किग्रा. मक्का कुल 05 किग्रा उपलब्धता के आधार पर प्रति यूनिट खाद्यान्न का नि: शुल्क वितरण कराया जा रहा है। खाद्यान्न के नि:शुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिसमें कोई भी उपभोक्ता किसी भी दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर सकता है। उक्त योजनान्तर्गत खाद्यान्न वितरण की अन्तिम तिथि दिनांक 10.06.2026 होगी। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु उक्त दिवस पर मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से नि:शुल्क वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा।

सिरसी नगर पंचायत का डिप्टी कलैक्टर ने सम्भाला ईओ का अतिरक्त कार्यभारी

शाह टाइम्स,संवाददाता

सिरसी। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्ति कार्यभार मुख्यालय के डिप्टी कलैक्टर को सौंपा गया है। जिन्होने गत दिन कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वे तीन वर्ष में सातवें अधिशासी अधिकारी हैं।

नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी प्रथ्वीराज यादव का चार वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर 10..0723 को स्थानांतरण होने के बाद अब तक पूर्णकालिक इ ओ की नियुक्ति नहीं हुई है। सथल के अधिशासी अधिकारी रामपाल सिंह का कार्यकाल सात माह, नरौली के ई ओ का अतिरिक्त कार्यभार राजन गुप्ता को मिला जिनका कार्यकाल चार माह से भी कम रहा। इनके बाद नगर पालिका सम्भल के ई ओ मणि भूषण तिवारी को अतिरिक्त कार्य की जिम्मेदारी दी गई। जिनका कार्यकाल अटठारह माह रहा। इनके बाद डिप्टी कलैक्टर विकास चन्द्र को 17 फरवरी 26 को नगर नंचायत के ई ो का अतिरक्त कार्यभार मिला। जिनका कार्यकाल तीन माह से भी कम रहा। दो मई को अवधेश कुमार डिप्टी कलैक्टर को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। जिनका कार्यकाल मात्र एक दिन ही रहा। इनके बाद 20 मई को डिप्टी कलैक्टर मुख्यालय आशुतोष तिवारी ने ई ओ का अतिरक्त कार्यभार सम्भाला। इस तरह तीन वर्ष की अवधि में वे सातवें अधिशासी अधिकारी हैं। नगर पंचायत में पूर्ण कालिक ई ओ की नियुक्ति नहीं होने से जनता को जन्म मृत्यू प्रमाण पत्र आदि के बनवाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

अतिक्रमण मुक्त करने को किया गया चिन्हित

शाह टाइम्स,संवाददाता

सम्भल। सुभाषचन्द्र त्यागी, एडवोकेट, श्री कल्कि सेना (निष्कलंक दल) द्वारा जिलाधिकारी को पत्र भेजकर की गई शिकायत पर समस्याओं के निराकरण को नगर में अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त किये जाने को चिन्हित किया।जिसमें यशोदा चौराहा से पुरानी तहसील होकर कोतवाली तक व मुख्य डाकघर से टण्डन चौराहा,कोतवाली सम्भल से चमन सराय होकर नगर पालिका की टंकी तक,नगर पालिका टंकी से बाल विद्या मन्दिर स्कूल एवं ऐजंन्टी चौराहे से होकर भारतीय स्टेट बैंक,मनोकामना मन्दिर से पार्क से होकर हसनपुर रोड पर लिंक मार्ग पर, जनता पैट्रोल पम्प, बरेली सराय से प्रेम शंकर वाटिका, दुर्गा कालोनी,सरथल पुलिस चौकी से कल्कि विष्णु मन्दिर तक मार्ग को चिन्हित किया गया।

प्रतियोगिताएं अनुशासन नेतृत्व क्षमता को बनाती है मजबूत

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। मिशन इंटर नेशनल एकेडमी में समर कैंप के तीसरे दिन विद्यालय में आयोजित तौफिक खान मेमोरियल कप प्रतियोगिता में पूरे वर्ष भर सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं सह-पाठयक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर फ्लेमिंग हाउस ने शानदार सफलता प्राप्त करते हुए ट्राफी अपने नाम कर ली। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य परवेज खान तरीन (मुख्य अथिति) जैद तरीन विशिष्ठ अतिथि, बुशरा खान विशिष्ट अतिथि, रजा साहब राष्ट्रीय प्रवक्ता कांग्रेस ने विशेष रूप से शिरकत कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए अनेक रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बिना आग के व्यंजन निर्माण प्रतियोगिता, टेंट सज्जा प्रतियोगिता, सलाद निर्माण प्रतियोगिता, रस्सी कूद, घुड़सवारी, ऊंट सवारी, कोलंबस गतिविधि सहित विभिन्न खेल एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें अलग-अलग कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रिंसिपल विल्सन राजन ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की प्रतिभा और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ बच्चों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन को मजबूत बनाती हैं तथा उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। स्कूल डायरेक्टर शबाना कौसर ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि खेल, रचनात्मकता और सांस्कृतिक गतिविधियाँ भी बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। स्कूल मैनेजर मुनीर खान तरीन ने अपने पिता तौफीक खान के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पिताजी हमेशा विद्यार्थियों के विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेकर अपनी योग्यता और मेहनत का परिचय देने को कहते थे। उन्हों ने अभिभावकों के सहयोग की सराहना करते हुए बच्चों को निरंतर नई ऊँचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।बुशरा खान ने विद्यार्थियों के उत्साह, प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में आत्मनिर्भरता, टीमवर्क और रचनात्मक सोच को विकसित करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ कार्यक्रम के दौरान सम्मानित छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की तथा विद्यालय द्वारा आयोजित ऐसी प्रेरणादायक गतिविधियों की प्रशंसा की।

बार और बैंच एक दूसरे के पूरक: सिविल जज

शाह टाइम्स,संवाददाता

बबराला। सिविल बार एसोसिएशन के अधिवकताओं ने सिविल जज जूनियर डिवीजन गुन्नौर अभिषेक सिंह का तहसील सभागार में फूल माला पहनाकर एवं बार अध्यक्ष एवं एल्डर्स कमेटी के सदस्यों ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। सिविल बार के अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए सिविल जज जूनियर डिवीजन अभिषेक सिंह ने कहा कि बार और बैंच दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। बार और बैंच के सहयोग से ही जनता को न्याय मिलता है। सिविल का मामला लंबा चलता है। इसलिए समय से पैरवी अहम भूमिका निभाती है। इस अवसर पर अधयक्ष राम रहीस यादव, कुलदीप सक्सेना, राय सिंह ने भी अधिवक्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान एल्डर्स कमेटी के हेमंत दीक्षित, कुलदीप सक्सेना,अध्यक्ष सिविल बार एसोसिएशन राम रईस यादव, महासचिव मोहम्मद सलीम, मोहित यादव, मुकेश यादव, घनश्याम यादव, प्रदीप वार्ष्णेय, अरविंद कुमार ,दीपक दीक्षित, मुकेश दीक्षित, राम सिंह, रश्मि ठाकुर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

सम्भल-नवागत सिविल जज का स्वागत करते अधिवक्ता।

वर्तमान व्यवस्था में ग्रामीण छोटे किसानों का शोषण

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक की मासिक पंचायत ग्राम खजरा खाकम में आयोजित की गई जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था गरीब, ग्रामीण श्रमजीवी छोटे किसानों का खुलेआम शोषण किया जा रहा है विधुत कटौती झूठे मुकदमों पर विचार मंथन किया गया। बैठक में सर्व सम्मति से तय किया गया कि गांवों में जन जागरण कर उसके हक और अधिकार का मान करायेंगे यह जन जागरण का कार्यक्रम पूरे जनपद में चलाया जाएगा। सबने मिलकर संघर्ष करनें का संकल्प दोहराया जायेगा। संगठन का विस्तार करते हुए खजरा खाकम की ग्राम इकाई का गठन करते हुए चुन्नी लाल को ग्राम अध्यक्ष धनीपाल को ग्राम उपाध्यक्ष तथा कुछ किसानों को संगठन की सदस्यता दिलाई इस मौके पर जयवीर सिंह यादव, मोरध्वज यादव, श्रृषिपाल सिंह यादव, बाबूराम प्रजापति, धर्मपाल सिंह कुशवाहा, राकेश कुमार,ओमबीर, प्रमोद, बैजनाथ सिंह कुशवाहा, आरामसिंह, प्रवीन आदि लोग उपस्थित रहे।

खोया पाया

मेरे प्रथमा यू पी ग्रामीण बैंक शाखा सम्भल से जारी चैकबुक में से पॉच हस्ताक्षर किए हुए चैक क्रमश: चैक सं. 819757 अंकन 20,00,000 रू. व चैक सं. 819758 अंकन 20,00,000 रू. व चैक सं. 819759 अंकन 20,00,00 रू. व चैक सं. 819760 अंकन 20,00,00 रू. व चैक सं. 819761 अंकन 20,00,000 रू. वास्तव में कहीं गुम हो गये हैं।
वरूण शर्मा पुत्र गजेन्द्र प्रसाद शर्मा
निवासी मौ. महमूद खां सराय, कोतवाली सम्भल, जिला सम्भल।

सूचना

मैं अपने मकान जिसकी रजिस्ट्री बही सं. 1 जिल्द सं.13449 के पृष्ठ 83 से 100 तक क्रमांक सं. 5405 पर दिनांक 17.03.2026 को हुई है के आधार पर है की मालिक व काबिज हूँ। मुझे अपने मकान सं. 698 को हाउस टैक्स में दर्ज कराना है। जिससे अगर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस हाउस टैक्स सं. 698 पर नगर पालिका परिषद सम्भल में आपत्ति कर सकता है।
शाहीन पत्नी मौ. रईस
निवासी एक रात वाली मस्जिद के पास मौहल्ला कोट गर्बी सम्भल तहसील व जिला सम्भल।

मुगलपुरा इलाके में एलपीजी सिलेंडर और एसी आउटडोर में हुआ जोरदार ब्लास्ट, इलाके में मची अफरा-तफरी

मुरादाबाद। जनपद के मुगल. पुरा थाना क्षेत्र के कहारो वाला मंदिर, गली नंबर-1 में शनिवार दोपहर भीषण गर्मी के बीच एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। एक मकान की तीसरी मंजिल पर रखे एलपीजी सिलेंडर और एसी के आउटडोर यूनिट में अचानक जोरदार धमाका हो गया। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के घरों की दीवारें तक कांप उठीं और पूरे इलाके में दहशत फैल गई।जानकारी के अनुसार हादसा इमरान नामक व्यक्ति के मकान में दोपहर करीब 1 बजे हुआ। परिवार वालों ने बताया कि घर में बाहर से मेहमान आए हुए थे, जिनके लिए तीसरी मंजिल की छत पर खाना बनाया गया था। खाना बनने के बाद एलपीजी सिलेंडर को छत पर ही छोड़ दिया गया। तेज धूप और भीषण गर्मी के कारण सिलेंडर अत्यधिक गर्म हो गया, जिसके चलते उसमें विस्फोट होने की आशंका जताई जा रही है।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सिलेंडर फटते ही उसके पास लगा

एसी का आउटडोर यूनिट भी आग की चपेट में आ गया और उसमें भी धमाका हो गया। लगातार दो धमाकों से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। हादसे में मकान की दीवारों को नुकसान पहुंचा है और तीसरी मंजिल का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।गनीमत रही कि घटना के समय परिवार के सदस्य और आसपास के लोग समय रहते सुरक्षित बाहर निकल आए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलते ही थाना मुगलपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए घटना की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई।

यह हादसा भीषण गर्मी के दौरान सावधानी बरतने की बड़ी चेतावनी है। विशेषज्ञों का कहना है कि एलपीजी सिलेंडर, एसी आउटडोर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को लंबे समय तक सीधी धूप में छोड़ना खतरनाक साबित हो सकता है। थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

फरेंदी हॉल्ट पर ट्रेन की चपेट में आने से किसान की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

कुंदरकी। थाना कुंदरकी क्षेत्र स्थित गांव फरेंदी हॉल्ट पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में किसान की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर कर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया जानकारी के अनुसार इंधनपुर नगला निवासी 60 वर्षीय बलवीर पुत्र त्रिमल अपनी पत्नी विमला के साथ जिला अस्पताल मुरादाबाद दवा लेने जा रहे थे। दोनों फरेंदी हॉल्ट पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान ट्रेन स्टेशन पर पहुंची तो बलवीर अचानक रेलवे ट्रैक पार करने लगे। तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा होते ही आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्राम प्रधान फरेंदी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी हम्मवीर सिंह जादौन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव

को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। परिजन भी मौके पर मौजूद रहे। परि. जनों के अनुसार बलवीर लंबे समय से टीबी की बीमारी से पीड़ित थे और काफी परेशान रहते थे। वह खेती-किसानी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके तीन बेटे किशनपाल, आकाश और प्रीदुम हैं। हादसे के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी घटना के बाद शोक का माहौल बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि मामले में कानून व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

एक नजर

थाना समाधान दिवस में आई आठ शिकायत में दो का निस्तारण

कांठ(शाह टाइम्स) थाना समाधान दिवस का आयोजन आज छजलैट में एसडीएम संतदास पवार और कांठ में योगेश चंद्र शर्मा नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

जिसके तहत कांठ थाने में आठ शिकायतें प्राप्त हुई इनमें दो का मौके पर निस्तारण किया गया बाकी शिकायतों का एक सप्ताह में निस्तारण करने के नायब तहसीलदार ने निर्देश दिए। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह ने बताया कि समाधान दिवस में शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है। और समय रहते बाकी छः शिकायतो का निस्तारण भी कर दिया जाएगा। इस मौके पर बीट प्रभारी सहित लेखपाल एवं कानून गो मौजूद रहे।

प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल में समर कैंप, छात्रों ने सीखे योग और रचनात्मक कौशल

बिलारी। तहसील क्षेत्र के गांव बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित समर कैंप के दौरान छात्रों को योगाभ्यास, लेखन एवं विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए स्वास्थ्य शिक्षा का ज्ञान होना बेहद आवश्यक है। इसके अभाव में व्यक्ति स्वयं को अस्वस्थ महसूस करता है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन शारीरिक गतिविधियां और योगाभ्यास करने से शरीर स्वस्थ एवं सक्रिय रहता है। शनिवार को समर कैंप के चौथे दिन प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने छात्रों को "सवाल करो-जवाब लो" गतिविधि, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी तथा समर कैंप के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि समर कैंप छात्रों के अतिरिक्त समय के सदुपयोग का एक बेहतर माध्यम है, जिसके जरिए छात्र जीवन में होने वाले महत्वपूर्ण परिवर्तनों को बेहतर ढंग से समझ और सीख सकते हैं।

उन्होंने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य छात्रों को समय का सदुपयोग करना सिखाना, अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाना तथा टेडी बेयर, फूलदान और अन्य कलाकृतियां तैयार कर आत्मनिर्भर बनाना है। "सवाल करो-जवाब लो" कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने और बेहिचक अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर आदित्य राघव, विनीत कुमार, रंजीत, योगेंद्र, समीर, इरफान, सतपाल चौधरी, आकांक्षा, सजल राघव, अनीता, विनीता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

रसूलपुर गांव में कलश यात्रा के उपरांत जंभ वाणी हरिकथा का शुभारंभ

कांठ (शाह टाइम्स) रसूलपुर गांव में चंद्रपाल सिंह और राहुल बिश्नोई के सौजन्य से आज जम्भ वाणी श्री हरि कथा का शुभारंभ किया गया कथा से पहले स्वामी प्रवणानंद महाराज और कथा वाचक आचार्य गो. विंद सरणानंद महाराज के सानिध्य में कलश यात्रा निकाली गई जो की चामुंडा स्थल से प्रारंभ होकर कथा स्थल पर पहुंची इस दौरान संतों ने अपने संदेश में कहा कि सत्संग मनुष्य जीवन का वह अमूल्य साधन है जो आत्मा

को परमात्मा से जोड़कर जीवन को सच्चे सुख शांति और कल्याण की ओर ले जाता है कथा एवं सत्संग के माध्यम से संस्कार सेवा भक्ति और मानवता का संदेश प्राप्त होता है। जहां संतों का सानिध्य और सत्संग का संगम होता है वहीं से आत्म कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। इससे पहले कथा स्थल में हवन किया गया जिसमें देश की खुशहाली के लिए आहुतियां दी गई बताया गया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 1:00 से 4:00 तक संचालित होगी। इस अवसर पर ऋतिक बिश्नोई दिव्यांश बिश्नोई कर्मवीर सिंह दीपक एडवोकेट उत्कृष्ट हरिहर रोहतास कुमार दिनेश कुमार राजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

23 यूपी बटालियन एनसीसी का दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू

मुरादाबाद। कैंप कमांडेंट कर्नल रघु पठानिया द्वारा 23 यूपी बटालियन एनसीसी मुरादाबाद का दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आज 23 मई 2026 को महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, मुरादाबाद में शुरू किया गया।आज सुबह एनसीसी कैडेट पूरे जोश के साथ शिविर स्थल पर पहुंचे। पहले उनके प्रपत्रों की जांच की गई और बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की गई। पहले दिन कैडेटों को ठहरने की व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही गर्मी के मौसम में साफ-सफाई का ध्यान रखने और भरपूर पानी पीकर स्वस्थ रहने की सलाह दी गई।

मेजर राजीव ढल ने बताया कि आज प्रातः 7:00 बजे कैंप कमांडेंट कर्नल रघु पठानिया द्वारा शिविर का प्रारंभिक उद्बोधन किया जाएगा और कैडेटों को दस दिवसीय शिविर की जानकारी दी जाएगी।इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सी.एस. भट्ट, मेजर राजीव ढल, कैप्टन छत्रपाल सिंह, सेकंड ऑफिसर डॉ. रविंद्र पाल सिंह, सेकंड ऑफिसर कल्पना, सूबेदार मेजर मुकेश कुमार, सूबेदार सुरेश सिंह, सूब. दार कुलदीप सिंह, हवलदार संजय कुमार, वरिष्ठ सहायक अमित कुमार, सुरेश कुमार, राहुल सैनी एवं समस्त एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

मजदूरी के पैसों के विवाद में दंपति ने मारपीट करने का लगाया आरोप, पुलिस से की शिकायत

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। थाना सोनकपुर क्षेत्र के ग्राम बेहटा में मजदूरी के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष

द्वारा थाना प्रभारी को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि 23 मई 2026 की सुबह करीब 6 बजे भट्टे पर काम करने के दौरान विवाद हो गया। बताया गया कि मजदूरी और पुराने लेन-देन को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जिसके बाद मामला बढ़कर मारपीट तक पहुंच गया। बदायूं जनपद के इस्लामनगर के रहने वाले पीड़ित मजदूर दंपति का आरोप है कि वह सोनकपुर थाना क्षेत्र के गांव बेहटा में एक भट्टे पर काम करते हैं। आरोप लगाया गया है कि कुछ लोगों ने मिलकर पीड़ितों पर डंडों से हमला कर दिया। घटना में सुनील उसकी पत्नी रिंकी समेत अन्य लोगों को चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपमानित किया और जान से मारने की धमकी भी दी। इसके अलावा महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने का भी आरोप लगाया गया है। घटना के बाद घायल पक्ष ने थाना सोनकपुर पहुंचकर पुलिस को लिखित शिकायत दी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया।

भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए शिवसेना ने चलाया जल सेवा अभियान, जगह-जगह रखवाए पानी के टब

शाह टाइम्स संवाददाता

बिलारी। भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को मंदिर पोड़ा खेड़ा गेट के बराबर स्थित शिवसेना कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिवसेना के जिला उप प्रमुख राजीव सक्सेना ने कहा कि शिवस. ेना लगातार पशु और पंछियों को बचाने के लिए अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि तेज गर्मी के चलते नगर में गौ माता सहित पशु-पक्षी पानी के बिना व्याकुल हो रहे हैं और पानी का साधन न मिलने के कारण इधर-उधर भटकते रहते हैं। कई बार पानी न मिलने से उनकी मौत तक हो जाती है। उन्होंने बताया कि इसी को ध्यान में रखते हुए शिवसेना द्वारा सरकारी हैंडपंपों के आसपास पानी के बड़े-बड़े टब

रखवाए गए हैं, ताकि पशु-पक्षियों को राहत मिल सके। साथ ही नगरवासियों से अपील की गई कि वे अपने घरों की छतों पर तथा आसपास किसी बर्तन में पानी भरकर रखें, जिससे गर्मी में पशु-पक्षियों को पानी मिल सके। उन्होंने कहा कि लोगों का एक छोटा सा प्रयास भी पशु-पक्षियों का जीवन बचा सकता है। कार्यक्रम के दौरान शिवसेना कार्यकर्ताओं द्वारा पानी के बड़े-बड़े टबों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर महेश सिंह, हरी बाबू, सुशील शर्मा, संतोष कुमार, विनोद यादव, मनोज गुप्ता, सौरव सक्सेना, कुश सक्सेना, रवि शंकर रस्तोगी, अमित गुप्ता, मयूर गुप्ता, भूरा भाई, संजय गुप्ता, विशाल गुप्ता सहित अनेक शिवसैनिक मौजूद रहे। यह अभियान पुरानी तहसील, मंदिर पोड़ा खेड़ा, शाहबाद रोड, बालाजी मंदिर, महाराणा प्रताप जी की मूर्ति और नेहरू चौक क्षेत्र में चलाया गया।

तहसील क्षेत्र में बढ़ता पर्यावरण संकट बना चिंता का विषय

काँठ(शाह टाइम्स)। तहसील काँठ क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण, अवैध कटान और जलभराव की समस्याओं ने पर्यावरण संकट को गंभीर रूप दे दिया है। क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में दूषित वातावरण और घटती हरियाली के कारण लोगों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। क्षेत्र में सड़कों के किनारे कूड़े के ढेर, नालियों में जमा गंदगी और खुले में कचरा जलाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इससे वायु प्रदूषण के साथ-साथ संक्रामक बीमा. रियों का खतरा भी बढ़ गया है। वहीं दूसरी ओर अवैध रूप से पेड़ों की कटाई के कारण हरियाली तेजी से कम हो रही है, जिससे पर्यावरण संतुलन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्रोतों के दूषित होने की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। कई स्थानों पर गंदा पानी तालाबों और नालों में छोड़े जाने से जल प्रदूषण बढ़ रहा है। किसानों का कहना है कि प्रदूषित पानी का असर खेती और पशुओं के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। नागरिकों ने बताया कि यदि समय रहते पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में स्थिति और भयावह हो सकती है। लोगों ने क्षेत्र में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाने, कूड़ा निस्तारण की बेहतर व्यवस्था करने और अवैध कटान पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।सामाजिक संगठनों एवं पर्यावरण प्रेमियों ने प्रशासन से अपील की है कि क्षेत्र में स्वच्छता अभियान को प्रभावी बनाया जाए तथा लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाए। उनका कहना है कि स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण के लिए प्रशासन और आमजन दोनों को मिलकर प्रयास करने होंगे।

खादी-ग्रामोद्योग पुरस्कार योजना में एक सप्ताह तक मांगे आवेदन

● कम निवेश में ज्यादा रोजगार देने वाली इकाइयों को मिलेगा लाभ

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मंडल एवं प्रदेश स्तरीय पुरस्कार योजना के तहत आवेदन मांगे गए हैं। जनपद मुरादाबाद में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत स्थापित इकाइयां इसके लिए पात्र होंगी। जिला ग्रामोद्योग कार्यालय मुरादाबाद ने बताया कि योजना के तहत न्यूनतम तीन वर्ष से निरंतर कार्यरत और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली इकाइयों को पुरस्कृत किया जाएगा। चयन का मुख्य आधार कम पूंजी निवेश पर अधिक रोजगार सृजन होगा। चयन समिति प्राप्त आवे. दनों की जांच के बाद योग्य इकाइयों की सूची बोर्ड को भेजेगी।इच्छुक उद्यमी व इकाई संचालक एक सप्ताह के भीतर अपना आवेदन पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, एम.आई.टी., ए. एम./6, दीनदयालनगर प्रथम, मुरादाबाद में जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ इकाई के पंजीकरण, उत्पादन, रोजगार सृजन व अन्य आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने होंगे।योजना के अंतर्गत मंडल एवं प्रदेश स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे। विजेता इकाइयों को पुरस्कार धनराशि के साथ प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा।

इसका उद्देश्य ग्रामोद्योग क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले उद्यमियों को प्रोत्साहित करना और रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि यह पुरस्कार उन इकाइयों के लिए प्रेरणा बनेगा जो कम लागत में स्थानीय स्तर पर अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रही हैं। समय से आवे. दन करने पर ही योजना का लाभ मिल सकेगा।

बढ़ती गर्मी से बचाव को लेकर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल ने दिए जरूरी सुझाव

शाह टाइम्स संवाददाता

बिलारी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल ने शनिवार को ओपीडी के दौरान मरीजों, बच्चों और बुजुर्गों को बढ़ती गर्मी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि तेज धूप और अत्यधिक गर्मी के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए सभी को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। डॉ. राजपाल ने सलाह देते हुए कहा कि अत्यधिक गर्मी के समय बिना जरूरी काम के घर से बाहर न निकलें। खासकर बच्चे और बुजुर्ग दोपहर के समय धूप से बचें। उन्होंने कहा कि बासी भोजन का सेवन बिल्कुल न करें और अत्यधिक ठंडा पानी पीने से भी बचें, क्योंकि इससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी कारणवश धूप में बाहर निकलना पड़े तो सिर को कपड़े या छाते से ढककर ही बाहर जाएं। साथ ही शरीर में पानी की कमी न होने दें और हल्का एवं ताजा भोजन करें।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल स्वयं ओपीडी में मरीजों का परीक्षण कर रहे हैं तथा लोगों को गर्मी से बचाव के प्रति जागरूक भी कर रहे हैं।

अस्पताल आने वाले मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों की जानकारी देकर सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

टीएमयू नर्सिंग कॉलेज में 'एलिरियन सायोनारा' फेयरवेल पार्टी निखिल चौहान मिस्टर व दिव्या नायर मिस फेयरवेल चुनी गई

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में बीएससी नर्सिंग अंतिम वर्ष के स्टूडेंट्स के लिए फेयरवेल पार्टी

'एलिरियन सायोनारा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नृत्य, संगीत और मनोरंजक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। फेयरवेल में निखिल चौहान को मिस्टर फेयरवेल और दिव्या नायर को मिस फेयरवेल चुना गया। दोनों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ रिद्धि-सिद्धि भवन में हुआ। बीएससी तृतीय वर्ष की छात्राओं प्राची, महिमा गुप्ता, केंजल एंड ग्रुप ने बॉलीवुड गीतों पर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं अमन कुमार, जैनाथ मिश्रा, समर्पित एंड ग्रुप के डांस ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। अंतिम वर्ष के स्टूडेंट्स के लिए एक विशेष मेमोरी वीडियो के जरिए कॉलेज जीवन की यादगार झलकियां भी प्रस्तुत की गईं। इस मौके पर नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी ने स्टूडेंट्स को समर्पण, अनुशासन और मानव सेवा की भावना के साथ नर्सिंग पेशे में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उत्कृष्ट नर्स बनकर समाज और राष्ट्र की सेवा करने की शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या प्रो. जेसलीन एम. ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने आत्मविश्वास, संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच के साथ करियर में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम में वाइस प्रिंसिपल प्रो. राम निवास समेत डॉ. सहर्ष वाल्टर, प्रो. विजिमोल, डॉ. रामकुमार गर्ग, डॉ. सुमन वशिष्ठ, डॉ. सपना सिंह, प्रो. वेदमूर्ति, प्रो. अनुषी सिंह, श्री गौरव कुमार, श्री नफीस अहमद, श्री शैलेन्द्र वर्मा, सुश्री विभा कुमारी, श्रीमती चेतना वशिष्ठ आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन डॉ. सहर्ष वाल्टर और प्रो. विजिमोल ने किया। संचालन जैनाथ, मिशवाह, सुश्री ईशिता और शालिना ने किया।

मझोला क्षेत्र में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

परिजनों ने लगाया जहरीला पदार्थ देकर हत्या का आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। मझोला थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान पवन कुमार पुत्र कैलाश के रूप में हुई है। परिजनों ने पवन को जहरीला पदार्थ देकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बताया जा रहा है कि पवन कुमार मूल रूप से गोवर्धनपुर बगी गांव का निवासी था, जो मैनाठेर थाना क्षेत्र में पड़ता है। पिछले कुछ वर्षों से वह अपनी पत्नी के साथ कुंदनपुर स्थित डीडी कृषि कार्यालय के पास किराये पर रहकर मेहनत मजदूरी करता था और परिवार का पालन-पोषण कर रहा था।घटना के संबंध में मृतक की पत्नी ने पुलिस को तहरीर देकर कुछ लोगों पर जहरीला पदार्थ देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और परिवार में को. हराम मच गया।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। वहीं, मृतक के परिजनों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

बिजली कटौती और खाद संकट को लेकर भाकियू (अराजनैतिक) ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

ठाकुरद्वारा। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों ने तहसील क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती तथा किसानों को खाद न मिलने की समस्या को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि 26 मई 2026 तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो किसान आंदोलन और धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन में बताया गया कि तहसील ठाकुरद्वारा क्षेत्र में पिछले काफी समय से विद्युत व्यवस्था बेहद खराब बनी हुई है। किसानों का आरोप है कि प्रतिदिन 8 से 10 घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है, जिससे गन्ने समेत अन्य फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। किसानों ने कहा कि सुर. जनगर सबस्टेशन पर संपर्क करने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला और अधिकारियों द्वारा ऊपर से कटौती होने की बात कही गई। वहीं एसडीओ डिलारी से मौखिक शिकायत के बावजूद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके साथ ही किसानों ने खाद वितरण व्यवस्था पर भी नाराजगी जताई। ज्ञापन में कहा गया कि शासन के आदेशानुसार किसानों को खाद उनकी फर्द या आधार कार्ड के आधार पर मिलनी चाहिए, लेकिन खाद विक्रेता किसानों को परेशान कर रहे हैं और समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।भाकियू (अराजनैतिक) के तहसील अध्यक्ष चौधरी संजीव सिंह सहरावत ने प्रशासन से मांग की कि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाए। संगठन ने स्पष्ट किया कि यदि मंगलवार 26 मई तक बिजली और खाद की समस्या दूर नहीं हुई तो संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि 26 मई 2026 तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो किसान आंदोलन और धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।सोमन्त सिंह,नरेंद्र पाल सिंह अमित कुमार सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

शिवसेना ने बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ उठाई आवाज

रसोइयों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों को राहत देने की मांग

ठाकुरद्वारा। शिवसेना के जिला प्रमुख उदय बालासाहेब ठाकरे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और छोटे व्यापारियों की समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद की। संगठन की ओर से विभिन्न जनहित मांगों को लेकर ज्ञापन तैयार कर सरकार से शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि लगातार बढ़ती महंगाई के कारण आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है। रसोइयों, मजदूरों, छोटे दुकानदारों और निम्न आय वर्ग के लोगों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने घरेलू गैस, खाद्य पदार्थों और रोजमर्रा की वस्तुओं के दामों में कमी किए जाने की मांग उठाई। शिवसेना पदाधिकारियों ने कहा कि मजदूरों और छोटे व्यापारियों पर टैक्स एवं अन्य खर्चों का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे उनका रोजगार प्रभावित हो रहा है। संगठन ने बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने, छोटे व्यापारियों को राहत देने तथा अनावश्यक खर्चों और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि बढ़ती बेरोजगारी के कारण युवा वर्ग निराश है। सरकार को रोजगार के नए अवसर पैदा करने चाहिए ताकि युवाओं को पलायन न करना पड़े। इसके अलावा किसानों, मजदूरों और छोटे कारोबारियों के हित में ठोस नीतियां लागू करने की मांग की गई। इस दौरान तहसील प्रमुख सोमपाल सिंह, मनीष शर्मा , प्रदीप शर्मा, आकाश कश्यप, हेमेंद्र सिंह, हरपाल सिंह, सुशील कुमार, अतुल सिह , कामेन्द्र कुमार , कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चौकी परिसर में अमन कमेटी की बैठक संपन्न, शांति और सौहार्द के साथ ईद-उल-अजहा मनाने का संकल्प

सुरजन नगर। सुरजन नगर चौकी परिसर में आगामी त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरा ईद) को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी सिलसिले में शुक्रवार शाम 6 बजे के बीच सुरजन नगर पुलिस चौकी परिसर में एक महत्वपूर्ण अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, विभिन्न ग्रामों के प्रधानों, धर्मगुरुओं और प्रमुख समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और क्षेत्र में आपसी भाईचारा बनाए रखने पर चर्चा की। ध्बैठक को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए कोतवाली प्रभारी मनोज परमार ने कहा कि बकरा ईद का यह पावन त्योहार आपसी प्रेम, त्याग और भाईचारे का प्रतीक है। इसे इसी भावना के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने शासन और प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइंस को रेखांकित करते हुए सख्त निर्देश दिए कि पशुओं की कुर्बानी केवल निर्धारित और सुरक्षित स्थानों पर ही की जाए। सार्वजनिक स्थानों, सड़कों या खुले में इस प्रकार की गतिविधि पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। यदि कोई भी नियमों का उल्लंघन करता हुआ पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।ध्कोतवाली प्रभारी ने आमजन से अराजक तत्वों से दूरी बनाए रखने और पूरी तरह सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैलने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।ध्इसके बाद, पुलिस चौकी प्रभारी ओंमकार सिंह ने भी उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा किसी भी नागरिक को किसी के बहकावे में आने की आवश्यकता नहीं है। अफवाहों पर ध्यान बिल्कुल न दें। जो भी व्यक्ति माहौल बिगाड़ने या अफवाह फैलाने का प्रयास करेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस को तुरंत सूचना दें, ताकि समय रहते उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। ध्बैठक के अंत में उपस्थित सभी नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। सभी ने एक स्वर में त्योहार को शांति और आपसी सौहार्द के साथ मनाने का संकल्प लिया।

नगर में धड़ल्ले से बिक रही घटिया मिठाई दूध व पनीर, खाद्य विभाग बना मूकदर्शक

ठाकुरद्वारा। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। बाजारों में खुलेआम घटिया मिठाई, मिलावटी दूध, नकली पनीर और कई दिन पुरानी खाद्य सामग्री बेची जा रही है, लेकिन खाद्य सुरक्षा विभाग आंखें मूंदे बैठा है। दुकानदार ग्राहकों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति करते नजर आते हैं। नगर की अधिकांश मिठाई दुकानों पर साफ-सफाई के मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। हाईवे किनारे और बाजारों में खुले में रखी मिठाइयों व समोसों पर धूल-मिट्टी जमती रहती है, लेकिन दुकानदारों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। कई दुकानों पर बासी मिठाइयों को दोबारा सजाकर ग्राहकों को बेचने का खेल चल रहा है। यदि कोई ग्राहक शिकायत करता है तो दुक. ानदार तुरंत मिठाई बदलकर मामला शांत कर देते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि त्योहारों के समय ही खाद्य विभाग के अधिकारी सक्रिय दिखाई देते हैं। बाजारों में चेकिंग अभियान चलाकर कुछ सैंपल भर ले लिए जाते हैं, लेकिन त्योहार समाप्त होते ही विभागीय कार्रवाई भी ठंडे बस्ते में चली जाती है। आम दिनों में न तो बाजारों की नियमित जांच होती है और न ही मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई।

नगरवासियों का कहना है कि मिलावटी दूध, नकली खोया और घटिया पनीर के सेवन से लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह खाद्य सामग्री गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। इसके बावजूद खाद्य सुरक्षा विभाग की उदासीनता लोगों में नाराजगी पैदा कर रही है। लोगों ने जिलाधिकारी एवं उच्च अधिकारियों से मांग की है कि नगर और देहात क्षेत्र में अभियान चलाकर मिठाई, दूध, पनीर एवं अन्य खाद्य पदार्थों की जांच कराई जाए। साथ ही मिलावटखोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर जनता की सेहत से खिलवाड़ करने वालों पर लगाम लगाई जाए।

जलभराव की समस्या पर नागरिक परिषद ने सौंपा ज्ञापन, ईओ ने नालों की सफाई व अतिक्रमण हटाने का दिया आश्वासन

शाह टाइम्स संवाददाता

बिलारी। नागरिक परिषद बिलारी के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी बिलारी और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिलारी को बिलारी नगर में जल भराव की समस्या के समाधान हेतु प्रार्थना पत्र दिया। नागरिक परिषद बिलारी कार्यकारिणी की प्रथम मीटिंग सभासद राकेश कुमार यादव हर्ष नगर में समाजसेवी डॉ राकेश रफीक की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में नागरिक परिषद बिलारी के संयोजक डॉ जितेंद्र दक्ष,फैसल रजा, प्रधान माजिद हुसैन, सभासद राकेश कुमार यादव ने कहा कि नगर में पानी निकास की समस्या विकराल रूप धारण कर रही है मगर नगर पालिका प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है नई सड़क पर जल निकासी की समस्या का समाधान नहीं हुआ अब अब्दुल्ला मोहल्ला गमादेवत मंदिर के पास भी जलभराव हो रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि जलभराव की समस्या के समाधान हेतु उपजिलाधिकारी बिलारी और अधिशासी अधिकारी बिलारी को ज्ञापन दिया जाएगा। मीटिंग के बाद नगर में पानी निकास की समस्या के संबंध में तहसीलदार आदित्य कुमार को ज्ञापन दिया। इस अवसर पर तहसीलदार बिलारी आदित्य कुमार ने जलभराव की समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिलारी को ज्ञापन दिया इस मौके पर अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह ने कहा कि शीघ्र समाधान के निस्तारण हेतु नालों की सफाई कर्मचारीयों से शीघ्र शुरू कराई जाएगी और जल निकासी वाले मार्ग पर कमेटी बना कर निरीक्षण कर अतिक्रमण करने वालोंको चिन्हित कर नोटिस देकर कारवाई की जायेगी।

नगर पालिका परिषद द्वारा ग्राम हरोरा के पास जल निकासी पर जल्द कार्य किया जायेगा। वार्ता के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि आयुष चिकित्सालय की भूमि पर बाउंड्री वॉल और तारबंदी शीघ्र शुरू कराने को कहा गया जिस पर अधिशासी अधिकारी ने कहा कि इस कार्य को शीघ्र शुरू करा दिया जाएगा। इस मौके पर राकेश जैन, डॉ राकेश रफीक, डॉ जितेंद्र दक्ष, सभासद राकेश कुमार यादव,फैसल रजा, प्रधान माजिद हुसैन अंसारी, अनीस अहमद, तिलक राज चांदना,किशन लाल प्रजापति, रंजीत यादव, नईम सैफी , अनिल गुप्ता, गोरव यादव, रवि शंकर, राजकुमार कश्यप, मौविन, अरविंद, असलम मास्टर आदि ने विचार व्यक्त किये।

मैसूवाला में बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान, एसडीएम को सौंपा प्रार्थना पत्र

ठाकुरद्वारा। ग्राम पंचायत मैसूवाला के ग्रामीणों ने क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती और रात्रि में विद्युत आपूर्ति ठप रहने की समस्या को लेकर उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर समाधान की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि भीषण गर्मी और हीटवेव के बीच बिजली संकट ने लोगों का जीवन प्रभावित कर दिया है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया कि पहले क्षेत्र में सामान्य रूप से बिजली कटौती होती थी, लेकिन पिछले कुछ दिनों से स्थिति बेहद खराब हो गई है। वर्तमान में पूरे दिन में केवल 7 से 8 घंटे ही बिजली मिल पा रही है और उस दौरान भी बार-बार ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती है। विशेष रूप से रात्रि के समय बिजली लगभग पूरी तरह बंद रहने से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बाजार गंज में लगा भीषण जाम, खरीदार व दुकानदार हुए परेशान

ठाकुरद्वारा। शनिवार को नगर के व्यस्त बाजार गंज क्षेत्र में भीषण जाम लगने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। खरीदारी करने आए लोगों द्वारा दुकानों के सामने अव्यवस्थित तरीके से बाइक खड़ी कर देने के कारण सड़क संकरी हो गई। इसी दौरान ई-रिक्शा और कारों के पहुंचने से बाजार में लंबा जाम लग गया। जाम के चलते बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। एक ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं तो दूसरी ओर चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया। जाम में फंसे राहगीर, महिलाएं और बच्चे काफी देर तक परेशान होते रहे। कई दुकानदारों को भी ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में लगातार बढ़ रही अवैध पार्किंग की समस्या अब गंभीर रूप लेती जा रही है। बाजारों में सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहन आए दिन जाम का कारण बन रहे हैं। इसके बावजूद यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे।व्यापारियों और नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बाजार गंज सहित मुख्य बाजारों में पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए नियमित अभियान चलाया जाए, ताकि लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

महिला और उसके पति के साथ मारपीट, चार पर मुकदमा

ठाकुरद्वारा। में खेत पर जा रहे दंपति के साथ मारपीट और जानलेवा हमला किया गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव वोवदवाला मझरा (पूरब) निवासी पूनम ने बताया कि वह 11 मई को अपने पति जितेन्द्र के साथ खेत पर जा रही थी। इसी दौरान गांव दारापुर निवासी मुकेश, उसकी पत्नी पायल और गांव के ही सतपाल व जीतू ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई, जिसके बाद आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। महिला का कहना है कि मारपीट के दौरान उसके सिर पर लोहे की रॉड से हमला किया गया और चाकू से भी वार किया गया, जिससे वह घायल हो गई।

तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक की मौत, पत्नी और दो बच्चे गंभीर घायल

ठाकुरद्वारा। कमालपुरी चौराहे के पास शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और दो छोटे बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने परि. जनों की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दुल्हापुर पट्टी जाट निवासी मौ. इसरार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका भतीजा मोहम्मद इरशाद पुत्र मोहम्मद उमर निवासी मोहल्ला नथा सिंह जसपुर जिला ऊधम सिंह नगर अपनी पत्नी मोहसिना खातून, सात वर्षीय बेटी माहिरा नूर और पांच वर्षीय बेटे बुहान के साथ बाइक से अपनी बहन की ससुराल महमूदपुर लाल थाना डिलारी जा रहा था। बताया गया कि कमालपुरी चौराहे के पास मोहम्मद इरशाद ने बाइक सड़क किनारे रोक दी थी और अपने चाचा का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान तेज गति और लाप. रवाही से आ रही टाटा पंच कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार परिवार सड़क पर जा गिरा और सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। इलाज के दौरान मोहम्मद इरशाद की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और दोनों बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ सपा का जोरदार प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। केंद्र और प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई और बेरोजगारों पर लाठीचार्ज के विरोध में शनिवार को समाजवादी पार्टी ने सिविल लाइन स्थित जिला कार्यालय चक्कर की मिलक पर जमकर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी एकजुट हुए। प्रदर्शनकारियों ने पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाद्य तेल, चावल सहित जरूरी वस्तुओं की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी पर रोक लगाने की मांग की। नीट पेपर लीक, बेरो. जगारों, वकीलों, शिक्षकों और महिलाओं पर लाठीचार्ज के खिलाफ भी नारेबाजी की गई। सपा नेताओं ने कहा कि महिला आरक्षण बिल 2023 को परिसीमन और जनगणना का इंतजार किए बिना तत्काल लागू किया जाए। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की गलत नीतियों से आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है। मध्यम व गरीब वर्ग आर्थिक संकट से जूझ रहा है। आवाज उठाने पर सरकार उत्पीड़न कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सांसदों-विधायकों को नजरबंद किया जाता है, जबकि भाजपाई कार्यकर्ताओं को पुलिस संरक्षण में प्रदर्शन की छूट है। ऐसे अधिकारियों की सूची बनाई जाएगी। पार्टी कार्यालय से रैली की शक्ल में कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए सिविल लाइन, अंबेडकर पार्क, राज. महल होटल होते हुए कचहरी पहुंचे। यहां विधानसभा में मुख्य सचेतक व कांठ विधायक कमाल अख्तर, विधायक नासिर कुरैशी, पूर्व विधायक हाजी रिजवान, पूर्व विधायक हाजी युसूफ अंसारी ने संबोधित किया। सपा ने महामहिम राष्ट्रपति से हस्तक्षेप कर जनविरोधी नीतियों, महंगाई और जनता पर हो रहे अत्याचार पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, कमाल अख्तर, नासिर कुरैशी, हाजी रिजवान, हाजी युसूफ अंसारी, बाबर खान, फुरकान अली, इकबाल अंसारी, अतहर हुसैन अंसारी, धर्मेंद्र यादव, गजेंद्र यादव, नौशाद पाशा सहित सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रदर्शन में जंबेश्वर विश्वविद्यालय परीक्षा में सैकड़ों बच्चों के फेल होने पर भी रोष जताया गया।

गदीपुर गांव में जन चौपाल आयोजित

ईद-उल-अजहा को लेकर शांति-सौहार्द की अपील

कुन्दरकी। आगामी त्योहार ईद-उल-अजहा को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को थाना कुन्दरकी क्षेत्र के गांव गदीपुर में जन चौपाल का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी हम्बीर सिंह जादौन ने ग्रामीणों को अमन-चौन कायम रखने की अपील की। शनिवार को ग्राम गदीपुर में आयोजित जन चौपाल में गांव के पूर्व व वर्तमान प्रधान, मौलाना, संभ्रांत व्यक्ति व बड़ी संख्या में आम ग्रामीण मौजूद रहे। थाना प्रभारी ने सभी से ईद-उल-अजहा का त्योहार भाईचारे के साथ मनाने और कोई नई परंपरा न डालने की अपील की। ग्रामीणों को गांव को जुआ, सट्टा व अवैध शराब जैसे अपराधों से मुक्त करने के लिए जागरूक किया गया। अपराध नियंत्रण में पुलिस का सहयोग करने, यातायात नियमों का पालन करने और साइबर अपराध से बचाव के उपाय भी बताए गए। पुलिस ने अपराधियों को सख्त हिदायत देते हुए अपराध छोड़कर मुख्यधारा में लौटने को कहा। साथ ही गांव में अमन-चौन व आपसी सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया गया। जन चौपाल में मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस-प्रशासन को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया और त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का संकल्प लिया।

जोनल टैक्स बार एसोसिएशन में सैयद आरिफ अली अध्यक्ष अनुज गुप्ता महासचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। जोनल टैक्स बार एसोसिएशन पंजीकृत का सत्र 2026-2027 का चुनाव संपन्न हुआ। सैयद आरिफ अली अध्यक्ष तथा श्री अनुज गुप्ता महासचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। अध्यक्षता राकेश कुमार शर्मा ने की तथा संच. ालन महासचिव दीपक अग्रवाल ने किया। सभा में पिछली बैठक का कार्यवृत्त सर्वसम्मति से पारित किया गया।सत्र 2025- 2026 में नए सदस्यों को सदस्यता प्रमाण पत्र वित. रित किए गए। विशिष्ट योगदान के लिए राजदीप गोयल, अनुज गुप्ता, दीपक कुमार गुप्ता, हर्षित रस्तोगी, विपिन कुमार, अभिषेक चांदना, रोहित हरि अग्रवाल, प्रतीक गोयल, अमित वर्मा, संजीव माहेश्वरी आदि को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।ऑडिटर मनीष गुप्ता एवं अनुज गुप्ता ने आय-व्यय की ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की। महासचिव दीपक अग्रवाल ने सत्र 2025-2026 की कार्य रिपोर्ट पढ़ी। इसके बाद अध्यक्ष का संबोधन हुआ।सत्र 2026-2027 की चुनाव प्रक्रिया के लिए एल्डर कमेटी को आमंत्रित किया गया। चेयरमैन संजीव माहेश्वरी एवं सदस्य संजीव भटनागर ने बताया कि कुल 6 नामांकन प्राप्त हुए। एक नामांकन अयोग्य होने के कारण रद्द कर दिया गया। शेष 5 नामांकन स्वीकृत हुए। प्रत्येक पद पर एक-एक नामांकन आने से सभी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।एल्डर कमेटी अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सैयद आरिफ अली को शपथ दिलाई। इसके बाद अध्यक्ष सैयद आरिफ अली ने महासचिव अनुज गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल सिंह, उपाध्यक्ष विपुल अग्रवाल व शाहवेज मलिक, संयुक्त सचिव मनीष गुप्ता, आकाश गुप्ता व ताबिश जमाल, कोषाध्यक्ष मनीष कालरा, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य रोहित हरी अग्रवाल, कमल कुमार सिंह, मुकेश कुमार सैनी, अजय अग्रवाल, कनिष्ठ कार्य कारिणी देवराज सिंह चौहान, हिमांशु नेगी, तारिक अजीम, त्रिवेणी शंकर आदि को शपथ दिलाई। अध्यक्ष सैयद आरिफ अली ने रिक्त पदों पर अन्य सदस्यों को नामित किया। इस अवसर पर संजीव बिहारी भटनागर, दीपक अग्रवाल, ताबिश जमाल, दीपक कुमार गुप्ता, वैभव गुप्ता, शलभ अग्रवाल, नौशाद अहमद, आकाश गुप्ता, प्रतीक गोयल, जावेद मलिक, शाहिद हुसैन, तारिक अजीम आदि सदस्य मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

सम्पादक
एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

उत्तर रेलवे

ई-नीलामी

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा वाणिज्य विज्ञापन, पूजा सामग्री काउंटर, कीओस्क, ब्रांडेड आउटलेट, फूड वैन, सैलून कीओस्क, मोबाइल स्टोर & कैंटीन के ठेकों को संचालन एवं आवंटन हेतु ई-बोलियाँ website: www.ireps.gov.in पर दिनांक 08.06.2026 को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्ते www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

1751/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिलारी, (मुरादबाद)।

पत्रांक: मीमो/न.पा.परि.बि./2026-27 **:: नोटिस::** **दिनांक:** 19.05.2026

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मौहल्ला बाजार वार्ड संख्या 12 तहसील, बिलारी स्थित भवन संख्या-2503 जो गृहकर अभिलेखों में श्री अपार प्रताप सिंह पुत्र श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह निवासी मौ॰ बाजार बिलारी जिला मुरादाबाद के नाम दर्ज है पर श्रीमति युक्ति अग्रवाल पत्नी श्री मनोज कुमार अग्रवाल निवासी मौहल्ला बाजार पूर्वी तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद के द्वारा उक्त भवन के गृहकर अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने हेतु इस कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र दिनांक 13.04.2026 को प्रेषित किया गया है। जिसके साक्ष्य में इनके द्वारा प्रार्थना पत्र के साथ बैनामे की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित की गयी है।

क्र. सं.	भवन संख्या	मौहल्ला	वर्तमान में दर्ज नाम	नाम परिवर्तन की दशा में गृहकर का प्रकार
1	2503	बाजार	श्री अपार प्रताप सिंह पुत्र श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह	श्रीमति युक्ति अग्रवाल पत्नी श्री मनोज कुमार अग्रवाल

उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस नोटिस की दिनांक के 30 दिन के भीतर अपनी आपत्ति मय साक्ष्य के प्रस्तुत कर सकता है। बीत जाने मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बिलारी (मुरादाबाद)।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिलारी, (मुरादबाद)।

पत्रांक: मीमो/न.पा.परि.बि./2026-27 **:: नोटिस::** **दिनांक:** 19.05.2026

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मौहल्ला बाजार वार्ड संख्या 12 तहसील, बिलारी स्थित नवन संख्या-2503 जो गृहकर अभिलेखों में श्री अपार प्रताप सिंह पुत्र श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह निवासी मौहल्ला बाजार बिलारी जिला मुरादाबाद के नाम दर्ज है पर श्री मनोज कुमार अग्रवाल पुत्र श्री हरनारायण अग्रवाल निवासी मौहल्ला बाजार पूर्वी तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद के द्वारा उक्त भवन के गृहकर अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने हेतु इस कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र दिनांक 13.04.2026 को प्रेषित किया गया है। जिसके साक्ष्य में इनके द्वारा प्रार्थना पत्र के साथ बैनामे की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित की गयी है।

क्र. सं.	भवन संख्या	मौहल्ला	वर्तमान में दर्ज नाम	नाम परिवर्तन की दशा में गृहकर का प्रकार
1	2503	बाजार	श्री अपार प्रताप सिंह पुत्र श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह	श्री मनोज कुमार अग्रवाल पुत्र श्री हरनारायण अग्रवाल

उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस नोटिस की दिनांक के 30 दिन के भीतर अपनी आपत्ति मय साक्ष्य के प्रस्तुत कर सकता है। बीत जाने मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बिलारी (मुरादाबाद)।

लखनऊ ने पंजाब को 197 रन का टारगेट दिया

एलएसजी के धाकड़ बल्लोबज जोश इंग्लिश ने बनाए आकर्षक 72 बड़ोनी की भी 43 रन की तेज पारी

लखनऊ, वार्ता। आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 197 रन का टारगेट दिया है। इकाना स्टेडियम में टास हारकर पहले बैटिंग करते हुए लखनऊ ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 196 रन बनाए।

लखनऊ के लिए जोश इंग्लिस ने सबसे ज्यादा 72 रन की पारी खेली, जबकि आयुष बडोनी ने 18 गेंदों में 43 रन बनाए। आखिर में अब्दुल समद ने नाबाद 37 रन की पारी खेलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। पंजाब की ओर से मार्को यानसन और युजवेंद्र चहल ने 2-2 विकेट किए, जबकि अजमतुल्लाह ओमरजई और शशांक सिंह को 1-1 सफलता मिली। लखनऊ सुपर जायंट्सरू जोश इंग्लिस, अर्शिन कुलकर्णी, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, ऋषभ पंत ढकप्तान और विकेटकीपरऋ, अब्दुल समद, मुकुल चौधरी, अर्जुन तेंदुलकर, मोहम्मद शमी, मोहसिन खान और प्रिंस यादव। यानसन ने एक और विकेट हासिल करते हुए मुकुल चौधरी को 1 रन पर पवेलियन भेज दिया। मुकुल ने बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन लांग-ऑन पर सब्स्टीट्यूट फील्डर प्रवीण दुबे ने डाइव लगाकर कैच पकड़ लिया। शशांक सिंह ने इंग्लिस को आउट कर पंजाब को पांचवीं सफलता दिलाई। इंग्लिस ने बड़ा शाट खेलने की को. शिश की, लेकिन लान्ग-आन पर खड़े कप्तान अय्यर ने आसान कैच लपक लिया।

इंग्लिस 44 गेंदों में 72 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 16 ओवर के बाद लखनऊ का स्कोर 4 विकेट पर 157 रन हो गया है। इंग्लिस 71 रन बनाकर क्रीज पर टिके हुए हैं, जबकि अब्दुल समद ने यानसन के ओवर में एक शानदार छक्का जड़ा। इस ओवर से कुल 10 रन आए। चहल ने पंत को आउट कर पंजाब को एक और बड़ी सफलता दिलाई। पंत ने बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले पर सही तरह नहीं आई और डीप में खड़े यानसन ने आसान कैच पकड़ लिया। पंत 22 गेंदों में 26 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

पंत और इंग्लिस के बीच चौथे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी हुई। इंग्लिस ने 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अर्शदीप सिंह की गेंद को डीप पाइंट की ओर खेलकर दो रन लिए। 10 ओवर के बाद लखनऊ का स्कोर 3 विकेट पर 100 रन हो गया है। इंग्लिस और पंत ने पारी को संभालते हुए क्रीज पर हैं। युजवेंद्र चहल ने आयुष बडोनी को स्टंपिंग कराकर पंजाब को बड़ी सफलता दिलाई। आफ स्टंप के बाहर तेज गेंद पर बडोनी कट शाट खेलने से चूक गए और उनका पैर हवा में उठ गया। विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह ने शानदार फुर्ती दिखाते हुए गिल्लियां बिखेर दीं। बडोनी 18 गेंदों में 43 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 5 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। पावरप्ले में लखनऊ ने 2 विकेट खोकर 66 रन बनाए।

आईसीसी बैठक में गेंद के रंग और पारी के ब्रेक टाइम पर चर्चा

दुबई, वार्ता। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिद (आईसीसी) रेड-बॉल, व्हाइट-बॉल और पिक-बॉल क्रिकेट में खेलने के हालात में बड़े बदलाव करने पर विचार कर रही है और बोर्ड की 30 मई को अहमदाबाद में होने वाली बैठक में मंजूरी मिलने पर इसे लागू किया जा सकता है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित बदलावों में मुख्य कोच को ड्रिक्स ब्रेक के दौरान मैदान में आने की इजाजत देना भी शामिल है। यह बदलाव मुख्य रूप से वनडे क्रिकेट के लिए है, जहां अभी केवल सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों को ही मैदान में आने की इजाजत है।

खेलने के हालात में मौजूदा क्लॉज में कहा गया है, मैदान पर ड्रिक्स ले जाने वाले किसी भी खिलाड़ी को सही क्रिकेट ड्रेस पहननी होगी। मंजूरी मिलने के बाद इसे लागू करने पर मुख्य कोच को भी ड्रिक्स ब्रेक के दौरान मैदान में आने की इजाजत होगी। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि मुख्य कोच को भी टीम की जर्सी पहननी होगी या नहीं। एकदिवसीय क्रिकेट में, हर इनिंग में दो ड्रिक्स ब्रेक की इजाजत है, हर एक एक घंटे और 10 मिनट के अंतर पर तय है। अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में, मुख्य कोच को तकनीकी कारणों से ड्रिक्स ब्रेक के दौरान मैदान पर मौजूद खिलाड़ियों से सलाह करने की इजाजत पहले से ही है। इसके अलावा आईसीसी अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में पारी ब्रेक का समय घटाकर 15 मिनट करने की भी योजना बना रहा है। मौजूदा प्लेइंग कंडीशन में कहा गया है: इनिंग्स के बीच 20 मिनट का गैप होगा।

खेल विशेष

विक्टोरिया म्बोको स्ट्रासबर्ग टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में

स्ट्रासबर्ग (फ्रांस), वार्ता। कनाडा की टेनिस खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको ने स्ट्रासबर्ग में रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन को हराकर इंटरनेशनॉक्स डे स्ट्रासबर्ग टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल में कनाडा की म्बोको ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रोमानिया की खिलाड़ी क्रिस्टियन को तीन सेट के रोमांचक मुकाबले में 7-6, 3-6, 6-2 से हराया। म्बोको 2026 का अपना तीसरा सेमीफाइनल खेल रही थी।19 साल की म्बोको ने क्रिस्टियन के कई सेट पॉइंट बचाने के बाद टाईब्रेक में एक रोमांचक शुरुआती सेट जीता।

आईपीएल स्टार माधव तिवारी होंगे उज्जैन फाल्कन्स का हिस्सा

उज्जैन (मध्य प्रदेश), वार्ता। इंदौर में होने वाली मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिधिया कप 2026 के लिए उज्जैन फाल्कन्स ने अपनी टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें युवा ऑलराउंडर माधव तिवारी सबसे बड़े आकर्षण के रूप में उभरकर सामने आए हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहे माधव तिवारी इस समय मध्य प्रदेश के सबसे चर्चित युवा क्रिकेटरों में से एक हैं। तेज गेंदबाजी करने वाले इस ऑलराउंडर ने अपनी प्रभावशाली गेंदबाजी और निडर बल्लेबाजी से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। टीम को लेकर उज्जैन फाल्कन्स के प्रमोटर विनायक कलानी ने कहा कि, हम एमपीएल के लिए तैयार की गई अपनी टीम को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। माधव तिवारी ने हाल ही में उच्च स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

युकी भांबरी फ्रेंच ओपन में पेश करेंगे भारतीय चुनौती

पेरिस, वार्ता। भारत के टॉप रैंक वाले टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी, फ्रेंच ओपन 2026 के पुरुष युगल मेन ड्रॉ का हिस्सा होंगे और उनके हमवतन एन-श्रीराम बालाजी भी इसमें शामिल होंगे। हालांकि, ए दोनों भारतीय खिलाड़ी अलग-अलग पार्टनर के साथ जोड़ी बनाएंगे। फ्रेंच ओपन में भांबरी, न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के साथ खेलेंगे, जबकि श्रीराम बालाजी, ब्राजील के मार्सेलो डेमोलाइनर के साथ टीम बनाएंगे। सिगल्स मेन ड्रॉ में भारत का कोई भी खिलाड़ी नहीं होगा, क्योंकि करमन कौर थांडी क्वालीफायर राउंड से आगे नहीं बढ़ पाई। जूनियर कैटेगरी में, माया राज. ेश्वरन रेवती और अर्णव पाप. रकर क्रमशः गर्ल्स और बॉयज सिगल्स इवेंट्स में खेलते हुए नजर आएंगे।

MI के खिलाफ मैच में सूर्यवंशी पर टिकी हैं RR की उम्मीदें

लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 200 से ज्यादा रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 38 गेंदों में बनाए गए

मुंबई, वार्ता। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सीजन को अपनी सबसे दिलचस्प कहानी एक ऐसे खिलाड़ी में मिली है जिसकी उम्मीद कम ही थी, 15 साल के वैभव सूर्यवंशी-जिनकी जबरदस्त बैटिंग ने राजस्थान रॉयल्स के अभियान को पूरी तरह बदल दिया है और टूर्नामेंट के आखिरी दौर में एक नया आयाम जोड़ दिया है।

सूर्यवंशी का उभार बहुत तेजी से और जोरदार तरीके से हुआ है। अपनी पिछली तीन पारियों में 230 से ज्यादा के शानदार स्ट्राइक रेट से 175 रन बनाकर, इस टीनएजर ने न सिर्फ लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, बल्कि बड़े दबाव वाले मैचों में लक्ष्य का पीछा करते हुए हावी होने की एक अनोखी काबि. लियत भी दिखाई है। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 200 से ज्यादा रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 38 गेंदों में बनाए गए उनके हालिया 93 रनों ने क्रिकेट जगत में सबका ध्यान खींचा और लीग के सबसे निडर युवा बल्लेबाजों में से एक के तौर पर उनकी साख को और मजबूत किया। यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल के साथ मिलकर, सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स की बैटिंग यूनिट की रीढ़ की हड्डी का काम किया है, जो आक्रामकता और इरादे पर टिकी रही है। आरआर के हालिया प्रदर्शनों ने एक ऐसी रणनीति दिखाई है जो विरोधी टीम पर शुरू में ही हमला करने और बीच के ओवरों में दबाव बनाए रखने पर आधारित हैद्ध यह एक ऐसी रणनीति है जिसने इस सीजन में कई बड़े स्कोर वाले मैचों में सफलता दिलाई है। जैसे ही आरआर 24 मई को मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में संघर्ष कर रही मुंबई इंडियंस का सामना करने की तैयारी कर रही है,

सबका ध्यान इस बात पर टिका है कि क्या यह युवा सनसनी एक बार फिर किसी बड़े मैच के नतीजे पर असर डाल पाएगी। वानखेड़े की पिच, जो बैटिंग के लिए मददगार हालात और छोटी बाउंड्री के लिए जानी जाती है, से एक बार फिर रनों की बौछार होने की उम्मीद है, क्योंकि इस सीजन में टीमें नियमित तौर पर 200 रनों का आंकड़ा पार कर रही हैं। हालांकि, मुंबई इंडियंस एक निराशाजनक अभियान के बाद इस मैच में दबाव में उतर रही है। 13 मैचों में सिर्फ चार जीत के साथ, पांच बार की चैंपियन टीम को लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है, जबकि उनकी टीम में रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या जैसे बड़े सितारे शामिल हैं। कभी-कभार किसी खिलाड़ी के अकेले दम पर किए गए अच्छे प्रदर्शन टीम की सामूहिक सफलता में तब्दील नहीं हो पाए हैं, जिसकी वजह से एमआई पॉइंट्स टेबल में नौवें स्थान पर है। जसप्रीत बुमराह और दीपक चाहर की अगुवाई वाली बॉलिंग यूनिट पर आरआर के आक्रामक टॉप ऑर्डर को रोकने की जिम्मेदारी होगी। बड़े दबाव वाले मैचों में बुमराह का अनुभव बहुत अहम होगा, क्योंकि एमआई एक ऐसी बैटिंग लाइनअप को रो. कने की कोशिश करेगी जिसने हाल के मैचों में विरोधी टीमों के हमलों को बार-बार करारा जवाब दिया है। दोनों टीमों के बीच के हेड-टू-हेड रिकॉर्ड भी इस मुक. ाबले को और दिलचस्प बनाते हैं, जिसमें राजस्थान रॉयल्स ने पिछले पांच मुकाबलों में से तीन जीते हैं। यह थोड़ा सा मनोवैज्ञानिक फायदा, मौजूदा फॉर्म के साथ मिलकर, मैच से पहले के आकलन में आरआर को थोड़ा आगे रखता है। फिर भी, मुंबई इंडियंस घरेलू परिस्थितियों की अपनी जानकारी का फायदा उठाकर मैच का पासा पलटने की कोशिश करेगी। वानखेड़े के दर्शक, जो अपनी जबरदस्त ऊर्जा और समर्थन के लिए जाने जाते हैं, सीजन के आखिरी दौर में अपनी खोई हुई प्रतिठा वापस पाने की कोशिश कर रही टीम का मनोबल बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। जैसे-जैसे आईपीएल 2026 अपने निर्णायक दौर की ओर बढ़ रहा है, यह मुकाबला महज एक और लीग मैच से कहीं ज्यादा मायने रखता है।

ग्रीको रोमन पहलवान सागर सिंह और सूरज फाइनल में

नई दिल्ली, वार्ता। वियतनाम के दा नांग में आयोजित यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) अंडर 23 एशियाई चैंपियनशिप में भारत ने अपने अभियान की शुरुआत जोरदार तरीके से की। प्रतियोगिता के पहले ही दिन, टिएन सोन स्पोर्ट्स सेंटर में ग्रीक. ो-रोमन पहलवान सागर सिंह और सूरज अपने-अपने भार वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबलों में पहुंच गए। भारत की ओर से 67किग्रा और 60किग्रा ग्रीको-रोमन श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला।

इन दोनों श्रेणियों में पहलवानों ने आक्रामक तेवर दिखाए और दबाव में भी संयम बनाए रखते हुए शाम को होने वाले फाइनल मुकाबलों में अपनी जगह पक्की की। सागर सिंह ने 67किग्रा श्रेणी में अपना दबदबा बनाए रखा। उन्होंने शुरुआती दौर के सभी मुकाबलों में रणनीतिक अनुशासन और निरंतरता के साथ कुशती लड़ी और स्वर्ण पदक मैच में प्रवेश किया। 60किग्रा श्रेणी में सूरज भी फाइनल में उनके साथ शामिल हो गए हैं। उन्होंने भी पूरे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताबी मुकाबले में अपनी जगह बनाई और भारत के लिए कम से कम एक रजत पदक पक्का कर दिया है। 77किग्रा श्रेणी में, कुमार सचिन ने कड़ा संघर्ष किया, लेकिन सेमीफाइनल के एक बेहद करीबी मुकाबले में अलीखान दुसोनोव से हार गए।

दिल्ली व केकेआर के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला

कोलकाता, वार्ता। कोलकाता की उमस भरी शाम में, ईडन गार्डन्स की रोश. नियों के बीच, आईपीएल 2026 का 70वां मैच एक ऐसे ट्विस्ट के साथ आया है, जिसकी चर्चा क्रिकेट जगत में हर जगह हो रही है: दिल्ली कैपिटल्स मैच जीत भी सकती है, और फिर भी टूर्नामेंट से बाहर हो सकती है। इस एक बात ने एक आम से लीग मैच को, दबाव से भरे प्लेऑफ के मुकाबले में बदल दिया है।

कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए समीकरण सीधा लेकिन सख्त है-जीतो, या घर जाओ। दिल्ली कैपिटल्स के लिए यह ज्यादा पेचीदा है: बड़ी जीत हासिल करो, फिर इंतजार करो, हिंसाब लगाओ, और उम्मीद करो कि दूसरे मैचों के नतीजे उनके पक्ष में जाएं। हो सकता है कि सिर्फ जीत भी काफी न हो। जैसे-जैसे दोनों टीमें तैयारी कर रही हैं, माहौल किसी लीग मैच जैसा कम, और किसी 'नॉकआउट फाइनल' जैसा ज्यादा लग रहा है। केकेआर टीम, सीजन के बीच में मिली नई जान के बाद, नए आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतर रही है, इसी नई जान की बदौलत वे पॉइंट्स टेबल के निचले हिस्से से ऊपर उठ पाए हैं। उनका ज्यादातर आत्मविश्वास उनकी 'स्पिन जोड़ी'-सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती-पर टिका है, जिन्होंने ईडन गार्डन्स को मेहमान बल्लेबाजों के लिए एक धीमा और दम घोंटने वाला जाल बना दिया है। यहां फेंकी गई हर 'डॉट बॉल' ढबिना रन वाली गेंद तालियों की गड़गड़ाहट से भी ज्यादा जोरदार लगती है, और हर विकेट ऐसा लगता है, जैसे किसी के गले में फंदा कस रहा हो। हालांकि, उनकी बल्लेबाजी अब भी एक जुआ जैसी है, जो पूरी तरह से विस्फोटक बल्लेबाजों की मारक क्षमता पर टिकी है। जब फिन एलन या अंगकृ रघुवंशी का बल्ला चलता है, तो केकेआर को रोकना नामुमकिन सा लगता है। और जब वे नाकाम रहते हैं, तो मध्यक्रम के बल्लेबाजों को अक्सर सही दिशा खोजने में मुश्किल होती है। इसी तरह की अनियमितता की वजह से प्लेऑफ में पहुं. चने की उनकी उम्मीदें अब भी बहुत पतले धागे पर लटकी हुई हैं। दूसरी तरफ, दिल्ली कैपिटल्स के खेमे में एक अलग ही तरह का तनाव पसरा हुआ है। उनका पूरा अभियान कभी शानदार प्रदर्शन, तो कभी पूरी तरह से बिखर जाने के बीच झूलता रहा है। इस टीम के केंद्र में खड़े हैं केएल राहुल-इस सीजन की 'रन मशीन'-जो इस अफरा-तफरी के माहौल में भी पूरी तरह शांत और संयमित नजर आते हैं। उनके साथ-साथ, डेविड मिलर और आशुतोश शर्मा जैसे विस्फोटक बल्लेबाजों ने अपनी जबरदस्त हिटिंग क्षमता के दम पर, मैच के आखिरी ओवरों में ही पूरा पासा पलट दिया है। लेकिन इस सीजन की एक अजीब विडंबना ही उनकी पहचान बन गई है: वे एक रात तो बड़े ही शानदार अंदाज में 200 रनों का लक्ष्य भी आसानी से हासिल कर लेते हैं, और अगली ही रात मैच के बीच के ओवरों में पूरी तरह से ढेर हो जाते हैं। इस मुकाबले में जो सबसे बड़ा ट्विस्ट आया है, वह है दिल्ली का 'नेट रन रेट' वाला पेंच।

एसआरएच के खिलाफ मैच के बाद कोहली ने हेड से हाथ नहीं मिलाया

आरसीबी की रनचेज के दौरान कोहली और हेड के बीच कुछ हल्की नोंक-झोंक होती भी दिखाई दी

हैदराबाद, वार्ता। आईपीएल 2026 में हैदराबाद में हुए सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) मैच के बाद आरसीबी के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने एसआरएच के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया।

मैच के बाद होने वाली पारंपरिक हैंडशेक लाइन में को. हली ने एसआरएच कप्तान पैट कमिस और अभिषेक शर्मा से हाथ मिलाया, लेकिन ट्रैविस हेड को नजरअंदाज कर दिया। हेड ने को. हली से हाथ मिलाने के लिए अपना हाथ बढ़ाया था, लेकिन कोहली उन्हें छोड़कर आगे बढ़ गए और लाइन में अगले खिलाड़ी से हाथ मिला लिया। आरसीबी की रनचेज के दौरान कोहली और हेड के बीच कुछ हल्की नोंक-झोंक होती भी दिखाई दी। हालांकि, यह साफ नहीं हो पाया कि दोनों के बीच यह तनातनी किस वजह से हुई। एसआरएच ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 255/4 का बड़ा स्कोर बनाया था। इसके जवाब में आरसीबी को लीग चरण में टॉप-2 में जगह पक्की करने के लिए कम से कम 166 रन बनाने थे, जबकि अंक तालिका में शीं पर पहुंचने के लिए 178 रन चाहिए थे। टीम ने दो अंक हासिल करने से ज्यादा प्राथमिकता इस लक्ष्य को दी और 200/4 तक पहुंच गई। पारी की शुरुआत करने उतरे कोहली ने 11 गेंदों में 15 रन बनाए, इससे पहले कि पावरप्ले के आखिरी ओवर में साकिब हुसैन ने उन्हें आउट कर दिया। अब आरसीबी का सामना 26 मई को धर्मशाला में क्वालिफायर-1 में दूसरे स्थान पर रही गुजरात टाइटंस (जीटी) से होगा।

सूर्या और हार्दिक को फॉर्म में वापसी करने का आखिरी मौका

मुंबई, वार्ता। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और उपकप्तान सूर्यकुमार यादव के लिए यह आईपीएल कुछ खास नहीं गया है। जहां हार्दिक ने आठ पारियों में सिर्फ 21 की औसत और 136 के स्ट्राइक रेट से 146 रन बनाए हैं, वहीं 61-50 की खराब औसत और 11-90 की महंगी इकॉनमी से चार विकेट लिए हैं।

इसी तरह सूर्यकुमार ने भी 12 पारियों में सिर्फ 17-50 की औसत से एक अर्धशतक के साथ 210 रन बनाए हैं। मुंबई को रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलना है और इन दोनों खिलाघ्यिों के पास अपनी फॉर्म में वापसी करने का यह आखिरी मौका होगा। मुंबई की टीम तालि. का में आठ अंकों के साथ नौवें स्थान पर है और प्लेऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी है। इस मैच में भी दोनों का संघर्ष जारी रह सकता है। सूर्यकुमार को रवींद्र जडेजा, जोफ्रा आर्चर और रवि बिश्नोई तीन-तीन जबकि संदीप शर्मा चार बार आउट कर चुके हैं। संदीप और जडेजा के सामने उनका स्ट्राइक रेट भी क्रमशः 97 और 103 का है। हालांकि बिश्नोई के सामने वह 162, जबकि आर्चर के खिलाफ वह 146 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। इसी तरह हार्दिक को आरआर के ऑलराउंडर दासुन शनाका ने चार पारियों में तीन बार आउट किया है, जबकि हार्दिक का स्ट्राइक रेट इस दौरान सिर्फ 107 का है।

रतनपुर में ढांग गिरने से दो बालक दबे, एक गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

चन्दौसी। थाना कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव में शनिवार सुबह 09 बजे मिट्टी खोदते समय एक ढांग गिर गई। इस घटना में बालक प्रिंस पुत्र दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि अनुराधा पुत्री रम्मन को हल्की चोटें आईं। दोनों रतनपुर गांव के निवासी हैं। प्रिंस को गंभीर हालत में तुरंत चन्दौसी के अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। शनिवार सुबह प्रिंस अपने मोहल्ले के बच्चों अनुराधा, शिखा और गीता के साथ गांव के दक्षिण में स्थित तालाब पर मिट्टी लेने गया था। प्रिंस ने जैसे ही ढांग में मिट्टी खोदना शुरू किया, वह अचानक भरभराकर गिर गई और प्रिंस मलबे में दब गया। साथ गए बच्चों ने शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। महीपाल सिंह, रामप्रकाश यादव, अशोक, छत्रपाल और वीरेश सहित अन्य ग्रामीणों ने मिलकर मिट्टी हटाई और प्रिंस को मलबे से बाहर निकाला।

पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 5 परिवारों का हुआ समझौता

चन्दौसी (शाह टाइम्स संवाददाता)। पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह समझौता केंद्र की बैठक पुलिस लाइन बहजोई में थानाध्यक्ष डॉ. रूकमपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पति-पत्नी के बीच चल रहे पारिवारिक विवादों को काउंसलिंग के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया गया। काउंसलिंग के दौरान कुल 98 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें 22 मामलों का निस्तारण किया गया। दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति बनने पर 5 परिवारों को पुन: मिलाया गया। वहीं 2 मामलों में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई, जबकि 15 पत्रावलियां आवेदक अथवा आवेदिका के उपस्थित न होने एवं रुचि न दिखाने के कारण बंद कर दी गईं। बैठक में काउंसलर एवं पुलिस विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

दोपहर 12 बजे तक नहीं पहुंचे चिकित्सक, इंतजार करते रहे मरीज

चन्दौसी। तहसील चन्दौसी अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुढ़फतेहगढ़ में शनिवार को दोपहर 12 बजे तक चिकित्सक नहीं पहुंचे और दवा लेने गये मरीजों को दोपहर 12 बजे तक इंतजार करना पड़ा। दोपहर के समय 12 बजे पीएचसी कुढफतेहगढ में चिकित्सक कक्ष में चिकित्सक की कुर्सी खाली पड़ी रही, केवल बार्डबाय ही पीएचसी में मौजूद मिला तथा तीन मरीज चिकित्सक के इंतजार में बैठे रहे। सतेन्द्र निवासी भगतपुर मिर्जा ने बताया कि मैं बुखार से पीडिघ्त हूं। सुबह नौ बजे से दबा लेने के लिए डाक्टर साहब के इंतजार में बैठा हूं, मुझे अपनी जांच रिपोर्ट भी दिखानी है। शहबाजपुर से पहुंचीं रीना व विमलेश ने बताया कि दबा लेने के लिए सरकारी अस्पताल आये है, डाक्टर साहब अभी आये नहीं है उनके इंतजार में ही बैठे हैं। डिप्टी सीएमओ डा. विश्वास अग्रवाल ने बताया कि पीएचसी में चिकित्सक दोपहर नहीं पहुंचे इसके लिए उन से अवकाश आदि लेने के सम्बन्ध जानकारी की जायेगी।

एक नजर

ईद पर क्षेत्र को चार सेक्टर में बांटकर सौंपी जिम्मेदारी

कांठ (शाह टाइम्स) ईदुल अजहा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए उप जिला अधिकारी ने क्षेत्र को चार सेक्टर में बांटकर अलग-अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। बताया गया कि 28 मई को ईदउल अजहा मनाए जाने की संभावना के मद्दे नजर तहसीलदार राजकुमार सिंह नायव तहसीलदार योगेश चंद्र शर्मा सहायक विकास अधिकारी पंचायत जबर सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी शिवम गुप्ता को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण शील रहकर ईद उल अजहा शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाने के निर्देश दिए। कहा गया कि ईद के पर्व पर कानून व्यवस्था की निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और एक-एक कैमरा संबंधित अधिकारी अपने साथ भी रखेंगे तहसीलदार अपने स्तर से समस्त राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल और नायब तहसीलदार को लिखित रूप से निर्देशित करेंगे कि वह अपने-अपने क्षेत्र में बने रहेंगे और बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे।

महाभियान-2026 के अंतर्गत भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग का कांठ में आयोजन

कांठ (शाह टाइम्स) भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन आज कांठ में किया गया जिसमें विभिन्न विषयों पर वक्ताओं ने मार्गदर्शन करते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, कार्यपद्धति एवं जनसेवा के मूल मंत्रों से अवगत कराया। प्रथम सत्र एवं उद्घाटन सत्र में भाजपा का इतिहास एवं वैचारिक विकास विषय पर विजयपाल तोमर (पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, किसान मोर्चा) ने पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान तक के संघर्ष, संगठन विस्तार एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्य पद्धति विषय पर अशोक कटारिया (एमएलसी एवं पूर्व मंत्री) ने संगठन की कार्यशैली, अनुशासन, समयबद्धता तथा सामूहिक निर्णय प्रक्रिया की महत्ता बताते हुए कहा कि कार्यकर्ता का व्यवहार ही संगठन की पहचान बनता है।

कार्यकर्ता विकास एवं संवाद विषय पर गोपाल अंजान (एमएलसी) ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को निरंतर अध्ययनशील, संवादशील एवं समाज के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। देश के समक्ष चुनौतियां विषय पर पुष्कर मिश्रा (प्रदेश संयोजक, नीति एवं शोध) ने राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक समरसता, आर्थिक आत्मनिर्भरता एवं सांस्कृतिक संरक्षण जैसे विषयों पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से जागरूक भूमिका निभाने का आह्वान किया। हालांकि इस कार्यक्रम में मीडिया के लिए कोई स्थान सुरक्षित ना करना भी आज चर्चा का विषय बना रहा।

गर्मी से ट्रांसफार्मर के बॉक्स में लगी आग जनहानि नहीं

कांठ (शाह टाइम्स)। भयंकर गर्मी के चलते दाढ़ी महमूदपुर गांव के पास लगे ट्रांसफार्मर के कनेक्शन बॉक्स में आग लग गई जिसको समय से देख लिए जाने से नुकसान होने से बच गया लोगों ने भीषण गर्मी के दौरान होने वाले हादसों से बचाव के उपाय कराए जाने की मांग उठाई है। बताया गया कि दोपहर के वक्त भीषण गर्मी के दौरान दाढी महमूदपुर गांव के पास लगे ट्रांसफार्मर के कनेक्शन बॉक्स में अचानक धुआं उठते ही आग की लपटे निकालनी शुरू हो गई इसके आसपास कूड़े के ढेर थे जिनमें आग लगने से और भी लोगों को खतरा बढ़ गया हवा तेज होने से किसी अनहोनी की आशंका जगने लगी लेकिन लोगों ने बिजली बंद कराकर आग पर काबू पा लिया इससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हो पाया और जनहानि भी होने से बच गई गांव के लोगों ने गर्मी के चलते इस तरह के हादसों से बचाव के उपाय अपनाए जाने की मांग की है।

ईद-उल-अजहा को लेकर सलेमपुर में बैठक का आयोजन

कांठ(शाह टाइम्स) ईदुल अजहा को लेकर थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह ने ईद के मद्दे नजर शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि कुर्बानी निर्धारित स्थान पर होनी चाहिए और किसी भी प्रकार की गंदगी ना होने पाए इस दौरान उन्होंने साफ सफाई रखने और प्यार मोहब्बत के साथ ईद मनाए जाने का आह्वान किया। बैठक में चौकी इंचार्ज कमलजीत सिंह सहित गांव के काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ 'नव्या बालिका छात्रवृत्ति योजना' की प्रवेश परीक्षा का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'उन्नत भारत अभियान' के अंतर्गत विश्व विद्यालय द्वारा पूर्व में गोद लिए गए गांवों की बालिकाओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु प्रेरित करने की दृष्टि से गतवर्षों की भांति ''नव्या बालिका छात्रवृत्ति योजना'' की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गयी। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' मुहिम के तहत आयोजित इस प्रवेश परीक्षा के अवसर पर विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी की सम्मानित सदस्या श्रीमती मंजू कोठीवाल ने प्रतिभागी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बालिकाओं के उत्थान के लिए हम सभी दृढ़ संकल्पित हैं। परीक्षा कक्ष का अवलोकन करते हुए श्रीमती कोठीवाल ने प्रतिभागी बालिकाओं से उनकी कुशलक्षेम पूछी और उन्हें प्रोत्साहित करने के साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विश्वविद्यालय की इस योजना के माध्यम से ग्रामीण मेधावी बालिकाएं नि:शुल्क उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपना व अपने परिवार का भविष्य उज्ज्वल कर सकेंगी। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि शिक्षित महिला अपने परिवार, समाज और राष्ट्र को शिक्षित, सभ्य एवं सशक्त बना सकती है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय अन्य विभिन्न योजनाओं के माध्यम से भी गोद लिए गए गांवों का चहुंमुखी विकास करने हेतु सदैव तत्पर है। उन्होंने यह भी कहा कि यह 'नव्या बालिका छात्रवृत्ति योजना' आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगी। परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल एवं प्रतिकुलपति-एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी ने सभी प्रतिभागी बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। इस परीक्षा का आयोजन स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह के निर्देशन में किया गया। उन्होंने बताया कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत ग्रामीण मेधावी बालिकाओं को नि:शुल्क उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने की दृष्टि से विश्वविद्यालय द्वारा विगत कई वर्षों से 'नव्या बालिका छात्रवृत्ति योजना' की परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रतिवर्ष आर्थिक रूप से कमजोर 5 ग्रामीण बालिकाओं को विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में नि:शुल्क शिक्षा ग्रहण करने का अवसर दिया जाता है। डॉ. सिंह ने जानकारी दी कि आज की इस परीक्षा में विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांवों गिंदौड़ा, धनुपुरा, पल्लूपुरा घोसी, नगला बनबीर और इटायला माफी की कुल 30 छात्राएं सम्मिलित हुईं। परीक्षा के सफल संचालन में स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजी. नियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पाल समेत स्कूल के शिक्षकों डॉ. सुलेखा एवं डॉ. अंजली बिस्ट का विशेष सहयोग रहा।

नरौली के लक्ष्मी नारायण मंदिर में धूमधाम से मनाया साईं बाबा का स्थापना दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

चन्दौसी। नरौली स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में शनिवार को साईं बाबा का स्थापना दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गाजियाबाद निवासी अजय गर्ग एवं उनकी पत्नी प्रतिमा गर्ग द्वारा वर्ष 2013 में मंदिर में साईं बाबा की मूर्ति स्थापित कराई गई थी। तभी से दोनों हर वर्ष यहां भंडारे का आयोजन कराते आ रहे हैं।

सुबह मंदिर को फूलों से सजाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर भक्तिमय माहौल बनाया। इसके बाद साईं बाबा को भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया गया, जो देर शाम तक चलता रहा। कार्यक्रम में कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

जायंट्स ग्रुप सखी सहेली का समर कैंप शुरू

बालिकाओं को सिखाए जा रहे क्रियात्मक हुनर

चन्दौसी। बच्चों को मोबाइल और टीवी से दूर रखकर रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से जायंट्स ग्रुप ऑफ चन्दौसी सखी सहेली द्वारा इस वर्ष भी समर कैंप का आयोजन किया गया है। शिव मंदिर कैथल गेट, वेणु गोपाल मंदिर के सामने आयोजित यह कैंप 30 सितंबर तक चलेगा। संस्था की अध्यक्ष डॉ. मधु तोमर के प्रयास से लगाए गए इस कैंप में विशेष रूप से बालिकाओं एवं महिलाओं को ब्यूटीशियन, मेहंदी, सिलाई, क्राफ्ट और ढोलक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राखी ने फेशियल टिप्स, सलोनी ने मेहंदी डिजाइन, निधि वार्ष्णेय ने ढोलक की थाप, स्तुति गोयल ने सिलाई व तुरपन तथा अनुराधा गोयल ने पेंटिंग सिखाई। कैंप में बड़ी संख्या में बालिकाएं उत्साहपूर्वक भाग ले रही हैं। इस दौरान कई सदस्याएं मौजूद रहीं।

मजदूरों के अधिकारों और सुविधाओं को लेकर आयोजित हुई मजदूर पाठशाला, हीट वेव से बचाव पर दिया गया विशेष जोर

शाह टाइम्स संवाददाता

बिलारी। नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मूवमेंट नागरिक एकता परिषद की ओर से शनिवार को सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी परिसर में मजदूर पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं तथा वर्तमान मौसम परिस्थितियों में स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान करना रहा। पाठशाला में बड़ी संख्या में श्रमिकों, ठेकेदारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ह्यूमन राइट डिफेंडर प्रेम कुमार ने कहा कि लगातार बढ़ रही हीट वेव को देखते हुए मजदूरों के स्वास्थ्य की सुरक्षा बेहद आवश्यक है। उन्होंने ठेकेदारों से कार्यस्थलों पर शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था करने तथा मजदूरों से सुबह और शाम के समय कार्य कराने की अपील की, ताकि तेज गर्मी के दुष्प्रभाव से बचा जा सके। उन्होंने नए श्रम कानूनों, श्रमिक अधिकारों और श्रमिक सम्मान निधि के रूप में सरकार से ष्5000 सहायता की मांग के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। प्रेम कुमार ने कहा कि विभिन्न अधिकारियों और मंचों पर यह मांग लगातार उठाई जा रही है कि जहां मजदूर काम की तलाश में खड़े होते हैं, वहां उनके लिए छायादार लेबर शेड, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने बताया कि सहायक श्रम आयुक्त अजीत कन्नौजिया द्वारा मंडी समिति के सामने तथा करूला क्षेत्र में दो लेबर अड्डों के प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने की जानकारी दी गई है। साथ ही बिलारी क्षेत्र में भी मजदूरों के लिए उपयुक्त लेबर अड्डा स्थापित कराने हेतु नगरपालिका प्रशासन से वार्ता किए जाने की बात कही। कार्यक्रम में कपिलराज ने "घरौनी योजना" की जानकारी देते हुए कहा कि योजना के माध्यम से गरीब एवं वंचित परिवारों को उनके पुराने मकानों का वैधानिक मालिकाना हक दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान तेजभान मौर्य, ओकेश मौर्य, तेजवंत सिंह मौर्य, अकरम मलिक, घनश्याम मौर्या, जसवंत सिंह, अंकित मौर्या, आकाश मौर्या, अजय मौर्या और मोहम्मद यूसुफ सहित कई लोग मौजूद रहे।

खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग की सचल प्रयोगशाला ने बिलारी में चेक किए किराने और मिठाई के नमूने

शाह टाइम्स संवाददाता

बिलारी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की सचल प्रयोगशाला नगर में शाहबाद रोड स्थित व्यापार मंडल कार्यालय पर पहुंची जहां खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री कृपा शंकर सिंह के निर्देशन एवं नेतृत्व में बिलारी के बाजार में बिक्री किए जा रहे।

खाद्य सामग्री के नमूने मंगाकर जांच की गई। जिसमें कुल 26 खाद्य पदार्थ के नमूने जांचे गए जिनमें किराने और मिठाई के थे दो खाद्य पदार्थ में मिलावट पाई गई। और 24 खाद्य पदार्थ मानक के अनुरूप पाए गए इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने सभी को जागरुक करते हुए कहा कि केवल उन्हीं दुकानों से खाद्य पदार्थों को खरीदें जिनके पास खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत लाइसेंस अथवा पंजीकरण हो, खुले में रखे गए खाद्य पदार्थों को जिन पर धूल पड़ रही हो मक्खियां आदि बैठी हों को कभी नहीं खरीदें और ना ही खाएं खाद्य पदार्थों को रखकर खाने, लपेटने पैक करने आदि में अखबारी कागज का प्रयोग कभी ना करें क्योंकि अखबारों में प्रयुक्त स्याही काफी जहरीली होती है पैक्ड खाद्य पदार्थों को खरीदते समय पैकेट पर पैकिंग तिथि एक्सपायरी, बेस्ट बिफोर तिथि, बैच नंबर निर्माता का पूरा पता एफएसएसएआई प्रमाण का चिन्ह, वेज नॉनवेज का चिन्ह आदि अवश्य देखें सरसों का तेल रिफाइंड तेल वनस्पति देसी घी पिसे मसाले खुली अवस्था में कभी नहीं खरीदें रंगीन खाद्य पदार्थों के प्रयोग से परहेज करें जंक एवं फास्ट फूड का कम से कम प्रयोग करें हमेशा मौसमी फलों और सब्जियों का ही अधिक से अधिक प्रयोग करें साफ पानी से धोकर ही प्रयोग करें।

कटे फटे फलों का प्रयोग बिल्कुल भी नहीं करें, दूध और दूध से बने उत्पादों को ठंडे तापमान पर ही संग्रहित करें बचे हुए खाद्य पदार्थों में उनके पैकिंग मैटेरियल आदि को ढक्कनदार कूड़े दान में ही डालें खाद्य पदार्थों को खरीदने प्रयोग करने में स्वयं का विवेक प्रयोग करने से आप अनेक बीमारी और परेशानियों, आर्थिक नुकसान से बच सकते हैं। इस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन, शकील अहमद, चंदन डुडेजा, कौशल ठाकुर, दुष्यंत चौहान, कौशल जैन, अरिहंत जैन, शशांक जैन, इकरार, विनोद जैन, प्यारेलाल, रोमिल गुप्ता आदि रहे।

नगर निगम मुरादाबाद का जागरूकता अभियान स्वच्छता व जल संरक्षण का दिया संदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। नगर निगम मुरादाबाद की अनुबंधित आई.ई.सी. टीम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण, स्वास्थ्य एवं नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने हेतु व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया तथा विभिन्न जनहितकारी विषयों पर जानकारी दी गई।

वार्ड 07 नया गांव में ''सस्टेनेबल सैनिटाइजेशन अभियान'' चलाकर नागरिकों को बताया गया कि घरों के सेप्टिक टैंकों की सफाई प्रत्येक तीन वर्ष में अथवा भर जाने की स्थिति में कराना आवश्यक है। साथ ही शिकायत एवं जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 14420 एवं 1533 की जानकारी भी दी गई। वार्ड 10 काजीपुरा में ''सोर्स सेग्रीगेशन जागरूकता अभियान'' के तहत लोगों को गीला कूड़ा, सूखा कूड़ा, सैनिटरी जैविक अपशिष्ट एवं घरेलू हानिकारक कूड़े को अलग-अलग रखने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। नागरिकों से अपील की गई कि वे कूड़ा अलग-अलग डस्टबिन में एकत्र कर नगर निगम की कूड़ा कलेक्शन गाड़ी को ही दें तथा सार्वजनिक स्थानों और नालियों में कूड़ा न फैलाएं। इसी क्रम में वार्ड 55 लाल बाग में ''रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल'' विषय पर जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें संसाधनों के पुन: उपयोग एवं अपशिष्ट कम करने के उपाय बताए गए।

वार्ड 40 नवाबपुरा में ''मलेरिया जागरूकता अभियान'' के माध्यम से लोगों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचाव, साफ-सफाई बनाए रखने तथा जलभराव न होने देने के प्रति जागरूक किया गया। वहीं वार्ड 67 तंबाकू बलान, तहसील स्कूल नाले के पास भी ''सोर्स सेग्रीगेशन जागरूकता अभियान'' आयोजित किया गया। यहां भी नागरिकों को गीला, सूखा, सैनिटरी वेस्ट एवं घरेलू हानिकारक कूड़े के पृथक्करण की जानकारी दी गई। वार्ड 05 में ''हेल्थ एंड इनिशिएटिव सफाई अभियान'' के अंतर्गत सफाई नायक हीरा लाल की टीम के साथ क्षेत्र में सफाई कार्य किया गया तथा स्थानीय लोगों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई। इसी वार्ड के आशियाना क्षेत्र में ''स्वच्छ जल संरक्षण अभियान'' के तहत "रोको-टोको" अभियान चलाकर पानी की बर्बादी रोकने एवं भविष्य के संभावित जल संकट के प्रति जागरूक किया गया।

वार्ड 08 झांझनपुर में भी ''सोर्स सेग्रीगेशन जागरूकता अभियान'' चलाया गया। टीम ने नागरिकों को कूड़े के चार प्रकारों की जानकारी देते हुए अपील की कि वे कूड़ा पृथक-पृथक डस्टबिन में रखें और नगर निगम की कूड़ा संग्रहण गाड़ी को ही सौंपें।

इसके अतिरिक्त वार्ड 17 चंद्र नगर स्थित नेहरू जूनियर हाईस्कूल में आई.ई.सी. टीम द्वारा ''सिटिजन फीडबैक'' प्राप्त किया गया। विद्यालय स्टाफ से स्वच्छता एवं नागरिक सेवाओं से संबंधित सुझाव एवं प्रतिक्रियाएं ली गईं। नगर निगम मुरादाबाद द्वारा संचालित इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं जिम्मेदार नागरिक सहभागिता के प्रति जागरूक बनाना है, ताकि शहर को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर बनाया जा सके।

कोलकाता। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियों ने सेंट टेरेसा मिशनरीज ऑफ चैरिटी के मुख्यालय मदर हाउस का दौरा करते हुए।

पाक प्रधानमंत्री का आर्थिक सहयोग बढ़ाने के मकसद से चीन दौरा शुरू

बीजिंग। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के चीन के चार दिवसीय दौरे का मकसद आर्थिक सहयोग को बढ़ाना, रणनीतिक रिश्तों को गहरा करना और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) परियोजनाओं को मजबूत करना है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शनिवार को 23 से 26 मई तक चीन के चार दिवसीय आधिकारिक दौरे के पहले हिस्से में हांग्जो के लिए रवाना हुए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक शरीफ के साथ उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार, योजना मंत्री अहसान इकबाल, सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री शजा फातिमा ख्वाजा और विशेष सहायक तारिक फातेमी का भी चीन दौरा हो रहा है।

गाजा में इजरायली बमबारी, पांच पुलिसकर्मियों की मौत

गाजा। उत्तरी गाजा पट्टी में शनिवार को एक पुलिस चौकी पर हुई इजरायली बमबारी में कम से कम पांच फलस्तीनी पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। गाजा के पुलिस महानिदेशालय ने आज एक आधिकारिक बयान जारी कर इस घटना की पुष्टि की है। सूत्रों के अनुसार, यह हमला गाजा शहर के उत्तरी हिस्से में स्थित शेख राडवान इलाके के पास एक पुलिस स्टेशन/चौकी को निशाना बनाकर किया गया। इस भीषण हवाई हमले में पांच पुलिस अधिकारियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 अन्य पुलिसकर्मी गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, बमबा. री के वक्त पुलिसकर्मी अपनी नियमित ड्यूटी पर तैनात थे।

ईरान पर फिर हमले की तैयारी में अमेरिका

राष्ट्रपति ट्रम्प ने शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के साथ किया परामर्श

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ सैन्य हमलों पर आगे की चर्चा करने के लिए शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के साथ परामर्श किया। अमेरिकी मीडिया से प्राप्त रिपोर्टों से संकेत मिला है कि राजनयिक प्रयासों के जारी रहने के बावजूद, ट्रम्प प्रशासन ईरान के खिलाफ सैन्य हमलों के एक नए दौर की तैयारी कर रहा है।

हालांकि शुक्रवार दोपहर तक हमलों को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। बातचीत की धीमी गति पर निराशा व्यक्त कर चुके राष्ट्रपति ट्रम्प संभावित सैन्य कार्रवाई का विकल्प तलाश रहे हैं। खबरों के अनुसार, उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि खाड़ी देशों के अनुरोध पर रुकने से पहले वे हमले का आदेश देने से सिर्फ एक घंटे दूर थे। शुक्रवार को उन्होंने न्यू जर्सी में अपने गोल्फ रिसॉर्ट की यात्रा की

■ बातचीत की धीमी गति पर निराशा व्यक्त कर चुके राष्ट्रपति ट्रम्प संभावित सैन्य कार्रवाई का विकल्प तलाश रहे हैं

योजना रद्द कर दी और कहा कि वह सप्ताहांत में अपने बेटे की शादी में शामिल नहीं होंगे और वाशिंगटन में ही रहेंगे, जिसका कारण उन्होंने 'सरकार की परिस्थितियां और अमेरिका के प्रति मेरा प्रेम' बताया। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने शुक्रवार को कहा कि कतर और पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल तनाव कम करने के उद्देश्य से तेहरान पहुंचे हुए हैं। यह जानकारी ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने दी। आईआरएनए ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने देर रात मुलाकात कर तनाव को रोकने और संघर्ष को समाप्त करने पर चर्चा की। सीबीएस ने सूत्रों के हवाले से कहा कि अमेरिकी सेना और खुफिया समुदाय के कुछ सदस्यों ने संभावित हमलों की आशंका मद्देनजर मेमोरियल डे वीकेंड की अपनी योजनाएं रद्द कर दीं। यह कदम ईरान की संभावित जवाबी कार्रवाई की आशंकाओं के बीच उठाया गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, बातचीत जारी रहने के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्हाइट हाउस में नियमित रूप से होने वाली बैठक हुई लेकिन आगे की कार्रवाई पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। खुफिया अधिकारियों की रिपोर्ट के अनुसार, माना जा रहा है कि ईरान अपनी सैन्य-औद्योगिक आधार को बहुत तेजी से पुनर्निर्मित कर रहा है और पहले से ही ड्रोन बना रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प की अगली कार्रवाई अभी स्पष्ट नहीं है। इस सप्ताह की शुरुआत में, उन्होंने ईरान को संघर्ष समाप्त करने के लिए एक स्वीकार्य प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए अगले सप्ताह की शुरुआत तक की एक अस्पष्ट समय सीमा दी थी।

ट्रम्प की धमकियों पर ईरान का पलटवार

तेहरान की दो टूक, कहा: हमारी मांगें मानने के अलावा यूएस के पास कोई रास्ता नहीं बचा

■ ट्रम्प का अहंकारी रवैया अमेरिका को युद्ध के दलदल में और गहराई तक ले जाएगा
■ इस बीच, ईरान व अमेरिका के बीच स्थाई संघर्ष विराम को लेकर चर्चा जारी है

तेहरान। ईरान-अमेरिका के बीच स्थाई संघर्ष विराम को लेकर चर्चा जारी है। दोनों ओर से एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी भी खूब हो रही है। शनिवार को ईरान के रक्षा मंत्रालय ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लेकर बड़ा बयान दिया गया है।

मंत्रालय के प्रवक्ता का कहना है कि अमेरिका-इजरायल के पास हमारी मांगों को मानने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। मंत्रालय के प्रवक्ता रजा तलाए-निक ने कहा कि ट्रम्प के पास ईरानी की मांगें मानने और ईरान के अधिकारों को स्वीकार करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि चाहे जंग हो या बातचीत, दोनों हालात में अमेरिका और इस्राइल के लिए यही एक रास्ता बचा है। अगर वह ईरान की मांगों को नहीं मानते, तो दोनों को नुकसान उठाना पड़ेगा। प्रवक्ता ने यह भी आरोप लगाया कि ट्रम्प अमेरिकी राष्ट्रीय हितों को नजरअंदाज कर रहे हैं और वह पूरी तरह इजरायल के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि ट्रम्प का अहंकारी रवैया अमेरिका को युद्ध के दलदल में और गहराई तक ले जाएगा। इस बीच, ईरान-अमेरिका के बीच स्थाई संघर्ष विराम को लेकर चर्चा जारी है।

शनिवार को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कई देशों के अपने समकक्षों संग टेलीफोन वार्ता की। बातचीत का मकसद क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों पर गंभीर मंत्रणा करना था। अराघची ने अपने तुर्की, कतर, जापान, ओमान और इराक के समकक्षों के साथ हालिया क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा की। हाकान फिदान, शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी, तोशिमित्सु मोतेगी और फुआद मोहम्मद हुसैन के साथ अलग-अलग फोन वार्ताओं में अराघची ने द्विपक्षीय मुद्दों पर विचारों पर बात किया है। अराघची ने ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी से भी फोन पर बात की। दोनों नेताओं ने क्षेत्र में तेजी से बदल रहे हालात और युद्ध रोकने के लिए चल रहे कूटनीतिक प्रयासों पर चर्चा की। बातचीत में क्षेत्रीय हालात, तनाव कम करने और संघर्ष समाप्त करने के प्रयासों को लेकर दोनों पक्षों ने बात की।

आईआरजीसी से जुड़े आतंकवादी ने रची थी ट्रम्प की बेटी को मारने की साजिश

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बेटी इवांका ट्रम्प को कथित तौर पर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़े एक आतंकवादी ने मारने की साजिश रची थी। गौरतलब है कि आईआरजीसी की आधिकारिक स्थापना मई 1979 में ईरानी क्रांति के बाद रुहोल्ला खोमैनी द्वारा एक सैन्य शाखा के रूप में की गई थी। द न्यूयॉर्क पोस्ट ने खुफिया सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में दावा है कि हत्या की यह साजिश 2020 के उस अमेरिकी ड्रोन हमले को लेकर उपजे गुस्से से जुड़ी हुई है, जिसमें ईरानी सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी मारे गए थे। सुलेमानी ईरान के आईआरजीसी की बाहरी संचालन शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी थे। संदिग्ध की पहचान इराकी नागरिक मोहम्मद बाकर साद दाऊद अल-सादी के रूप में हुई है। उस पर आरोप है कि उसके ईरान-समर्थित गुटों से संबंध थे, जिनमें आईआरजीसी और इराकी अर्धसैनिक नेटवर्क 'कताइब हिजबुल्लाह' से जुड़े समूह शामिल हैं। बताया जा रहा है कि उसे 15 मई को तुर्की में गिरफ्तार किया गया था और बाद में अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया, जहां अब उस पर यूरोप और उत्तरी अमेरिका में कथित हमलों या हमलों के प्रयासों से जुड़े आतंकवाद के कई आरोप लगाए गए हैं। अधिकारियों का आरोप है कि अल-सादी ने न केवल ऑनलाइन स्पष्ट धमकियां दीं, बल्कि उसने निगरानी-शैली की तैयारी भी की, जिसमें इवांका ट्रम्प के फ्लोरिडा स्थित आवास का नक्शा (ब्लूप्रिंट) अपने पास रखना भी शामिल था। द न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अल-सादी ने पहले ऑनलाइन चेतावनियां जारी की थीं कि वह अमेरिका के उच्च-प्रोफाइल लक्ष्यों की निगरानी कर रहा है।

चीन की कोयला खदान में गैस विस्फोट, 90 लोगों की मौत

बीजिंग। उत्तरी चीन की एक कोयला खदान में गैस विस्फोट होने से कम से कम 90 लोगों की मौत हो गई है। इस हादसे में दर्जनों लोग जख्मी हुए हैं और कुछ लोग अब भी लापता हैं। यह हादसा शुक्रवार देर रात शांक्सी प्रांत में चांग्झी शहर के पास स्थित लियुशेन्यू कोयला खदान में उस वक्त हुआ, जब लगभग 247 खिनक जमीन के नीचे काम कर रहे थे। स्थानीय मीडिया के मुता. बिक, माना जा रहा है कि खदान के भीतर कार्बन मोनोऑक्साइड का स्तर सुरक्षा मानकों से काफी ऊपर चला गया था, जिसके चलते यह जोरदार धमाका हुआ। बचाव अधिकारियों ने बताया कि शनिवार दोपहर तक नौ मजदूर अब भी मलबे में फंसे हुए थे और उन्हें निकालने के लिए बड़े पैमाने पर खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। सरकारी प्रसारक 'चाइना सेंट्रल टेलीविजन' ने बताया कि घायल हुए कई लोग जहरीली गैस की चपेट में आ गए हैं। शुरुआती खबरों में मरने वालों की तादाद कम बताई गई थी, लेकिन जैसे-जैसे शवों को बाहर निक. ालने का काम आगे बढ़ा, मृतक संख्या में इजाफा होता गया।

ट्रम्प सरकार की अधिकारी तुलसी गबार्ड का इस्तीफा

वाशिंगटन। ट्रम्प की सरकार की टॉप हिंदू अधिकारी तुलसी गबार्ड ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। तुलसी अमेरिका की 'डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस' हेड हैं, उनके अंडर 18 सीक्रेट एजेंसियां काम करती हैं। उनके पति एक बेहद दुर्लभ हड्डी के कैंसर से जूझ रहे हैं और गबार्ड इस मुश्किल समय में उनके साथ रहना चाहती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, गबार्ड ने ओवल आफिस में अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात के दौरान उन्हें अपने इस्तीफे की जानकारी दी।

आफिस ऑफ डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस में उनका आखिरी दिन 30 जून होने की उम्मीद है। गबार्ड ने अपने चिट्ठी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का धन्यवाद भी किया और कहा कि नेशनल इंटेलिजेंस आफिस का नेतृत्व करना उनके लिए सम्मान की बात रही। ट्रम्प ने 13 फरवरी 2025 को तुलसी गबार्ड को खुफिया विभाग की जिम्मेदारी दी थी। गबार्ड ने अपने 11 साल के वैवाहिक जीवन का जिक्र करते हुए कहा कि अब्राहम (पति) हमेशा उनके सबसे मजबूत सहारे रहे हैं। उन्होंने लिखा कि पूर्वी अफ्रीका में मेरी तैनाती हो, कोई

■ 18 अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की हेड हैं, पति एक बेहद दुर्लभ हड्डी के कैंसर से जूझ रहे

राजनीतिक अभियान हो या फिर इस पद पर मेरी सेवा। हर मुश्किल समय में वे मजबूती से मेरे साथ खड़े रहे। उन्होंने आगे कहा कि उनकी ताकत और प्यार ने मुझे हर चुनौती से लड़ने की शक्ति दी है। ऐसे में मैं उनसे यह उम्मीद नहीं कर सकती कि वह इस कठिन लड़ाई का अकेले सामना करें जबकि मैं इतने व्यस्त और जिम्मेदारी वाले पद पर बनी रहूं। गबार्ड ने यह भी कहा कि उन्होंने आफिस ऑफ डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस में काम करते हुए खुफिया तंत्र में पारदर्शिता बढ़ाने और उसकी विश्वसनीयता बहाल करने की दिशा में अहम प्रगति की है।

दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट का 12वां टेस्ट

इंजन फेल होने के बाद भी हिंद महासागर में लैंडिंग, पहली बार न्यू जनरेशन स्टारशिप का इस्तेमाल

टेक्सास। दुनिया के सबसे ताकतवर राकेट श्स्टारशिपश के नए और बड़े वर्जन (वी-3) का पहला लॉन्च सफलताओं और नाकामियों का मिला-जुला सफर रहा। टेक्सास के दक्षिणी छोर पर स्थित श्स्टारबेसश लान्चिंग पैड से उड़ान भरने के बाद इंजन में खराबी आ गई। इस कारण राकेट के नष्ट होने का खतरा मंडरा रहा था। इसके बावजूद लगभग एक घंटे बाद स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट हिंद महासागर में सुरक्षित लैंड करने में कामयाब रहा।

स्टारशिप सीरीज के पहले भी कई लॉन्च हो चुके हैं, लेकिन इस तीसरी पीढ़ी (वी-3) के अपग्रेड राकेट का पहला ही टेस्ट था और स्टारशिप का 12वां टेस्ट था। इसे भारतीय समय के अनुसार 23 मई की सुबह लॉन्च किया गया। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा

■ लगभग एक घंटे बाद स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट हिंद महासागर में सुरक्षित लैंड करने में कामयाब रहा

जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। स्टारशिप सीरीज के पहले भी कई लॉन्च हो चुके हैं, लेकिन इस तीसरी पीढ़ी (वी-3) के अपग्रेड राकेट का पहला ही टेस्ट था। राकेट का पहला हिस्सा यानी 'सुपर हैवी बूस्टर' अपना 'बूस्ट बैक' बर्न पूरा नहीं कर सका। यह वह प्रक्रिया होती है जिसकी मदद से बूस्टर वापस आकर जमीन पर या समुद्र में एक नियंत्रित लैंडिंग करता है। बर्न पूरा न होने की वजह से यह बूस्टर पूरी तरह नियंत्रित तरीके से पानी में नहीं गिर सका। बूस्टर से अलग होने के बाद जब मुख्य स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट को आगे बढ़ना था, तब उसके छह में से केवल पांच इंजन ही चालू हो पाए। एक इंजन स्टार्ट न होने के कारण यह पूरी तरह से सटीक आर्बिटल पाथ पर नहीं पहुंच पाया। इसके बावजूद इसकी ट्रेजेक्टरी इतनी सुरक्षित सीमा के भीतर थी कि यह एक 'सबआर्बिटल' फ्लाइट को पूरा कर सका। इस तकनीकी खराबी के चलते टीम अंतरिक्ष में दोबारा इंजन स्टार्ट करने का टेस्ट नहीं कर पाई। इस टेस्ट का मुख्य मकसद राकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च करना, उसे ऊपर ले जाना, ऊपर के हिस्से (स्टारशिप) से अलग करना और फिर इंजन को दोबारा चालू करके समुद्र (गल्फ ऑफ अमेरिका) में तय जगह पर सुरक्षित लैंड कराना था।

महंगाई में तेल के दाम बढ़ाकर जनता पर दोहरी मार न करे सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी को महंगाई के बोझ तले दबे आम लोगों पर दोहरी मार बताते हुए कहा है कि एक सप्ताह में पेट्रोल के दाम में पांच रुपये की वृद्धि कर जनता लूटा जा रहा है और सरकार परेशान लोगों को राहत देने के बजाय उनका बोझ बढ़ा रही है। कांग्रेस शोद्ध विभाग के प्रमुख प्रोफेसर राजीव गौड़ा तथा पार्टी नेता डॉली शर्मा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पेट्रोल की कीमत 100 रुपये के पार पहुंच रही है और रुपये की कीमत लगातार घट रही है।

फ्रांस। कान शहर में आयोजित 79वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में फिल्म 'द बर्थडे पार्टी' के प्रीमियर पर पहुंचने पर एरियाना ग्रीनब्लास्ट, ईवा लोंगोरिया व ऐश्वर्या राय बच्चन पोज देते हुए।

बांग्लादेश के दो पोर्ट अमेरिका इस्तेमाल करेगा

इनमें से एक अंडमान ने सिर्फ 1100km दूर, सीक्रेट जानकारी शेयर करने का भी समझौता

ढाका। बांग्लादेश ने अमे. रिका को दो महत्वपूर्ण बंदरगाहों के इस्तेमाल की इजाजत देने का फैसला किया है। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच सीक्रेट जानक. ारी शेयर करने को लेकर भी समझौता हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अमे. रिका और बांग्लादेश के बीच कुल तीन बड़े समझौते हुए हैं। इन समझौतों के बाद बंगाल के खाड़ी रीजन में अमेरिका की मौजूदगी और प्रभाव काफी बढ़ सकता है। अमेरिका को बांग्लादेश के चिटगांव और मतारबाड़ी बंदरगाहों तक पहुंच मिलेगी। इन बंदरगाहों का इस्तेमाल अमेरिकी नौसेना और सैन्य जहाज कर सकेंगे। इससे अमेरिका को हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में अपनी सैन्य और रणनीतिक ताकत बढ़ाने में मदद मिलेगी। चिटगांव बंदरगाह भारत के अंडमान-निकोबार क्षेत्र से सिर्फ 1100 किमी दूर है। अमेरिका की

■ इन समझौतों के बाद बंगाल के खाड़ी रीजन में अमेरिका की मौजूदगी और प्रभाव काफी बढ़ सकता है

खास नजर मलक्का स्ट्रेट पर है। यह दुनिया के सबसे जरूरी ट्रेड रूट्स में से एक माना जाता है। दुनिया का लगभग 60 प्रतिशत समुद्री व्यापार इसी रास्ते से होता है। तेल, गैस और अन्य जरूरी सामानों की सप्लाई के लिए भी यह मार्ग बेहद अहम है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस इलाके में अपनी मौजूदगी बढ़ाकर अमेरिका चीन की एक्टिविटी पर भी नजर रखना चाहता है। दो बंद. रगाहों के इस्तेमाल का करार-अमेरिका को बांग्लादेश के चिटगांव और मतारबाड़ी बंदरगाह इस्तेमाल करने की इजाजत दी जाएगी। अमेरिकी युद्धपोत और सैन्य जहाज यहां आ-जा सकेंगे। खुफिया जानकारी साझा करने का करार- दोनों देश सैन्य और सुरक्षा से जुड़ी खुफिया सूचनाएं एक-दूसरे के साथ साझा करेंगे। समुद्री गतिविधियों और सुरक्षा पर मिलकर निगरानी रखी जाएगी। सैन्य और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने का करार-बंगाल की खाड़ी और मलक्का स्ट्रेट रीजन में अमे. रिका की सैन्य मौजूदगी बढ़ाने, समुद्री निगरानी और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने पर सहमति बनी है। मलक्का को पूरी दुनिया के ट्रेड की लाइफलाइन कहा जा सकता है। यहां से तेल के साथ-साथ इलेक्ट्रानिक्स, मशीनें और बाकी सामान भी बड़ी मात्रा में एक जगह से दूसरी जगह पहुंचते हैं। चीन के लिए तो मलक्का को सबसे बड़ी रणनी. तिक कमजोरी माना जाता है। चीन के करीब 80 प्रतिशत तेल आयात इसी रास्ते से आते हैं। ये इंडस्ट्रियल इकानमी और एक्सपोर्ट सिस्टम के लिए बेहद जरूरी है। इसी वजह से चीन लंबे समय से इस पर अपनी निर्भरता को एक कमजोरी मानता है। यही कारण है कि पूर्व चीनी राष्ट्रपति हू जिंताओ ने इसे 'मलक्का डिलेमा' कहा था। हाल में चीन ने इलाके के आसपास समुद्री मैपिंग और मानिटरिंग गतिविधियां बढ़ाई हैं। मलक्का स्ट्रेट भारत के लिए भी उतना ही अहम है। देश का करीब 55 प्रतिशत व्यापार इसी रास्ते और सिंगापुर क्षेत्र से होकर गुजरता है।

परमाणु अप्रसार संधि समीक्षा सम्मेलन बेनतीजा

न्यूयॉर्क। परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने के मकसद से बनाई गई वैश्विक संधि की समीक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र का चार सप्ताह का सम्मेलन बिना किसी आम सहमति के समाप्त हो गया।

परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के 191 सदस्य देशों की भागीदारी वाले इस सम्मेलन में ईरान की परमाणु गतिविधियों से जुड़ी भाषा पर पैदा हुए विवाद के बाद एक बेहद सामान्य या कमजोर अंतिम दस्तावेज को भी मंजूरी नहीं दी जा सकी। संयुक्त राष्ट्र में वियतनाम के राजदूत और सम्मेलन के अध्यक्ष दो हुंग वियत ने बैठक के समापन पर आम सहमति न बन पाने का एलान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी ने भी सहमति को जानबूझकर नहीं रोका, लेकिन उन्होंने इसके पीछे मुख्य अड़चन मसौदा दस्तावेज के उस

■ समाप्त ईरान की परमाणु गतिविधियों से जुड़ी भाषा पर पैदा हुए विवाद से बिगड़ा खेल
■ एक बेहद सामान्य या कमजोर अंतिम दस्तावेज को भी मंजूरी नहीं दी जा सकी

प्रावधान को बताया, जिसमें कहा गया था कि ईरान 'कभी परमाणु हथियार हासिल करने, बनाने या विकसित करने की कोशिश नहीं कर सकता'। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और परमाणु प्रसार व रणनी. तिक स्थिरता को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच, यह नाकामी एनपीटी समीक्षा प्रक्रिया के लिए एक और बड़ा झटका है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने मायूसी जताई और कहा कि 11वां समीक्षा सम्मेलन किसी ठोस और अंतिम निर्णय पर पहुंचने में नाकाम रहा। महासचिव के प्रवक्ता की ओर से जारी बयान में गुटेरेस ने कहा कि इस सम्मेलन ने अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और वैश्विक परमाणु निरस्त्रीकरण के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने का बेहद अहम मौका गंवा दिया है।

प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने एक बयान में कहा कि महासचिव ने एनपीटी के 11वें समीक्षा सम्मेलन में किसी ठोस नतीजे पर आम सहमति न बन पाने और दुनिया को सुरक्षित बनाने के बेहद अहम मौके को गंवा दिए जाने पर गहरी मायूसी जताई है। एनपीटी एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है, जिसका मकसद परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकना, परमाणु निरस्त्रीकरण को बढ़ावा देना और परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल का समर्थन करना है।

आईसीजी ने की कांगो शांति स्थापित करने की अपील

वाशिंगटन। ग्रेट लेक्स के लिए अंतर्राष्ट्रीय संपर्क समूह ने पूर्वी कांगो में जारी लड़ाई और क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके प्रभाव पर चिता व्यक्त की और शांति को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किए जा रहे हालिया राजनयिक प्रयासों का स्वागत किया। समूह ने कहा कि वह क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के नेतृत्व में चल रहे मध्यस्थता प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। समूह ने सभी पक्षों से आग्रह किया कि वे संघर्ष का स्थाई राजनीतिक समाद्धान प्राप्त करने के लिए हाल के समझौतों को आगे बढ़ाएं। बेल्जियम, डेनमार्क, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका से मिलकर बने इस समूह ने कहा कि वह पूर्वी कांगो में जारी हिसा और क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके प्रभाव को लेकर चिंतित है।

फिल्म स्वयंभू में दिखाई देगा विजुअल्स का महा धमाका

मुंबई। निखिल सिद्धार्थ स्टारर फिल्म स्वयंभू अपने भव्य विजुअल्स और ऐतिहासिक कहानी को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई है। 750 से अधिक सीजी आर्टिस्ट्स और 2700 से ज्यादा वीएफएक्स शॉट्स के साथ तैयार हो रही यह फिल्म दर्शकों को एक बड़े स्तर का सिनेमाई अनुभव देने का दावा कर रही है। चाहे टीजर हो या पहला ट्रैक रा रा धीवरा, स्वयंभू की हर एक झलक ने दर्शकों के दिलों को छुआ है।

सच्ची घटनाओं से प्रेरित और सेंगोल के इर्द-गिर्द केंद्रित, यह फिल्म भारत की वीरता और गौरव की समृद्ध विरासत को दोबारा जीवंत करती है, और अपनी भव्य रिलीज के लिए लगातार एक्साइटमेंट बढ़ा रही है। जब से स्वयंभू का टीजर रिलीज हुआ है, यह कार्तिकेय 2 की सफलता के बाद निखिल सिद्धार्थ की लाइनअप में सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक बनकर उभरी है। टीजर ने अपने भव्य पैमाने, समृद्ध ऐतिहासिक बैकड्रॉप, शानदार विजुअल्स और जबरदस्त एक्शन सीक्वेंसेज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

18 मिलियन से ज्यादा व्यूज पार करके, इसने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट को काफी बढ़ा दिया और इसके लार्जर-दैन-लाइफ सिनेमैटिक विजन के लिए काफी तारीफें बटोरीं। इस बढ़ते बज को और बढ़ाते हुए, फिल्म का पहला सिगल रा रा धीवरा भी एक सेंसेशन बन गया, जिसने यूट्यूब पर 13 मिलियन व्यूज हासिल किए, जिससे प्रोजेक्ट को लेकर उत्सुकता और भी ज्यादा बढ़ गई। इसी बीच, 'स्वयंभू' के मेकर्स ने अब सोशल मीडिया पर एक एक्साइटिंग बिहाइंड-द-सीन्स वीडियो शेयर किया है। वीडियो में निखिल सिद्धार्थ के साथ जाने-माने डीओपी सेंथिल कुमार फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन का काम संभाल रहे वीएफएक्स का खुद दौरा करते हुए दिख रहे हैं। आर्टिस्ट्स के साथ बारीकी से बातचीत करते, शॉट्स का रिव्यू करते और क्रिएटिव प्रोसेस को गाइड करते हुए देखा गया।

पेड्डी दे सकती है रामचरण के करियर को नई पहचान

मुंबई। अपने करियर के ज्यादातर हिस्से में राम चरण की स्टारडम उनकी भव्य और बड़े पैमाने की फिल्मों पर टिकी रही है। चिरूथा से लेकर मगधीरा की ऐतिहा. सिक सफलता तक, उन्हें हमेशा ऐसे स्टार के रूप में पेश किया गया जो बड़े कैनवास और ग्रैंड सिनेमा के लिए बने हैं। दमदार स्क्रीन प्रेजेंस, शानदार फिजिकलिटी और जबरदस्त मास अपील उनकी पहचान बन गई। राचा , नायक और एवडू जैसी फिल्मों ने उनकी इसी बड़े-हीरो वाली छवि को और मजबूत किया, जहां स्टाइल, स्वैग और बड़े-से-बड़ा हीरो. इज्म केंद्र में था।यहां तक कि जब राम चरण एक अभिनेता के तौर पर विकसित हुए, तब भी उनकी स्टार इमेज वैसी ही बनी रही।

ध्रुवा में उन्होंने शहरी दर्शकों को आकर्षित किया। ब्रुसली: द फाइटर में भी फोकस पूरी तरह स्टाइलिश हीरोइज्म पर ही रहा और फिर आरआरआर आरआरआर के जिरए उन्होंने अल्लूरी सीताराम राजू के किरदार में वैश्विक पहचान हासिल की। इस फिल्म ने उन्हें भारतीय सिनेमा का अंतर्राष्ट्रीय चेहरा बना दिया और उनकी लोकप्रियता स्थानीय सीमाओं से बहुत आगे निकल गई। शायद यही वजह है कि पेड्डी इतना दिलचस्प बदलाव महसूस होती है। बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही यह फिल्म, आरआरआर के बाद किसी और चमकदार पैन-इंडिया स्पेक्टेकल का रास्ता नहीं चुनती।

इसके बजाय राम चरण एक बिल्कुल अलग दिशा में जाते दिख रहे हैं - ऐसी दुनिया की ओर जो मिट्टी, पसीने, मेहनत और ग्रामीण पहचान से बनी है। फिल्म के प्रमोशनल मटेरियल में यह बदलाव साफ दिखाई देता है।राम चरण की पिछली फिल्मों वाली संतुलित और सलीकेदार बॉडी लैंग्वेज यहां गायब है। उसकी जगह एक ऐसा आदमी नजर आता है जिसके लंबे बाल हैं, आंखों में थकान है, चेहरे और शरीर पर संघर्ष के निशान हैं, और जिसकी चाल-ढाल में बरसों की मेहनत और दर्द महसूस होता है। यह किरदार किसी मजदूर, पहलवान या गांव के खिलाड़ी जैसा लगता है। सुकुमार की 2018 की ब्लॉकबस्टर फिल्म राम चरण के करियर में बड़ा मोड़ साबित हुई थी, क्योंकि उसने स्टार और दर्शकों के बीच की दूरी को तोड़ दिया था। वहां वह परफेक्ट नहीं थे, बल्कि भावुक, आवेगी और बेहद मानवीय थे। उस प्रदर्शन ने राम चरण के अंदर की वह संवे. दनशीलता दिखाई, जिसे दर्शकों ने पहले पूरी तरह महसूस नहीं किया था। सबसे अहम बात यह थी कि उस फिल्म ने साबित किया कि राम चरण की सबसे ताकतवर स्क्रीन प्रेजेंस तब उभरती है जब उनका किरदार जमीन से जुड़ा होता है, लेकिन रंगस्थलम की रंगीन नॉस्टैल्जिया वाली दुनिया के विपरीत, पेड्डी कहीं ज्यादा कठोर और भारी नजर आती है।

फिल्म की दुनिया स्थानीय खेल संस्कृति, मर्दाना स्वाभिमान, गांव की राजनीति और जीवित रहने की लड़ाई से संचालित होती दिखती है। इसका एक्शन हिसक, कीचड़ से भरा और बेहद रॉ है। यहां तक कि टीजर में दिखाए गए क्रिकेट सीक्वेंस भी राम चरण के अब तक के करियर में देखी गई किसी भी चीज से अलग लगते हैं। तेलुगु सिनेमा में पारंपरिक मेगा हीरो की छवि अक्सर एक दूरी पर टिकी होती है - जहां स्टार आम लोगों से ऊपर, सपनों जैसे और छू पाना मुश्किल लगते हैं। लेकिन लोकनायक अलग तरह से काम करते हैं। वे दर्शकों के अपने लगते हैं। उनकी लोकप्रियता इस बात से आती है कि लोग उनके भीतर अपने संघर्ष, गुस्से और सम्मान को महसूस कर पाते हैं और यही शायद पेड्डी राम चरण के साथ करने की कोशिश कर रही है।सालों तक एक बड़े स्टार की छवि निभाने के बाद, पेड्डी वह फिल्म बन सकती है जो राम चरण को सिर्फ सुपरस्टार नहीं, बल्कि ऐसा नायक बना दे जो थिएटर की फ्रंट रो में बैठने वाले आम लोगों का अपना लगे।

एक नजर

हूज योर गायनाक के अभिनेता कुणाल ठाकुर ने पुरुषों की मानसिक सेहत पर रखी बात

मुंबई। अभिनेता कुणाल ठाकुर इन दिनों हूज योर गायनाक में डा. अर्थ धमेचा के किरदार से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। इसके साथ ही वह पुरुषों की मानसिक सेहत और समाज में पुरुषों को अपनी भावनाएं दबाने की सीख देने वाली सोच पर भी खुलकर अपनी बात रख रहे हैं। अपने विचारों और बातचीत के जिरए कुणाल पुरुषों को मजबूत दिखने के दिखावे के बजाय अपनी भावनाओं को स्वीकारने और संवेदनशीलता को अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस विषय पर खुलकर बात करते हुए कुणाल ने कहा, ष्संवे. दनशील होना वास्तव में सबसे बड़ी ताकत है और मैं यह सिर्फ इसलिए नहीं कह रहा, क्योंकि मैं एक अभिनेता हूं, बल्कि इसलिए क्योंकि अभिनेता बनने के बाद मैंने समझा कि इंसान एक बेहतर व्यक्ति कैसे बन सकता है। लोगों की भावनाओं से कैसे सीखा जा सकता है, वे जीवन में कैसे आगे बढ़ना चाहते हैं, कौन-से सबक छोड़कर जाना चाहते हैं या क्या सीखकर आगे बढ़ना चाहते हैं।

बॉबी देओल की बंदर के ट्रेलर ने सिर्फ 48 घंटों में पार किए 10 मिलियन व्यूज

मुंबई। बॉबी देओल की फिल्म बंदर के ट्रेलर ने यूट्यूब पर रिलीज के सिर्फ 48 घंटों के भीतर एक करोड़ व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित और निखिल द्विवेदी द्वारा निर्मित इस ट्रेलर ने प्रदर्शन के ऐसे संकेत दिए हैं, जो इस श्रेणी के सामान्य स्तर से लगभग 6 गुना अधिक माने जा रहे हैं। खास बात यह है कि दर्शकों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है, जबकि आमतौर पर इतने बड़े स्तर पर यह रफ्तार समय के साथ धीमी पड़ जाती है। 21 मई को दोपहर 12:36 बजे जारी किए गए इस ट्रेलर ने अब तक दो लाख नौ हजार से अधिक वॉच आवर्स दर्ज किए हैं।

ऋचा और अली न्यूजीलैंड के पहले फिल्म फेस्टिवल की करेंगे शुरुआत

मुंबई। बॉलीवुड स्टार ऋचा चड्ढा और अली फजल जल्द ही न्यूजीलैंड में बॉलीवुड का रंग बिखेरते नजर आएंगे। दोनों दो जून 2026 को देश के पहले इंडियन फिल्म फेस्टिवल द इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ न्यूजीलैंड के आधिकारिक लॉन्च में शामिल होंगे। यह अभिनेता-निर्माता जोड़ी इस लॉन्च इवेंट की मुख्य आकर्षण होगी। इस मौके पर उनकी बतौर प्रोड्यूसर पहली फिल्म गर्ल्स विल बी गर्ल्स की खास स्क्रीनिंग भी रखी जाएगी। इस फिल्म को दुनियाभर के बड़े फिल्म फेस्टिवल्स जैसे सनडांस और इंडिपेंडेंट स्पिरिट अवॉर्ड्स में काफी सराहना मिल चुकी है। अक्टूबर 2026 में शुरू होने जा रहा द इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ न्यूजीलैंड, न्यूजीलैंड का पहला समर्पित इंडियन फिल्म फेस्टिवल होगा। इसकी स्थापना पेट्रीना डी' रोजारियो ने की है। इस फेस्टिवल का उद्देश्य भारतीय सिनेमा का जश्न मनाने के साथ-साथ भारत और न्यूजीलैंड के बीच रचनात्मक संबंधों को और मजबूत बनाना है। इस लॉन्च इवेंट में सबसे ज्यादा चर्चा ऋचा और अली की मौजूदगी को लेकर है, क्योंकि दोनों अपनी दमदार पहचान और विश्वसनीयता के लिए जाने जाते हैं। मेनस्ट्रीम फिल्मों के साथ-साथ अर्थपूर्ण और स्वतंत्र सिनेमा को समर्थन देने के लिए मशहूर यह जोड़ी, अभिनेता और निर्माता दोनों रूपों में हमेशा नए और वैश्विक कहानियों को आगे बढ़ाती रही है।

पुलकित सम्राट ने ग्लोरी के सेट से शेयर की वीडियो

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता पुल्कित सम्राट ने हाल ही में अपनी हालिया रिलीज सीरीज ग्लोरी के सेट से एक बिहाइंड-द-सीन्स (बीटीएस) वीडियो शेयर किया है, जिसमें फैंस को उनके दमदार ट्रेनिंग सीक्वेंस की झलक देखने को मिल रही है। इस रील में पुल. कत एक इंटेंस ट्रेनिंग रूटीन करते नजर आ रहे हैं, जहां वह एक शॉट के लिए भारी टायर्स को बार-बार उठाकर जमीन पर पटकते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में मज़ेदार ट्विस्ट जोड़ते हुए अभिनेता ने क्लिप पर लिखा, क्या आप टायर्स के नम्बर्स बता सकते हैं? सिर्फ गलत जवाब। हालांकि पुलकित ने कैप्शन में हेटर्स पर तंज करते हुए भी मजाकिया अंदाज में लिखा, हेटर्स कहेंगे कि ए एआई है। इसी के साथ उन्होंने हैशटैग ग्लोरी और बीटीएस लिखा है। फिलहाल इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है। ऐसे में एक तरफ जहां फैंस पुलकित की हाई-एनर्जी परफॉर्मेंस और उनके फनी कैप्शन पर जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

द वायरल फीवर के सपने वर्सेज एवरीवन 2 ने आईएमडीबी पर हासिल किया नंबर 1 स्थान

मुंबई। द वायरल फीवर के शो सपने वर्सेज एवरीवन 2 ने आईएमडीबी पर नंबर 1 स्थान हासिल किया है। द वायरल फीवर ने पिछले कुछ वर्षों में खुद को भारत के सबसे सम्मानित प्रोडक्शन हाउस में से एक के रूप में स्थापित किया है। द वायरल फीवर ने सालों से मिडिल क्लास की रोजमर्रा की जिदगी को बेहद प्रामाणिक तरीके से दिखाने में महारत हासिल की है, ऐसे किरदार और पल रचे हैं जिनसे दर्शक तुरंत जुड़ जाते हैं। हालांकि सपने वर्सेज एवरीवन का दूसरा सीजन अभी हाल ही में प्रीमियर हुआ है, लेकिन दर्शक इसे खूब पसंद कर रहे हैं और यह अब आईएमडीबी की पॉपुलर इंडियन टीवी सीरीज की लिस्ट में पहले स्थान पर पहुंच गया है। क्रिएटर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए सपने वर्सेज एवरीवन 2 के आईएमडीबी की पॉपुलर इंडियन टीवी शोज की लिस्ट में नंबर 1 रैंक हासिल करने की इस उपलब्धि का जश्न मनाया। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, सपने देखने वालों द्वारा बनाई गई एक कहानी, जिसे हर किसी ने सराहा।

कांस 2026 सफायर ब्लू गाउन में पहुंचीं ऐश्वर्या

कांस। कांस फिल्म फेस्टिवल से ऐश्वर्या राय बच्चन के ग्लैमरस लुक लगातार सामने आ रहे हैं। ऐश्वर्या ने कांस रेड कार्पेट पर अमित अग्रवाल का डिजाइनर सफायर गाउन पहना। उनके साथ बेटी आराध्या भी कांस पहुंची हैं, जिन्होंने अन ऑफिशियली कांस में ग्लैमरस लुक में डेब्यू किया है।

ऐश्वर्या राय ने साल 2002 में कांस में डेब्यू किया था। इसके बाद से ही वो लगातार कांस में मौजूद रहती हैं। बीते साल ऐश्वर्या ने मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन की गई सफेद-गोल्डन साड़ी पहनी थी। रेड डायमंड जूलरी और सिंदूर के साथ ऐश्वर्या बेहद खूबसूरत दिखीं। उनका ट्रेडिशनल लुक काफी चर्चा में रहा था। कांस के दूसरे लुक में ऐश्वर्या राय ने गौरव गुप्ता के कलेक्शन की ब्लैक सिक्वल गाउन के साथ ट्रेल कैरी की थी। खुले बालों और मिनिमल जूलरी में एक्ट्रेस बेहद ग्लैमरस लगी थीं।